3 | राजधानी
चार नए अस्पतालों की मिलेगी सौगात

6 | अभिमत
प्रगति के पथ पर अग्रसर उत्तर प्रदेश

9 | राष्ट्रीय
असम और मेघालय सीमा समझौता रद करने की मांग

12 | स्पोर्ट्स
नीरज चोपड़ा राष्ट्रमंडल खेलों से हटे



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 258
नई दिल्ली, बुधवार, 27 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




कनाडा के स्कूलों में हुए अत्याचारों के लिए माफी मांगी

विदेश-10

# रास में विपक्ष के 19 सांसद पूरे सत्र के लिए निलंबित

**संसद सत्र**

● महंगाई और जीएसटी के मुद्दे पर नहीं टूट रहा पक्ष-विपक्ष में गतिरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**महंगाई** एवं कुछ आवश्यक पदार्थों पर माल और सेवा कर (जीएसटी) लगाए जाने सहित विभिन्न मुद्दों पर संसद में गतिरोध टूट नहीं रहा है। विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण मंगलवार को भी उच्च सदन में भारी हंगामा हुआ और आसन के समक्ष आकर नारेबाजी कर रहे 19 विपक्षी सदस्यों को शुक्रवार तक के लिए निलंबित कर दिया गया। विवाद उस समय गहरा गया जब निलंबित सांसदों ने बाहर जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। सरकार और विपक्ष में बात नहीं बनने से अब पूरा मानसून सत्र हंगामे की भेंट चढ़ने की आशंका बढ़ गई है।

निलंबित सदस्यों में सात तृणमूल कांग्रेस के छह द्रमुक के, तीन तेलंगाना राष्ट्र समिति के, दो मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के और एक सदस्य भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के हैं। यह पहली बार है जब इतनी बड़ी संख्या में सांसदों को सदन से पूरे सत्र के लिए निलंबित किया गया है। इससे पहले बीते नवंबर में विपक्ष के 12 सदस्यों को हंगामा करने के चलते निलंबित किया गया था। अभी बीते सोमवार को ही लोकसभा से कांग्रेस के सांसद मनिकम टैगोर, टीएन प्रतापन, जोथिमणि एवं राम्या हरिदास को महंगाई और जीएसटी के मुद्दे पर हंगामा करने के चलते निलंबित कर दिया गया था। राज्यसभा में पूर्वाह्न 11 बजे सदन की बैठक शुरू होने के दस मिनट के भीतर ही कार्यवाही दोपहर बारह बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। सभापति एम वेंकैया नायडू ने सदन को बताया कि कई सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर नियम 267 के तहत नियत कामकाज स्थगित कर तत्काल चर्चा कराने के लिए नोटिस दिए हैं, लेकिन उन्होंने सभी नोटिस को अस्वीकार कर दिया है।

इसके बाद विपक्षी सदस्यों ने हंगामा आरंभ कर दिया। सभापति ने सदस्यों से कार्यवाही चलने देने की अपील की। उन्होंने हंगामा कर रहे सदस्यों से कहा क्या आप कुछ भी नहीं सुनना चाहते? सदस्यों को शांत करवाने की अपील का असर न होते देख उन्होंने सदन की कार्यवाही 11 बज कर छह मिनट पर दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इस वजह से सदन में शून्यकाल नहीं हो पाया। दोपहर बारह बजे बैठक शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों ने अपनी मांग को लेकर पुन: हंगामा शुरू कर दिया और कुछ सदस्य आसन के समक्ष आ गए। हंगामे और नारेबाजी के बीच ही उपसभापति हरिवंश ने प्रश्नकाल चलाया। हालांकि इस दौरान भी कार्यवाही 15 मिनट के लिए बाधित हुई। प्रश्नकाल समाप्त होते ही हरिवंश ने सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोपहर दो बजे जब उच्च सदन की बैठक शुरू हुई तो उपसभापति हरिवंश ने सामूहिक संहार के आयुध (शेष पेज 8)




संसद परिसर में मंगलवार को महंगाई को लेकर प्रदर्शन करते तृणमूल कांग्रेस के सांसद

## भारी मन से निलंबन का फैसला लियाः भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** की सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को कहा कि 19 विपक्षी सदस्यों को राज्यसभा से निलंबित करने का फैसला भारी मन से लिया गया, क्योंकि उन्होंने सदन चलने देने के लिए आसन की ओर से लगातार की गई अपील को नजरअंदाज किया और अन्य सदस्यों के अधिकारों का हनन किया। राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने दावा किया कि सरकार नहीं, विपक्षी दल संसद में चर्चा करने से भाग रहे हैं। एक बार वित्त मंत्री कोविड-19 संक्रमण से पूरी तरह स्वस्थ होकर संसद आ जाएं तो सरकार महंगाई के मुद्दे पर चर्चा करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि जीएसटी परिषद की जिस बैठक में कर लगाने का फैसला हुआ था, उसमें कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और वामपंथी दलों सहित अन्य विपक्षी दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

## लोकतंत्र को निलंबित कर दिया गयाः विपक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राज्यसभा** में विपक्षी सदस्यों के निलंबन को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि उसने संसद को अंधा कुआं बना दिया है। तृणमूल नेता डेरेक ओ ब्रायन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भारत में लोकतंत्र को निलंबित कर दिया गया है। उच्च सदन में तृणमूल के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी संसद से भयभीत हैं। मैं उनसे संसद में आकर एक सवाल का जवाब देने के लिए कहता हूं। विपक्षी सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस ने भी सरकार पर कड़ा प्रहार किया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों के निलंबन से यह पूरी तरह स्पष्ट है कि मोदी सरकार विपक्ष को उन असली, महत्वपूर्ण मुद्दों को संसद में नहीं उठाने देना चाहती जिनका सामना हमारे देश के लोग कर रहे हैं।

# आर्थिक गलियारे पर पाक-चीन की नई चाल, भारत का कड़ा ऐतराज

● दोनों देशों ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से गुजर रही परियोजना में तीसरे देश से निवेश को दी हरी झंडी

● भारत ने बताया अवैध, कहा- अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पाकिस्तान** अधिकृत कश्मीर (पीओके) से गुजरने वाले आर्थिक गलियारे में निवेश के लिए तीसरे देश को आमंत्रित करने की नई चाल चली गई है। भारत ने चीन और पाकिस्तान के इस फैसले का मंगलवार को कड़ा विरोध किया है और इसे अवैध करार दिया। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) पर तीखे शब्दों में विरोध जताते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हमने तथाकथित सीपीईसी परियोजना में तीसरे देश की प्रस्तावित भागीदारी संबंधी रिपोर्ट देखी है।

किसी भी पक्ष द्वारा इस तरह की कोई भी कार्रवाई सीधे तौर पर भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करती है। कड़ा रुख अख्तियार करते हुए बागची ने कहा कि भारत तथाकथित सीपीईसी में परियोजनाओं का दृढ़ता से लगातार विरोध करेगा, जो कि भारतीय क्षेत्र में है और इस पर पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। इस तरह की गतिविधियां स्वाभाविक रूप से अवैध, नाजायज और अस्वीकार्य हैं। यदि यह नहीं रुका तो भारत द्वारा उसी के अनुसार आगे कदम उठाया जाएगा। भारत की ओर से यह प्रतिक्रिया अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समन्वय पर सीपीईसी संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की 21 जुलाई की बैठक के बाद आई है। इस बैठक में पाकिस्तान और चीन ने प्रमुख सीपीईसी परियोजना में इच्छुक अन्य देशों की भागीदारी का फैसला लिया।

सीपीईसी को 2013 में पाकिस्तान के सड़क, रेल और ऊर्जा परिवहन बुनियादी ढांचे में सुधार के अलावा ग्वादर के अपने गहरे समुद्री बंदरगाह को चीन के शिनजियांग प्रांत से जोड़ने के लिए लॉन्च किया गया था। सीपीईसी चीन की महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का हिस्सा है। पाकिस्तान के विदेश सचिव सोहेल महमूद और (शेष पेज 8)

# एलजी के निर्देश पर एमसीडी के छह अधिकारी निलंबित

● काम में लापरवाही व पद के दुरुपयोग के कारण हुई कार्रवाई

● सीबीआई को एक उप-पंजीयक पर भी मुकदमा चलाने की अनुमति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उपराज्यपाल** विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली नगर निगम के छह अधिकारियों पर काम में लापरवाही और पद के दुरुपयोग के मामले में सख्त कार्रवाई की है। एलजी के निर्देश पर निगम आयुक्त ने छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया है जिनमें अधीक्षक अभियंता, ए.एस. यादव, प्रशासक अधिकारी मनीष कुमार, उप लेखा नियंत्रक अंजू भूटानी, क्षेत्रीय निरीक्षक विजय कुमार, कनिष्ठ अभियंता (नरेला), सांख्य मिश्रा और सहायक अभियंता (नरेला), श्रीनिवास का नाम शामिल है।

इसके अलावा करोल बाग में अनधिकृत निर्माण को कथित रूप से नियमित करने के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो को एक उप-पंजीयक राज पाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की भी अनुमति दी। राजनिवास कार्यालय के सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली सरकार और दिल्ली विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतों पर तथ्यों के आधार पर फैसला किया जा रहा है। श्रीनिवास और मिश्रा को एक अनधिकृत गोदाम के निर्माण को रोकने में नाकाम रहने के लिए निलंबित किया गया है।

अलीपुर के बकौली गांव में स्थित इस निर्माणाधीन गोदाम के ढहने से पांच लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य जख्मी हो गए थे। पेंशन प्रकरणों की मंजूरी से संबंधित मामलों में बैंकों के साथ कार्रवाई नहीं करने के लिए भूटानी को निलंबित किया गया है। यादव को भलस्वा में लैंडफिल स्थल की सफाई में आर्थिक अनियमितता के मामले में निलंबित किया गया है जबकि मनीष कुमार और विजय (शेष पेज 8)

# ईडी ने सोनिया से छह घंटे तक पूछताछ की, आज फिर बुलाया

**धनशोधन मामला**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र से जुड़े कथित धनशोधन मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से दूसरी बार छह घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की। ईडी ने मामले में आगे की पूछताछ के लिए कल (बुधवार) फिर बुलाया है। सोनिया करीब ढाई घंटे चली पूछताछ के बाद दोपहर के भोजन के लिए ईडी के कार्यालय से बाहर निकलीं और उसके बाद फिर कार्यालय पहुंची।

सोनिया जेड प्लस सुरक्षा घेरे में अपने बेटे राहुल गांधी और बेटी प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ पूर्वाह्न करीब 11 बजे मध्य दिल्ली में एपीजे अब्दुल कलाम रोड पर विद्युत लेन में स्थित संघीय एजेंसी के कार्यालय पहुंची थीं। प्रियंका ईडी के कार्यालय में ही रुकी रहीं, वहीं राहुल तुरंत वहां से निकल गए। राहुल ने राष्ट्रपति भवन के पास विजय चौक पर प्रदर्शन का नेतृत्व किया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष दोपहर (शेष पेज 8)

## कांग्रेस का प्रदर्शन, राहुल गांधी समेत कई को हिरासत में लिया



सोनिया गांधी से पूछताछ के विरोध में सड़क पर ही धरना देने बैठ गए राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं एवं सांसदों ने सोनिया गांधी से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की पूछताछ के खिलाफ मंगलवार को प्रदर्शन किया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। वहीं नागपुर में नाराज युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शहर में एक कार में आग लगा दी। मुख्य विपक्षी दल ने ईडी की कार्रवाई को राजनीतिक द्वेष (शेष पेज 8)

# मुफ्त की रेवड़ियों पर सुप्रीम कोर्ट की केंद्र को नसीहत

● सर्वोच्च न्यायालय ने चुनावों के दौरान तर्कहीन मुफ्त उपहारों के वादे को गंभीर मुद्दा बताया

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा किए जाने वाले तर्कहीन मुफ्त उपहारों के वादे को गंभीर करार देते हुए मंगलवार को आश्चर्य जताया कि केंद्र इस मुद्दे पर कोई रुख अपनाने से क्यों हिचकिचा रहा है। अदालत ने केंद्र से यह भी पूछा कि क्या निर्वाचन आयोग के यह कहे जाने के बाद कि वह इस पर राजनीतिक दलों को नियंत्रित नहीं कर सकता, क्या इस मुद्दे से निपटने के लिए वित्त आयोग की राय मांगी जा सकती है।

प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन वी रमण, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने कहा, आप यह क्यों नहीं कहते कि आपका इससे कोई लेना-देना नहीं है और निर्वाचन आयोग को फैसला करना है। मेरा सवाल है कि भारत सरकार इसे गंभीर मुद्दा मान रही है या नहीं? न्यायमूर्ति एन वी रमण ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम नटराज से कहा, आप कोई रुख अपनाने से क्यों हिचकिचा रहे हैं? आप कोई रुख अपनाएं और फिर हम तय करेंगे कि इन मुफ्त सुविधाओं को जारी रखा जाना है या नहीं।

आप एक विस्तृत जवाबी (हलफनामा) दायर करें। पीठ चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों की ओर से मुफ्त उपहारों का वादा करने के चलन के खिलाफ एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता चाहता है कि निर्वाचन आयोग ऐसे दलों के चुनाव चिह्नों को जब्त करने और उनका पंजीकरण रद्द करने के लिए अपनी (शेष पेज 8)

# गाजियाबाद में सड़क हादसों में पांच कांवड़ियों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**गाजियाबाद** जिले में अलग-अलग हादसे में पांच कांवड़ियों की मौत हो गई। चार कांवड़ियों की मौत सड़क हादसे में और एक कांवड़िए की मौत करंट लगने से हुई। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) इराज राजा ने बताया कि मसूरी थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात दो बजे दिल्ली जाने वाले रास्ते पर वेव सिटी गेट से कुछ पहले दो कांवड़ियों की मोटर साइकिल आपस में टकराने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में तीन कांवड़ियों राहुल (26), जमशेद (23) तथा प्रिंस (24) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि ये कांवड़िये डासना से दिल्ली जा रहे थे। उनके परिजन को दुर्घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है। राजा ने बताया कि दूसरी दुर्घटना मंगलवार सुबह छह बजे कवि नगर थाना क्षेत्र स्थित बम्हेटा पुलिया के पास हुई। हरिद्वार से दिल्ली जा रहे कांवड़िए अजीत (20) की स्कूटी डिवाइडर से टकरा गई। उसे तुरंत अस्पताल (शेष पेज 8)

**बाजार**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 55,268 | ↓ | 497 | |
| निफ्टी | 16,483 | ↓ | 147 | |
| सोना | 51,192 | ↓ | 28 | /10g |
| चांदी | 55,297 | ↓ | 203 | /kg |

**क्विक न्यूज**

### निर्वस्त्र चित्र को लेकर अभिनेता रणवीर सिंह पर प्राथमिकी दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की सोशल मीडिया पर जारी की गई निर्वस्त्र तस्वीरों को लेकर उनके खिलाफ मंगलवार को एक प्राथमिकी दर्ज की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुंबई स्थित एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) ने अभिनेता के खिलाफ यहां चेंबूर पुलिस से शिकायत की थी। चेंबूर थाने के एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 292 (अश्लील किताबो आदि की बिक्री), 293 (युवाओं को अश्लील सामग्री की बिक्री), 509 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्द कहना, इशारा करना या किसी कृत्य को अंजाम देना) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की है।

# 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी के पहले दिन 1.45 लाख करोड़ की बोलियां मिलीं

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश** में पांचवीं पीढ़ी (5जी) के स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए मंगलवार को पहले दिन 1.45 लाख करोड़ रुपए की बोलियां आईं। नीलामी बुधवार को भी जारी रहेगी। मुकेश अंबानी, सुनील भारती मित्तल और गौतम अडाणी की कंपनियों ने रेडियो तरंगों की अबतक की सबसे बड़ी नीलामी के लिए बोली लगाई।

सभी चारों आवेदनकर्ता अंबानी की रिलायंस जियो, मित्तल की भारती एयरटेल, वोडाफोन-आइडिया और अडाणी समूह की कंपनी ने 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी में भाग लिया। स्पेक्ट्रम 14 अगस्त तक आवंटित करने का लक्ष्य है जबकि 5जी सेवाएं साल के अंत तक कई शहरों में शुरू होने की उम्मीद है। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि 700 मेगाहर्ट्ज बैंड में भी बोलियां प्राप्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को बोली के पहले दिन 1.45 लाख करोड़ रुपए की बोलियां मिली। यह उम्मीद से कहीं अधिक और 2015 के रिकॉर्ड को पार कर गया है। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, नीलामी के दौरान यह पता नहीं चलेगा कि किस कंपनी ने कितना स्पेक्ट्रम हासिल किया है। पहले दिन चार दौर की नीलामी हुई है। मध्यम और उच्च बैंड में कंपनियों की रुचि अधिक रही।

कंपनियों ने 3300 मेगाहर्ट्ज और 26 गीगाहर्ट्ज बैंड में मजबूती से बोलियां रखीं। दूरसंचार मंत्री के अनुसार, बोली में शामिल चारों कंपनियों की भागीदारी मजबूत है। उन्होंने कहा कि नीलामी को लेकर कंपनियों की जो प्रतिक्रिया है, उससे लगता है कि वे कठिन समय से बाहर निकल आई हैं। वैष्णव ने कहा कि सरकार स्पेक्ट्रम रिकॉर्ड समय में आवंटित करेगी (शेष पेज 8)

# सेना को मिलेंगे आधुनिक राइफल, बुलेट फ्रूफ जैकेट व ड्रोन

● रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में डीएसी ने दी 28,732 करोड़ के रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** की सीमा पर तैनात अग्रिम पंक्ति के सैनिकों को आधुनिक हथियार और सुरक्षा उपकरण से लैस कराने की दिशा में रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को राइफल, बुलेट फ्रूफ जैकेट और ड्रोन के लिए 28,732 करोड़ रुपये के खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी है।

लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पिछले दो वर्षों से जारी तनाव के बीच पश्चिम में लद्दाख से पूर्व में अरुणाचल प्रदेश तक 4,000 किलोमीटर लंबी सीमा पर तैनात सैनिकों के लिए रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने चार लाख स्वचालित राइफलें खरीदने की मंजूरी दी है। देश की 750 किलोमीटर लंबी नियंत्रण रेखा (एलओसी) की रखवाली करने वाले सैनिकों को भी इन राइफलों से लैस किया जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई डीएसी ने सशस्त्र ड्रोन की खरीद को भी हरी झंडी दी। सशस्त्र बलों की अनुमानित आवश्यकताओं को मंजूरी देने के लिए डीएसी शीर्ष निकाय है। अधिकारियों ने कहा कि खरीद का मुख्य फोकस आत्मनिर्भरता पर था जिसमें अधिकांश हथियार भारत में विकसित और निर्मित हों जो भारतीय श्रेणी के तहत आएंगे, जिससे आत्मनिर्भरता को और बढ़ावा मिलेगा।

जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तैनात भारतीय सैनिकों को दुश्मन के स्नाइपर्स के खतरे से बचाने और सुरक्षा की मांग को ध्यान में रखते हुए, आतंकवाद विरोधी हालात में आमने सामने के युद्धों में, डीएसी ने भारतीय मानक बीआईएस-5 स्तर की सुरक्षा वाले बुलेट फ्रूफ जैकेट के लिए मंजूरी दी है। एलएसी और एलओसी सहित अन्य सीमाओं पर पारंपरिक और आधुनिक युद्ध में आतंकवाद और मौजूदा कठिन परिस्थितियों में मुकाबला करने के लिए, डीएसी ने चार लाख क्लोज क्वार्टर बैटल कार्बाइन को शामिल करने को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि यह भारत में छोटे हथियार निर्माण उद्योग को एक बड़ा प्रोत्साहन प्रदान करने और छोटे हथियारों में आत्मनिर्भरता की तरफ कदम बढ़ाने (शेष पेज 8)



कारगिल विजय दिवस पर जम्मू के बलिदान स्तंभ पर बलिदानी जवानों को श्रद्धांजलि देते सैनिक

# शिवरात्रि : शिवालयों में हर-हर महादेव की गूंज

## नोएडा, ग्रेनो, दादरी, दनकौर तथा जेवर के मंदिरों में जलाभिषेक के लिए लगी लंबी-लंबी कतारें



● सुबह से ही लोगों का जलाभिषेक के लिए तांता लगा रहा

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

शिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिवालयों पर अलसुबह से ही श्रद्धालुओं तथा कांवडियों का तांता लगा रहा। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दादरी, दनकौर तथा जेवर में हर गांव तथा सेक्टरों में स्थित शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए लम्बी-लम्बी कतारें लगी रहीं।

सेक्टर-19 स्थित सनातन धर्म मंदिर में सुबह से ही लोगों का जलाभिषेक के लिए तांता लगा रहा। वहीं रूद्राभिषेक भी शुरू हुआ। इसके अलावा सेक्टर-56 में लक्ष्मी नारायण मंदिर, सेक्टर-2 में लाल बाबा मंदिर, सेक्टर.12 में कलरिया बाबा मंदिर, सेक्टर-20 के हनुमान मंदिर, सेक्टर.41 के प्राचीन शिव काली मंदिर, सेक्टर-53 में भगवती काली मंदिर, सेक्टर-14ए में शनि मंदिर समेत नोएडा के विभिन्न सेक्टरों व गांवों में सैकड़ों मंदिरों में सुबह से ही जलाभिषेक व पूजन के लिए लोगों की लंबी-लंबी लाइनें देखी गईं। कांवड़ियों के लिए सेक्टर-14ए के अलावा विभिन्न प्रमुख मंदिरों में उनके रहने व आराम करने के लिए पंडाल बनाये गये हैं।

जहां हर तरह की सुविधाएं मुहैया करायी गयी हैं। ग्रेटर नोएडा, दादरी, जेवर तथा दनकौर में भी मंदिरों में लोगों की भीड़ देखी गई।

इस दौरान बच्चे, वृद्ध महिलाओं की मंदिरों पर जलाभिषेक की लंबी-लंबी कतारें देखी गईं। बोल बम के जयकारों के बीच शिवभक्त जलाभिषेक कर रहे थे। सावन की शिवरात्रि पर मंदिरों में काफी भीड़ देखी गई। इस दौरान शिवभक्तों में उत्साह देखाा गया और पूरा वातावरण देखने को बनता था।

## आठों पहर होगा भगवान दूधेश्वर का विशेष पूजन

● अलग-अलग खाद्य पदार्थों से भगवान को स्नान करा रूद्राभिषेक किया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



कांवड़ यात्रा अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। हजारों की संख्या में शिवभक्त कांवड़िये जस्सीपुरा मोड़ स्थित दूधेश्वरनाथ मंदिर में लगातार जलाभिषेक कर रहे हैं। जिन कांवड़ियों ने हाजिरी का जल अर्पण कर दिया है वे मंदिर के आसपास बने आधार शिविरों में आराम कर रहे हैं। चतुर्दशी का जलाभिषेक मंगलवार की रात से आरंभ होगा और चतुर्दशी काल में भगवान दूधेश्वर का विशेष पूजन किया जाएगा।

आठ पहर में अलग-अलग खाद्य पदार्थों से भगवान को स्नान करा रूद्राभिषेक होगा और जलाभिषेक किया जाएगा। दूधेश्वरनाथ वेद विद्यापीठ के आचार्य लक्ष्मीकांत पाठी ने बताया कि भगवान दूधेश्वर की चतुर्दर्शी में हर पहर अलग.अलग तरह से पूजन किया जाता है और हर पहर का पूजन विशेष माना जाता है।

पहले पहर की पूजा में भगवान दूधेश्वर का दूध से स्नान कराया जाता है। इसके उपरांत भगवान का श्रृंगाार किया जाता है और रद्राभिषेक के बाद जलाभिषेक किया जाता है। दूसरे पहर की पूजा में दही से शिवलिंग को स्नान कराया जाता है। वेद मंत्रोच्चार के साथ ही दही से स्नान के बाद विशेष फूलों से भगवानों का श्रृंगार कर रद्राभिषेक होता है। तीसरे पहर में गाय के दूध से बने देशी घी से फिर से भगवान का स्नान कर रूद्राभिषेक से किया जाता है। चौथे पहर में भगवान को शहद, पांचवे पहर में बूरा, छठे पहर में भस्म, सातवें पहर में गन्ने का रस और आठवें पहर में पंचामृत से भगवान दूधेश्वर का स्नान कर जलाभिषेक किया जाता है। आचार्य लक्ष्मीकांत पाठी ने बताया कि हर पहर की पूजा में करीब दो घंटे का समय लगता है। ऐसे में एक ओर शिवलिंग पर लगातार जलाभिषेक शिवभक्तों द्वारा किया जाता है वहीं, दूसरी तरफ प्रतीकात्मक शिवलिंग का आठों पहर का पूजन किया जाता है।

### मंदिरों में भी सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गए

**गाजियाबाद।** कांवड़ियों व शिवभक्तों के अथाह समूह को सुविधापूर्वक एवं संपूर्ण सुरक्षित माहौल में जलाभिषेक करवाने के लिये दुधेश्वरनाथ मंदिर को छावनी के रूप में तब्दील कर दिया गया। साथ ही अन्य शिवालायों व मंदिरों में भी सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गए। इसके अलावा एसएसपी मुनिराज, एसपी सिटी प्रथम निपुण अग्रवाल, एसपी क्राइम दीक्षा शर्मा, सीओ फर्स्ट स्वतंत्र देव सिंह आदि ने दुधेश्वरनाथ मंदिर के अलावा अन्य अर्वाचीन व धार्मिक रूप से प्रसिद्ध शिवालयों की सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से व्यवस्थित करने में अपनी अहम भूमिका निभाई। दूसरी ओर टीएचए के शिवालयों में जलाभिषेक करवाने और कांवडियों को सकुशल उनके गंतव्यों तक पर पहुंचाने की जिम्मदारी एसपी सिटी द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह, सीओ साहिबाबाद एएसपी अभिजीथ आर शंकर और सीओ अभय मिश्रा ने निभाई।

### सेवा शिविर का मेयर नगर आयुक्त ने किया समापन

**गाजियाबाद।** साईं उपवन मंदिर में कई दिनों से चल रहे साईं बाबा मंदिर के पास निगम के कांवड़ सेवा शिविर का समापन हो गया।

मेयर आशा शर्मा और नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने मंदिर में साईं बाबा को भोग लगाकर भंडारे के समापन की रस्म अदा की। निगम का कहना है कि भले ही कांवड़ सेवा शिविर का समापन हो गया हो मगर जब तक कांवड़िए यहां ठहरना चाहे वह यहां रह सकते हैं और उनके खाने पीने का पूरा नगर निगम ख्याल रखेगा।

## संक्षिप्त समाचार



कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते विधायक पंकज सिंह।

### पॉलिथीन रोकने के लिए मिला व्यापारियों का साथ

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल रोकने को व्यापारी संगठनों ने भी प्राधिकरण के साथ कदमताल मिलाया है। सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने और ग्रेटर नोएडा को प्लास्टिक मुक्त बनाने में प्राधिकरण को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया है। प्राधिकरण ने व्यापारियों से कहा है कि 120 माइक्रोन से अधिक मोटाई वाली पॉलिथीन ही खरीदें और वह कितने माइक्रोन की है, इसे बिल पर भी अंकित करें। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह के निर्देश पर प्राधिकरण की तरफ से ऑडिटोरियम में व्यापारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें ग्रेटर नोएडा और आसपास के तमाम व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

### सांसद ने किया सामुदायिक केन्द्र का शिलान्यास

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर के सांसद तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा महेश शर्मा तथा नोएडा के विधायक पंकज सिंह ने सेक्टर-63ए में सामुदायिक केन्द्र का शिलान्यास किया। इस सामुदायिक के निर्माण में करीब 3.52 करोड़ की लागत आएगी। नोएडा प्राधिकरण के प्रधान महाप्रबंधक राजीव त्यागी, भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महामंत्री चंदगीराम यादव, डिम्पल आनंद, करतार सिंह चौहान, भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष ओमवीर अवाना, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली समेत कई सेक्टरवासी, भाजपा के कार्यकर्ता व प्राधिकरण के कर्मचारी मौजूद थे। बता दें कि यह सामुदायिक केन्द्र 1900 वर्ग मीटर में बनाया जा रहा है। जिसमें भूतल व प्रथम तल पर 450.450 वर्ग मीटर का निर्माण कराया जाएगा।

### बेटी के इलाज के लिए सीएम को लिखा पत्र

**नोएडा।** बुलंदशहर की रहने वाली महिला ने सीएम योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है। महिला की बेटी ग्रेटर नोएडा के प्राइवेट अस्पताल में 50 दिनों से भर्ती है। परिजन इलाज के लिए अब तक कर्ज लेकर 20 लाख रुपए दे चुके हैं। आगे के इलाज के लिए उनके पास रुपए नहीं है। ऐसे में उन्होंने सीएम योगी को पत्र लिखकर मदद मांगी है। दरअसल, 6 जून को बुलंदशहर की रहने वाली 18 साल की माही का स्कूल जाते समय एक्सीडेंट हो गया था। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसको बुलंदशहर के प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे ग्रेटर नोएडा रेफर कर दिया गया। परिजनों ने माही को ग्रेटर नोएडा के यथार्थ हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया। परिजनों का आरोप है कि हॉस्पिटल प्रशासन ने आयुष्मान कार्ड से इलाज देने से इनकार कर दिया। माही के पिता ड्राइवर हैं। एक तरफ बेटी वेंटिलेटर पर थी तो वहीं दूसरी तरफ आयुष्मान कार्ड नहीं चल रहा था।


**PUBLIC NOTICE**

The general Public hereby informed that my client, Shubham Jain S/o Sh. Parveen Kumar Jain R/o 247, Second Floor, Gujranwala Town 3rd, Delhi-110009, have decided to severe all the relations with his father Mr. Parveen Kumar Jain alongwith his other family i.e., wife and other children from all their moveable and immoveable properties due to their quarrelsome character and bad behaviour towards my client. My client shall not be at all responsible of any act done by them in what so manner in future.

**NAZIA PARVEEN**(Advocate)
18, Hargovind Enclave,
Bhartendu Harish Chandra Marg, ND-110092
Mobile: 9278693021

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नमोकार नर्सिंग होम, बी-1/467-70, सुल्तानपुरी, नई दिल्ली-110041 संगठन दस्तावेज प्रतिधारण नीति के अनुसार वर्ष 2012 से 2017 के सभी इनपेशेंट और आउट पेशेंट रिकॉर्ड को नष्ट करने जा रहा हैं। यदि इस अवधि का कोई मरीज अपने आईपी या ओपी मेडिकल रिकॉर्ड की कॉपी चाहता है। कृपया इस विज्ञापन के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर 9278600652 पर कॉल करें या अस्पताल में सम्पर्क करें।

**PUBLIC NOTICE**

The general Public hereby informed that my client, Vaibhav Jain S/o Sh. Parveen Kumar Jain R/o 247, Second Floor, Gujranwala Town 3rd, Delhi-110009, have decided to severe all the relations with his father Mr. Parveen Kumar Jain alongwith his other family i.e., wife and other children from all their moveable and immoveable properties due to their quarrelsome character and bad behaviour towards my client. My client shall not be at all responsible of any act done by them in what so manner in future.

**NAZIA PARVEEN**(Advocate)
18, Hargovind Enclave,
Bhartendu Harish Chandra Marg, ND-110092
Mobile: 9278693021

**OK PLAY ओके प्ले इंडिया लिमिटेड**

सीआईएन : एल28219एचआर1988पीएलसी030347
पंजी. कार्यालय : 17-18, रोज-का-मेयो इंडस्ट्रियल एस्टेट, तहसील नूह, जिला मेवात, हरियाणा-122103
वेबसाइट : www.okplay.in ई-मेल : info@okplay.in
फोन : +91 124 2362335-36 फैक्स : +91 124 2362326

**सूचना**

सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 के साथ पठित विनियम 47 के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक सोमवार, 8 अगस्त, 2022 को आयोजित की जाएगी, जिसमें अन्य के साथ, 30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अ-लेखापरीक्षित (पृथक्कृत और समेकित) वित्तीय परिणाम विचारित और अनुमोदित किए जाएंगे।

वास्ते ओके प्ले इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
तिथि : 26-07-2022 मीनू गोस्वामी
स्थान : नई दिल्ली कम्पनी सचिव

**शुद्धिपत्र**

**ICICI Bank** शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड,करोल बाग, दिल्ली-110005

ऋण खाता संख्या एलबीएफडीबी00003334292, रूप नारायण कौशिक (कर्जदार), चंचल कौशिक ऐंड फ्रेम्स ट्वेन्टी फोर कम्युनिकेशन्स प्रा. लि. (सह-कर्जदार) सम्पत्ति पता प्लॉट नंबर ए 10ए, बेसमेंट फ्रंट साइड और, द्वितीय तल रियर साइड मय टेरेस, ग्रीन पार्क, दिल्ली-110016 के वाद हेतु आईसीआईसीआई बैंक के प्रकाशन के संदर्भ में दि पायनियर (अंग्रेजी) तथा दि पायनियर (हिन्दी) दिनांकित 25 जुलाई, 2022 में प्रकाशित किया गया था। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त प्रकाशन में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा सम्पत्ति का क्षेत्रफल वर्णित नहीं किया गया है। हम अतएव, आपसे कृपया उसको प्लॉट नंबर ए 10ए, बेसमेंट फ्रंट साइड, ग्रीन पार्क दिल्ली-110016 ; क्षेत्रफल-800 वर्ग फीट और प्लॉट नंबर ए 10ए, द्वितीय तल रियर साइड मय टेरेस, ग्रीन पार्क, दिल्ली-110016 ; क्षेत्रफल-1150 वर्ग फीट के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त सूचना दिनांकित में वर्णित सभी अन्य विवरण वही रहेगा। हम आपको इस संबंध में हुई असुविधा के लिए हार्दिक खेद व्यक्त करते हैं।

दिनांकित : 27-07-2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**ICICI Bank** शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का प्रावधान देखें ]

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | ऋणभारों सहित प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | जितेंद्र कुमार छाबड़ा (कर्ज़दार)/ राम देवी (सह कर्ज़दार) LBNOD00002116807 | फ्लैट नंबर ए-2002, टॉवर ए, स्प्रिंगव्यू फ्लोर्स, क्रिसेंट पार्क टाउनशिप, एनएच- 24, गाजियाबाद, यूपी क्षेत्र: 1243 वर्ग फुट | रू. 63,24, 307.89/- (जुलाई 20, 2022 तक) | रू. 39,60,000/- / रू. 3,96,000/- | अगस्त 03, 2022 को दो.01:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | अगस्त 19, 2022 को दो. 01:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक |
| 2. | संजीव चंदेल (कर्ज़दार)/ पल्लवी चंदेल (सह कर्ज़दार) LBNOD00002114485 | फ्लैट नंबर ए-2103, दूसरी मंजिल टॉवर ए, स्प्रिंगव्यू फ्लोर्स, क्रिसेंट पार्क टाउनशिप, एनएच -24, गाजियाबाद, यूपी क्षेत्र: 1243 वर्ग फुट | रू. 65,73, 984.84/- (जुलाई 20, 2022 तक) | रू. 39,60,000/- / रू. 3,96,000/- | अगस्त 03, 2022 को दो.01:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | अगस्त 19, 2022 को दो. 01:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं कों **अगस्त 17, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पतियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **अगस्त 17, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **अगस्त 17, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **"आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8126013708** या **मेसस नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. मेसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड"** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

**तिथि : जुलाई 27, 2022** प्राधिकृत अधिकारी
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


### 20 डीएसपी प्रोन्नत होकर बने एएसपी

**गाजियाबाद।** शासन द्वारा प्रोन्नत किये गये 20 डीएसपी जहां एएसपी बन गये हैं, वहीं उन्हें नई जगह तैनाती भी मिल गई है।

41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद में सहायक सेनानायक, उप सेनानायक के पद पर तैनात अलका धर्मराज को इसी वाहिनी में उप सेनानायक के पद पर तैनाती मिल गई है। इसके अलावा शासन ने पीपीएस अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय आदिन को भी प्रोन्नत कर उन्हें नये स्थानों पर तैनाती दे दी है।

## वीएमडी से मिलेगी ट्रैफिक की रियल टाइम जानकारी

● सेक्टर-94 कंट्रोल रूम बनाया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा के 20 स्थानों पर वाहन चालक को रियल टाइम जानकारी मिलेगी। इसके लिए प्राधिकरण इन सभी चौराहों पर वेरिएबल मैसेज डिस्प्ले वीएमडी बोर्ड लगाने जा रहा है। तीन दिन में इन डिस्प्ले बोर्ड को लगा दिया जाएगा। इनके मदरबोर्ड को सीधे आईटीएमएस से कनेक्ट किया जाएगा। जिसकी मॉनिटरिंग सेक्टर-94 कमांड कंट्रोल रूम से की जाएगी नोएडा के 10-10 स्थानों पर अलग-अलग साइज के बोर्ड लगाए जाएंगे। इसमें पहला साइज 3.8/1.9 मीटर और 2.8/1.9 मीटर के होंगे।

इन डिस्प्ले बोर्ड पर रियल टाइम इन्फॉर्मेशन आएगी। जिसमे ट्रैफिक डायवर्जन, जाम की स्थिति, रूट डायवर्जन, प्रदूषण और घटना के अलावा ग्रीन कॉरिडोर की जानकारी मिलेगी। इन डिस्प्ले को नोएडा के प्रवेश और निकासी द्वार पर भी लगाया जाएगा। प्राधिकरण डीजीएम एसपी सिंह ने बताया कि डिस्प्ले बोर्ड की पिक्सल क्षमता 15625 होगी इसमें रियल टाइम विडियो, टेक्स्ट मैसेज, ग्राफिक्स को चलाया जा सकेगा। जिसे 500 मीटर की दूरी से आसानी से देखा जा सकेगा। इसे सड़क के मध्य में लगाया जाएगा। इसके ऊपर भी एक कैमरा सेट होगा जिससे रियल टाइम उस सड़क की इन्फॉर्मेशन कंट्रोल रूम को मिल सकेगी। इन चौराहों पर लगेंगे वीएमडी; स्टेडियम चौराहा, माडल टाउन, कालिंदी ब्रिज, यमुना ब्रिज ओल्ड कालिंदी, एलिवेटेड रोड, मयूर स्कूल, सेक्टर-52 मेट्रो, एनएसईजेड फूल मंडी रोड, डीएनडी, पर्थला चौराहा, श्रमिक कुंज शामिल है।

## प्राधिकरण के कई कर्मचारियों पर लटकी तलवार

● तबादले के बाद भी नया कार्यभार ग्रहण नहीं कर रहे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

तबादले के बाद भी कार्यभार न ग्रहण करने वाले प्राधिकरण के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए बुरी खबर है। इस लापरवाही के लिए न सिर्फ उनकी वेतन कटौती होगी बल्कि नियमानुसार कठोर कार्यवाही भी की जाएगी। 2 जून को शासन ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में कई अधिकारियों तथा कर्मचारियों के विभिन्न प्राधिकरणों में तबादले किए थे। लेकिन तबादले के 26 दिनों बाद भी कई अधिकारी तथा कर्मचारी नए कार्यस्थल पर कार्य ग्रहण न करके पुरानी तैनाती स्थलों पर कुंडली मारे बैठे हैं।

ऐसे अधिकारियों की अब खैर नहीं। प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे अधिकारियों का वेतन काटा जाएगा तथा नियुमानुसार उन पर कठोर कार्यवाही भी की जाएगी। नंदी के इस आदेश के बाद गौतमबुद्धनगर के तीनों प्राधिकरणों में हड़कंप मचा है। बता दें कि नोएडा प्राधिकरण में कुछ अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्यमुक्त रिलीव कर दिया गया है तथा उन्होंने नये स्थानों पर कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है।

लेकिन अभी भी कुछ अधिकारियों ने नए स्थानों पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया है।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने शनिवार देर शाम कई अधिकारियों को रिलीव कर दिया है और उन्होंने नए स्थान पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस श्रेणी में महाप्रबंधक पीके कौशिक ने भी कानपुर में अपना पदभार संभाल लिया है।



नोएडा यातायात पुलिस ने एनजीओ के सहयोग से प्राथमिक विद्यालय, इटेड़ा में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के विषय एवं ट्रैफिक नियमों व संकेतों के बारे में जागरूक किया।

### 15 दिन में तैयार हो जाएगा वन स्टॉप सेंटर का नया भवन

**गाजियाबाद।** संयुक्त चिकित्सालय में बनाए जा रहे वन स्टाप सेंटर के नए भवन का निर्माण कार्य अगले 15 दिन में पूरा हो जाएगा। सेंटर को महिला एवं बाल कल्याण विभाग के सुपुर्द किया जाएगा।

इस सेंटर में एक ही छत के नीचे पीड़ित महिलाओं को काउंसलिंग, उपचार, रहने की व्यवस्था और उनके बच्चों के खेलने के लिए क्रेच और पढ़ने के लिए लाइब्रेरी, विधिक सहायता के लिए अधिवक्ता की मदद भी मिलेगी।

वर्तमान में एमएमजी अस्पताल के जर्जर भवन में वन स्टाप सेंटर को संचालित किया जा रहा है। भवन न होने के कारण महिलाओं को कई प्रकार की सुविधाएं नहीं मिल पा रही थीं।

## मंत्री की बहन बन अफसरों को लगाया करोड़ों का चूना

### दो दर्जन से ज्यादा अधिकारियों ने तबादला रुकवाने के लिए महिला को दी थी मोटी रकम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण में तैनात अफसरों के हुए तबादले के बाद एक महिला ने अपने आपको उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री की बहन बता कर, कई अफसरों से ठगी कर ली है।

सूत्रों के अनुसार उक्त महिला करोड़ों रुपए की ठगी करने के बाद अपना किराए का घर छोड़ कर भाग गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे विकास प्राधिकरण में तैनात दो दर्जन से ज्यादा अफसरों का तबादला यूपी के विभिन्न औद्योगिक विकास प्राधिकरण में हुआ है। कुछ अफसरों ने मलाईदार कुर्सी बचाने के लिए जुगाड़ लगाया। बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री की बहन बताकर प्रियंका गुप्ता नामक महिला ने कई अफसरों से तबादला रुकवाने के नाम पर करोड़ों की ठगी कर ली।

सूत्रों के अनुसार जब मंत्री नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण के अधिकारिक के दौरे पर आए थे, तब वह मंत्री जी के साथ थी, तथा उसने अपने आप को मंत्री की बहन बताया। बताया जाता है कि प्रियंका गुप्ता ग्रेटर नोएडा के अल्फा-2 के एच ब्लॉक में किराए के मकान पर रहती थी। उसके द्वारा पैसा लेने के बावजूद भी अधिकारियों का तबादला नहीं रुका तथा औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने अधिकारियों को रिलीव करने के लिए प्राधिकरण को पत्र लिखा। उसके बाद महिला अपना किराए का मकान खाली करके करोड़ों रुपया चपत कर रफूचक्कर हो गई है। तबादले की मार झेल रहे अधिकारी लुटे पिटे घूम रहे हैं तथा अपने परिचितों और पुलिस अधिकारियों से अपने पैसे गुपचुप तरीके से वापस लेने की जुगत लगा रहे हैं। बताया जाता है कि महिला के सहारे कुछ पत्रकारों ने भी अधिकारियों को आश्वासन दिया था, कि उनका तबादला रुकवा दिया जाएगा।

अब वे अधिकारी उन पत्रकारों के घर पर भी जाकर धरना दे रहे हैं, जिन्होंने तबादला रुकवाने के नाम पर उनसे पैसा लिया था।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# कोरोना काल में लॉकडाउन का उल्लंघन करने वालों को राहत, मुकदमे वापस

● उपराज्यपाल ने ऐसे मामलों में पुलिस को दिए क्लोजर रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड-19 महामारी के दौरान लॉकडाउन का उल्लंघन करने वाले प्रवासियों पर दर्ज केस वापस लिए जाएंगे। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने प्रवासियों पर दर्ज केस वापस लेने की मंजूरी दे दी है।

उन्होंने दिल्ली पुलिस को ऐसे मामलों में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल करने के आदेश दिए हैं। साथ ही कहा कि मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए यह देखा गया कि यह उल्लंघन बहुत छोटे हैं। साथ ही ये उल्लंघन मजबूरी में किए गए थे। इसके अलावा तथा सर्वोच्च न्यायालय के 9 जून 2022 के आदेश के अनुरूप यह फैसला लिया। महामारी के दौरान लाकडाउन के कारण कई प्रवासियों की आजिविका का साधन खत्म हो चुका था। किराया देने के लिए उनके पास पैसे नहीं थे और यहां तक की उनके पास दैनिक गुजारे के लिए भी कुछ नहीं था।उपराज्यपाल कार्यालय के अनुसार, दिल्ली सरकार, द्वारा लाकडाउन नियमों का उल्लंघन करने वाले 64 प्रवासियों के खिलाफ दर्ज 15 मामलों को वापस लेने की मंजूरी दे दी है।

एलजी ने दिल्ली पुलिस को 100 से अधिक प्रवासियों से जुड़े ऐसे ही 10 मामलों में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश भी दिए हैं। उपराज्यपाल ने मानवीय और तर्कसंगत दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा कि गरीब प्रवासियों द्वारा महामारी से संबंधित लाकडाउन का उल्लंघन छोटी भूल हो सकती है जो कि उनके द्वारा अत्यधिक संकट की स्थिति में हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि यह निर्णय आरोपियों को अनावश्यक उत्पीड़न और इधर-उधर भटकने से बचाएगा।मालूम है कि आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा (51) के तहत 43 ऐसे दर्ज मामले हैं, जिनमें प्रवासियों मजदूरों ने सड़क पर निकल कर लॉकडाउन के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप है।

इन 43 मामलों में से 18 मामलों का निपटारा, निर्णय संबंधित न्यायालयों द्वारा पहले ही किया जा चुका है। ऐसे 15 मामले जहां न्यायालयों में आरोप पत्र दायर किए जा चुके हैं, उपराज्यपाल ने अभियोजन निदेशालय द्वारा सीआरपीसी की धारा (321) के तहत केस वापस लेने के निर्देश दिये। शेष 10 मामलों में जहां उनमें 7 ऐसे हैं जिनमें आरोप पत्र दाखिल किया जाना है और 3 मामलों में अभियुक्तों की पहचान नहीं हो सकी है। इन मामलों में एलजी ने दिल्ली पुलिस को क्लोजर रिपोर्ट फाइल करने के आदेश दिए हैं।



शिवरात्रि के अवसर पर प्रीत विहार स्थित गुफावाला मंदिर में भगवान शिव के अभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की लगी लंबी कतारें। फोटो: रंजन डिमरी

## बल्लीमारान में छात्राओं को मिला नया स्कूल भवन

● उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने गवर्मेंट गर्ल्स सीनियर सेकंड्री स्कूल का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में हर तबके को विश्वस्तरीय शिक्षा मुहैया कराने के मकसद से केजरीवाल सरकार अपने स्कूल भवनों को शानदार बनाती जा रही है।

सरकार का विजन है कि हर बच्चे को स्तरीय शिक्षा देकर सशक्त बनाना है। इस दिशा में मंगलवार को उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने बल्लीमारान स्थित गवर्मेंट गर्ल्स सीनियर सेकंड्री स्कूल, चश्मा बिल्डिंग के नए भवन का उद्घाटन व स्कूल के दूसरे हिस्से में मल्टीपर्पस हॉल का शिलान्यास किया।

इस मौके पर मनीष सिसोदिया ने कहा कि 4 साल पहले यहां स्कूल के नाम पर एक टूटी-फूटी जर्जर बिल्डिंग थी जिसे देखकर उन्होंने कसम खाई थी कि इस स्कूल भवन को शानदार बनाएंगे।

उन्हें खुशी है कि वह अब छात्राएओं के लिए ये बेहतरीन स्कूल बना पाए। खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री व बल्लीमारान के विधायक इमरान हुसैन ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देना अरविंद केजरीवाल सरकार की प्राथमिकता है। यहीं कारण है कि सरकार में आने के बाद से अरविंद केजरीवाल के नेतृत्त्व में शिक्षा को हर साल बजट का लगभग 25 फीसदी हिस्सा दिया गया जो अपने आप में एक क्रांति है।

### बिल्डिंग की विशेषताएं

4 मंजिला शानदार बिल्डिंग, 28 कमरे, स्मार्ट क्लासरूम्स, आईसीटी लैब्स, एनएसक्यूएफ लैब्स, होम साइंस लैब्स, पूरा स्कूल सीसीटीवी कैमरे से लैस है। स्कूल में दूसरे चरण के निर्माण कार्य में एक नए मल्टीपर्पज हॉल का निर्माण भी किया जा रहा है जहाँ ग्राउंड फ्लोर पर मल्टीपर्पज हॉल बनाया जाएगा। वहीं ऊपरी मंजिल पर क्लासरूम बनाए जाएंगे साथ ही यहां रूफ-टॉप पर बच्चों के लिए प्ले-एरिया भी बनाया जाएगा।

## कोरोना के 781 नए मामले, दो मौत

**नई दिल्ली।** राजधानी में मंगलवार को कोरोना के 781 नए मामले सामने आए, वहीं इस दौरान दो लोगों की मौत हो गई। पिछले 24 घंटों में कोविड की सकरात्मक दर 6.40 प्रतिशत रही।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को यहां साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार। राष्ट्रीय राजधानी कुल केस बढ़कर 19,49,736 हो गया, जबकि मरने वालों की संख्या 26,305 हो गई। दिल्ली सरकार व स्वास्थ्य विभाग ने 12,209 जांच की। अब दिल्ली में सक्रिय मामलों की संख्या 2,862, हो गई है। 1,914 कोविड-19 मरीज होम आइसोलेशन में भेजा गया है। ज्ञात हो कि पिछले दिनों संक्रमण की संख्या बढ़ी थी लेकिन अब धीरे-धीरे नीचे आ रही है।

## दिल्ली वालों को मिलेगी 4 नए अस्पताल की सौगात

### सिरसपुर, ज्वालापुरी, मादीपुर, विकासपुरी के अस्पतालों में होगी 3237 बेड की क्षमता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली वालों को जल्द मिलेगी चार नए अस्पतालों की सौगात। सिरसपुर, ज्वालापुरी, मादीपुर, हस्तसाल (विकासपुरी) के अस्पतालों में 3237 बेड्स की सुविधा होगी।

साथ ही द्वारका सेक्टर-9 स्थित इंदिरा गाँधी अस्पताल व 6836 आईसीयू बेड्स की क्षमता के साथ बनाए जा रहे। इनके तैयार हो जाने पर कोविड-19 के साथ-साथ गंभीर मेडिकल कंडीशन वाले केसों से लड़ने में मददगार साबित होंगे।

दिल्ली सरकार सभी निर्माण कार्यों को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि निर्माण सामग्री में गुणवत्ता के साथ सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उपमुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को एक्सपेंडिचर फाइनेंस कमेटी द्वारा स्वीकृत पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाले नए अस्पतालों के निर्माण के विभिन्न प्रोजेक्ट्स के प्रगति की समीक्षा की। मंत्री ने कहा कि केजरीवाल सरकार द्वारा ज्वालापुरी में 1164 बेड्स की क्षमता के साथ 11 मंजिला एक अत्याधुनिक अस्पताल का निर्माण करवाया जा रहा है। इस बिल्डिंग में 2 मंजिला बेसमेंट भी है। अस्पताल का निर्माण कार्य लगभग आधा पूरा हो चुका है। कोरोना और पिछली सर्दियों में प्रदूषण की वजह से निर्माण कार्यों के रोके जाने के कारण योजना की गति थोड़ी धीमी हुई लेकिन वर्ष 2024 के शुरूआती महीनों में ये अस्पताल बनकर तैयार हो जाएगा।सरकार द्वारा ज्वालापुरी, मादीपुर व हस्तसाल(विकासपुरी) में प्रत्येक में 691 बेड्स की क्षमता वाले 10 मंजिला अस्पताल बना रही है। ज्वालापुरी व मादीपुर में बन रहे अस्पतालों का 50फीसदी कार्य पूरा हो चुका है व हस्तसाल में भी अस्पताल बनाने का काम तेजी से चल रहा है। इन तीनों अस्पतालों का निर्माण कार्य वर्ष 2023 तक पूरा हो जाएगा। इन सभी अस्पतालों में भी 2 मंजिला बेसमेंट भी है।



निर्माणधीन सिरसपुर अस्पताल, इंसेट में मनीष सिसोदिया

### गंभीर बीमारियों से लड़ने के लिए 6836 आईसीयू बेड होंगे

कोरोना जैसी महामारियों के साथ-साथ गंभीर बीमारियों से लड़ने के लिए दिल्ली सरकार 6836 आईसीयू बेड्स की क्षमता वाले 7 सेमी-परमानेंट अस्पताल तैयार कर रही है। इस प्रोजेक्ट के तहत सरकार शालीमार बाग में 1430 बेड्स की क्षमता वाला 4 मंजिला अस्पताल, किराड़ी में 458 बेड्स की क्षमता वाले 5 मंजिला अस्पताल, सुल्तानपुरी में 527 बेड्स की क्षमता वाले 4 मंजिला अस्पताल, जीटीबी काम्प्लेक्स में 1912 बेड्स की क्षमता वाले 5 मंजिला अस्पताल, गीता कॉलोनी में चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में 596 बेड्स की क्षमता वाले 5 मंजिला अस्पताल, सरिता विहार में 336 बेड्स की क्षमता वाले 5 मंजिला अस्पताल व रघुवीर नगर में 1577 बेड्स की क्षमता वाले 4 मंजिला अस्पताल का निर्माण कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि इन सभी जगहों पर निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और जल्द ही ये सभी आईसीयू अस्पताल बनकर तैयार हो जाएंगे।

## अमृत महोत्सव में मना हंसराज कॉलेज का 75वां स्थापना दिवस



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● उपराष्ट्रपति ने कहा- भारतीय जीवन मूल्यों को बढ़ावा देने की आवश्यकता

देश की आजादी के अमृत महोत्सव में मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के बहुप्रतिष्ठित हंसराज कॉलेज का 75वां स्थापना मनाया गया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने एम. वेंकैया नायडू ने कहा कि आज सभी संस्थाओं एवं जीवन में भारतीयता और भारतीय जीवन मूल्यों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

उपराष्ट्रपति ने इस अवसर पर महात्मा हंसराज और स्वामी दयानंद सरस्वती की चेतना से अनुप्राणित हंसराज कॉलेज अपने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परम्पराओं के उन्नयन के साथ-साथ आधुनिक जीवन की चुनौतियों के अनुरूप शिक्षा प्रदान करने पर प्रसान्नता व्यक्त की।

उन्होंने यह भी कहा कि इस कॉलेज से पढ़ने वाले विद्यार्थी सभी क्षेत्रों में शीर्षस्थ पदों पर रहते हुए राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर महात्मा हंसराज पर केन्द्रित प्रो. रमा द्वारा लिखित पुस्तक 'आर्यसमाज और महात्मा हंसराज' का उपराष्ट्रपति ने लोकार्पण किया।

समारोह से पहले हंसराज कॉलेज परिसर में नव स्थापित महात्मा हंसराज की प्रतिमा का उपराष्ट्रपति ने अनावरण किया। समारोह में डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह, हंसराज कॉलेज प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष डॉ. एके शर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ. शिवरमन गौड़ मौजूद थे।

समारोह की अध्यक्षता प्रबंध समिति एवं डीएवी प्रबंधकर्ता समिति के उपाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापित कॉलेज प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष डॉ. शिवरामन गौर ने किया।

## तिहाड़ में भूख हड़ताल पर मलिक ड्रिप से दिया जा रहा तरल पदार्थ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तिहाड़ में पिछले पांच दिन से भूख हड़ताल पर बैठे कश्मीर के नेता यासीन मलिक को ड्रिप के जरिए तरल पदार्थ दिया जा रहा है।

चिकित्सक उसके स्वास्थ्य पर नियमित रूप से नजर रख रहे हैं। मलिक ने रुबैया सईद के अपहरण से जुड़े मामले में जम्मू की अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का अनुरोध किया था, लेकिन केंद्र सरकार से इस पर कोई जवाब नहीं मिलने पर उसने शुक्रवार को भूख हड़ताल शुरू कर दी। वह इस मामले में आरोपी है। प्रतिबंधित जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के प्रमुख मलिक को तिहाड़ जेल संख्या सात की एक कोठरी में अकेले रखा गया था।

अब उसे जेल के चिकित्सकीय जांच कक्षा में स्थानांतरित किया गया है, जहां चिकित्सक उसके स्वास्थ्य पर लगातार नजर रख रहे हैं और अधिकारियों को इस बारे में जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं।

## 'एम्स में शिक्षकों के खाली पद तीन माह में भरे जाएं'

● संसदीय समिति ने 367 रिक्तियों का लिया संज्ञान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




संसद की एक समिति ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली में शिक्षक संकाय सदस्यों के 367 पद खाली होने का संज्ञान लेते हुए इन्हें तीन महीने के भीतर भरे जाने की सिफारिश की है। समिति ने सुपर-स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों में आरक्षण की वकालत भी की है।

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के विकास में स्वायत्त इकाइयों और संस्थानों की भूमिका पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण संबंधी संसदीय समिति की 15वीं रिपोर्ट में विशेष रूप से एम्स पर ध्यान केंद्रित किया गया है।भाजपा सांसद किरीट पी सोलंकी की अध्यक्षता वाली समिति की मंगलवार को लोकसभा में प्रस्तुत रिपोर्ट में कहा गया है कि एम्स में कुल 1,111 संकाय पदों में से, 275 सहायक प्रोफेसर और 92 प्रोफेसर के पद रिक्त हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इसलिए, समिति की यह सुविचारित राय है कि सभी मौजूदा रिक्त संकाय पदों को अगले तीन महीनों के भीतर भरा जाए।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय संसद के दोनों सदनों में प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने की तारीख से 3 महीने के भीतर एक कार्य योजना प्रस्तुत करे। समिति ने कहा कि भविष्य में भी सभी मौजूदा रिक्त पदों को भरने के बाद अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित किसी भी संकाय पद को किसी भी परिस्थिति में छह महीने से अधिक समय तक खाली नहीं रखा जाए। समिति ने रिपोर्ट में कहा, सुपर-स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों में आरक्षण नहीं दिया जाता है जिसके परिणामस्वरूप अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों को अभूतपूर्व और अनुचित रूप से वंचित रखा जाता है तथा सुपर-स्पेशियलिटी क्षेत्रों में अनारक्षित संकाय सदस्यों का एकाधिकार होता है।

उसने कहा कि आरक्षण नीति को छात्र और संकाय स्तर पर सभी सुपर-स्पेशियलिटी क्षेत्रों में सख्ती से लागू किया जाना चाहिए ताकि वहां भी अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति संकाय सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित हो। समिति ने कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के चिकित्सकों एवं छात्रों को विदेश में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु भेजने के लिए प्रभावी तंत्र स्थापित किया जाए ताकि सभी सुपर-स्पेशियलिटी क्षेत्रों में उनका पर्याप्त प्रतिनिधित्व स्पष्ट रूप से देखा जा सके। समूह ग के पदों निचले पदों को नियमित रूप से भरे जाने के बदले आउटसोर्सासंविदा पर रखे।

## शादीशुदा महिला का पीछा करने पर फेसबुक दोस्त गिरफ्तार

● प्रेम निवेदन स्वीकार करने के लिए महिला को दे रहा था धमकी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सोशल मीडिया पर एक शादीशुदा महिला को कथित रूप से धमकी देने और उसका पीछा करने को लेकर 30 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान भजनपुरा के चांद बाग निवासी रिजवान अंसारी के रूप में हुई है जो जैकेट बनाने का काम करता है।

एक व्यक्ति ने 11 मई को पुलिस से शिकायत की कि अंसारी उसकी पत्नी को बातचीत करने और प्रेम निवेदन स्वीकार करने का दबाव डाल रहा है, ओर ऐसा न करने पर उसे जान से मार डालने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने जांच में पाया कि आरोपी ने फेसबुक पर महिला से दोस्ती की और फिर वह उसे संदेश भेजने लगा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, कुछ समय बाद वह महिला पर दबाव डालने लगा कि वह उससे बातचीत करे और उसके प्रेम निवेदन को स्वीकार करे। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) समीर शर्मा ने बताया कि पुलिस ने अंसारी का पता लगाया और उसे धर दबोचा। शर्मा के अनुसार पूछताछ के दौरान अंसारी ने बताया कि 2018 में उसने फेसबुक पर इस महिला का प्रोफाइल देखा और उसे दोस्ती का अनुरोध भेजा।

## न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन पर इंटरजेंच की होगी बेहतर सुविधा

### स्टेशन पर तीन एफओबी का निर्माण करेगी एनसीआरटीसी, मेट्रो तक पहुंचना भी होगा आसान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन पर इंटरजेंच की बेहतर सुविधा होगी। इस स्टेशन का डिजाइन इस तरह से तैयार किया गया है कि आसपास के क्षेत्रों को जोड़ने के लिए एनसीआरटीसी 3 एफओबी का निर्माण करने जा रहा है।

आरआरटीएस के क्रियान्वयन में मल्टीमॉडल इंटीग्रेशन एक प्रमुख घटक रहा है। इसीलिए न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन के डिजाइन की योजना इस प्रकार से बनाई गई है कि यात्रियों की निर्बाध यात्रा सुनिश्चित की जा सके। इसके लिए इस स्टेशन को जहां से भी संभव है, परिवहन के मौजूदा सार्वजनिक साधनों के साथ एकीकृत किया जा रहा है। नए अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन का निर्माण मौजूदा अशोक नगर मेट्रो स्टेशन के बहुत करीब किया जा रहा है जिनके बीच की दूरी महज 100 मीटर है। परिवहन के दोनों साधनों के बीच पहुंच आसान करने के लिए, एनसीआरटीसी आरआरटीएस स्टेशन और मेट्रो स्टेशन के बीचे 90 मीटर लंबे और 6 से 12 मीटर चौड़े एफओबी का निर्माण कर रहा है। इस एफओबी की ऊंचाई जमीन से करीब 8 मीटर होगी।

इस एफओबी के माध्यम से यात्री स्टेशन परिसर से बाहर निकले बिना इन परिवहन साधनों में से किसी भी माध्यम में बिना किसी बाधा के आ-जा सकेंगे। यह न केवल यात्रियों की तनाव मुक्त यात्रा सुनिश्चित करेगा बल्कि परिवहन साधनों के बाहर लगने वाले ट्रैफिक जाम और भीड़भाड़ को नियंत्रित करने में भी मुख्य भूमिका निभाएगा। यह विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों तथा बच्चों और अधिक सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों के लिए वरदान साबित होगा।

न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन की ऊंचाई करीब 22 मीटर है। यह एफओबी मेट्रो स्टेशन के कॉनकोर्स लेवल को आरआरटीएस स्टेशन के कॉन्कोर्स लेवल के नीचे के फ्लोर से जोड़ेगा। मेट्रो स्टेशन के एएफसी गेट से पहले और आरआरटीएस स्टेशन के कॉनकोर्स स्तर से नीचे का क्षेत्र जहां एफओबी कनेक्ट हो रहा है, एक गैर-भुगतान वाले क्षेत्र होगा।

आस-पास के क्षेत्रों की स्टेशन तक बेहतर कनेक्टिविटी और पहुंच प्रदान करने के लिए, एनसीआरटीसी इस स्टेशन पर दो और एफओबी का निर्माण कर रहा है। आरआरटीएस स्टेशन के एक तरफ, चिल्ला गांव और मयूर विहार एक्सटेंशन के आस-पास के इलाकों को जोड़ने के लिए 42 मीटर लंबा और 6.5 मीटर चौड़ा एफओबी बनाया जाएगा। इसके अलावा, आरआरटीएस स्टेशन के दूसरी तरफ, न्यू अशोक नगर क्षेत्र में रहने वाले लोगों की सुविधा के लिए प्राचीन शिव मंदिर के पास 45 मीटर लंबा और 8 मीटर चौड़ा एफओबी प्रदान किया जाएगा।



स्टेशन का मॉडल

### एक-दूसरे कॉरिडोर में ट्रेन बदल सकेंगे यात्री

न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन पर बड़ी संख्या में यात्री नोएडा से आते हैं। ये यात्री न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन और मेट्रो स्टेशन के बीच एफओबी से लाभान्वित होंगे। भविष्य में, मेरठ या हवाई अड्डे जाने के लिए उन्हें आनंद विहार या सराय काले खां जाने के बजाय न्यू अशोक नगर से ही सीधी रैपिड रेल मिल सकेगी। साथ ही, तीनों आरआरटीएस लाइनों का निर्माण होने के बाद वे यहीं से ट्रेन पकड़ सकेंगे। आरआरटीएस कॉरिडोर की इंटरऑपरेबिलिटी यात्रियों को बिना परेशानी के एक कॉरिडोर से दूसरे कॉरिडोर में ट्रेन बदलकर यात्रा करने की सुविधा प्रदान करेगी।

## एमसीडी चुनाव को लेकर आप की याचिका पर 28 को सुनवाई

**नई दिल्ली** । उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी में वार्ड परिसीमन के आधार पर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के चुनाव स्थगित किए जाने को चुनौती देने वाली आम आदमी पार्टी (आप) की याचिका पर 28 जुलाई को सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति एएम खानविलकर, न्यायमूर्ति एएस ओका और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने मामले की सुनवाई स्थगित कर दी, क्योंकि केंद्र ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के उपलब्ध नहीं होने के कारण मामले की सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया था।

मामले पर गुरुवार को सुनवाई की जाएगी। उच्चतम न्यायालय ने 20 जुलाई को याचिकाकर्ता को प्रतिवादियों के वकीलों को याचिका की प्रति पहले ही उपलब्ध कराने की छूट दे दी थी। आप की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने पिछले सप्ताह पीठ के समक्ष दलील दी थी कि दिल्ली में तीन नगर निगम थे और उनके कार्यकाल इस वर्ष मई के मध्य में समाप्त हो गए हैं। तीनों नगर निगम का विलय कर दिया गया, लेकिन विलय के बाद चुनाव में देरी नहीं की जा सकती। इससे पहले, प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने आप के वकील की याचिका का संज्ञान लेते हुए कहा था कि कि तीनों नगर निगम का एकीकरण और फिर परिसीमन कवायद निगम चुनाव को स्थगित करने के लिए एक वैध आधार नहीं हो सकता है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 27 जुलाई 2022



# भारत की अर्थव्यवस्था में महिलाओं का बड़ा योगदान : शहनवाज हुसैन

## महिलाओं को बराबरी का हक मिले यही सरकार का लक्ष्य

## सबका साथ, सबका विकास फार्मूले पर काम कर रही है मोदी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय गुरुकमल में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में मौजूद भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहनवाज हुसैन।

**भाजपा** के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहनवाज हुसैन सैयद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सबका साथ, सबका विकास फार्मुले पर काम कर रही है। समाज का कोई भी वर्ग अपने आपको विकास की धारा से अछूता ना समझे इसी को लेकर हम सभी को एक टीम वर्क की तरह काम करना होगा। वे मंगलवार को गुरुग्राम स्थित भाजपा के गुरुकमल प्रदेश कायाज़्लय में अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

अल्पसंख्यक महिला सशक्तिकरण विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत की अर्थ व्यवस्था में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन ने की। इस मौके उनके साथ एसएम अकरम, ऐजाज देशमुख प्रदेश अध्यक्ष महाराष्ट्र व जीजी जोसेफ प्रदेश अध्यक्ष केरल उपस्थित थे। श्री हुसैन ने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं के स्वास्थ्य और बच्चों में बढ़ते कुपोषण पर ऐतिहासिक काम किया है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं का अभियान पीएम मोदी ने हरियाणा की धरती पानीपत से शुरू किया था। इसका परिणाम देखने को मिल रहा है कि हरियाणा में बेटिया खेलों में अपने देश और प्रदेश का नाम कर रही है। संविधान के 73वें व 74वें संशोधन में सरकार ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया। महिलाओं को बराबरी का हक मिले यही सरकार का लक्ष्य है। शहनवाज हुसैन ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें महिलाओं को पूरा सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाकर पीएम मोदी ने दुनिया को दिखा दिया कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है, जिसमें गरीब से गरीब तबके को भी भागीदारी मिलती है।

### नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने का कार्य करें

**उन्होंने** कहा कि नए कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ने का काम करें। अब यही पार्टी रहने वाली है। हम खुशनसीब हैं कि हम पार्टी से जुड़े हैं। हमारी पहचान पार्टी से है। हम पार्टी की वजह से हैं। हमें पार्टी के लिए काम करना है किसी विशेष व्यक्ति के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा ही ऐसा दल है जिसमें व्यक्ति अपनी मेहनत से नीचले पायदान से मंच तक पहुंचता है। अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए सरकार ने काफी योजनाएं चलाई हुई हैं लेकिन वे अभी भी अनजान हैं जिन्हें जानकारी देना हम हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है।

# सड़क हादसे में घायल युवक ने अस्पताल में तोड़ा दम

**सोहना।** चार दिन पहले भोंडसी थाना के गांव बेरका में कार की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार युवक ने उपचार के दौरान दिल्ली के एम्स अस्पताल में दमतोड़ दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर युवक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। उत्तर प्रदेश के जिला फरुखाबाद उत्तर प्रदेश निवासी अब्दुल ने भोंडसी पुलिस को बताया कि उसका दामाद रहमुद्दीन उसका साला साहबुद्दीन के साथ 21 जुलाई को बाइक पर सोहना सदर थाना के गांव दौला में रिश्तेदार के पास मिलने आ रहा था। उसके साथ उसका साला साहबुद्दीन बाइक पर पीछे बैठा था। जब ये लोग गांव बेरका के निकट पहुंचे तो सामने से आ रही गाड़ी की उनकी बाइक से सीधी टक्कर हो गई।

# संक्षिप्त-समाचार

## बॉडी बिल्डिंग चैंपियन यतीन्द्र ने लिया बोधराज सीकरी से आशीर्वाद



**गुरुग्राम।** शिवरात्रि के पावन दिवस और कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अनगिनत बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिताओं में यतीन्द्र सिंह अनेक अवाड्र्स और पदकों से नवाजे जा चुके हैं। बोधराज सीकरी ने बताया कि समाजसेवी अनिल यादव के माध्यम से उनसे आशीर्वाद लेने और भविष्य की अपनी योजनाओं पर चर्चा करने के लिए आये और उन्होंने हाल ही में मालदीव में आयोजित बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता ने 85 किलोग्राम वर्ग में जहां एक ओर स्वर्ण पदक प्राप्त किया, वहीं दूसरी ओर एशिया के चैंपियन आफ चैंपियंस चुने गए। गर्व की बात है कि मात्र 2 प्रतिशत जनसंख्या वाला हरियाणा प्रान्त अपने गुरुओं की धरा से 40 प्रतिशत से अधिक खिलाड़ी राष्ट्र को दे चुका है। यतीन्द्र सिंह इनमें से एक है। ये गुरुग्राम ही नहीं, देश के लिए गर्व की बात है। आने वाले समय में फुकेट (थाईलैंड) में होने वाली वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में चयनित हो चुके हैं। मैंने उन्हें विजयी भव का आशीर्वाद दिया है। आशा है कि ये चमकता हुआ सितारा सम्पूर्ण विश्व में विजय पताका लहराकर वापस आएगा। एक बार फिर से अन्तराष्ट्रीय स्तर पर हमारे देश का तिरंगा लहराएगा और हमारा राष्ट्रगान गूंजेगा।

## बस चालक की लापरवाही से 61 वर्षीय वृद्ध ने गंवाया पैर

**सोहना।** बस चालक की लापरवाही ने 61 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति को जीवन भर के लिए अपंग बना दिया। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मध्य प्रदेश के जिला छत्तरपुर के गांव पाण्डेपुरवा निवासी 61 वर्षीय दीपक ने बताया कि वह 20 जुलाई को अपने घर से गुरुग्राम बहन के पास आ रहा था। बस नूंह से गुरुग्राम के बीच गांव रायपुर के निकट पहुंची थी। तभी डिग्गी में से यात्री का बैग नीचे गिर गया। जिसे उठाने के लिए बस रुकवाई। वह बैग लेने नीचे उतरा तो उसके अलावा 15/20 यात्री भी लघुशंका के लिए उतर गए। चढ़ते समय बस चालक ने जल्दबाजी करते हुए बस चला दिया। जिससे वह खिड़की में चढ़ते समय सड़क पर गिर गया और बस के टायर उसके दोनों पैरों को कुचलते हुए आगे निकल गए। वह बेहोश हो गया और जब उसे होश आया तो अपने आपको गुरुग्राम के निजी अस्पताल में पाया। जहां उसने देखा एक पैर कटा हुआ था। जसके कारण वह पुलिस को चार दिन बाद आरोपी को शिकायत दे पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद बस चालक की पहचान में जुट गई है।

## लघु सचिवालय के लिए जमीन की रजिस्ट्री हुई

**सोहना।** प्रदेश मुख्यमंत्री द्वारा घोषित शहर में लघु सचिवालय बनने का रास्ता साफ हो गया है। जिसके लिए बिजली प्रसारण निगम ने 32 कनाल 4 मरला जमीन लघु सचिवालय के नाम रजिस्ट्री करा दी है। जिसके बदले में राजस्व विभाग की तरफ से निगम को 8 करोड़ 5 लाख रुपये का भुगतान कर दिया है। प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 23 अक्टूबर 2021 को गांव सरमथला में मंच से सोहना में बनने वाला लघु सचिवालय का शिलान्यास किया था। यह लघु सचिवालय शहर की चुंगी नंबर एक के निकट बिजली निगम के 66 केवीए पावर हाउस परिसर में से 32 कनाल 4 मरला जमीन पर बनाया जाएगा। राजस्व विभाग ने बिजली प्रसारण निगम ली गई जमीन की सोमवार को लघु सचिवालय के नाम जमीन की रजिस्ट्री कराई गई है। नायब तहसीलदार लछीराम ने बताया कि तहसीलदार शीखा गर्ग ने अपनी मौजूदगी में जमीन की रजिस्ट्री कराते हुए बिजली निगम को नकदी का भुगतान कर दिया है। एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने बताया कि लघु सचिवालय का निर्माण कार्य की सभी गतिविधियां जल्द ही शुरू की जाएगी। जिसके लिए पहले निर्माण कार्य का टेंडर छोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि लघु सचिवालय को जल्द से जल्द तैयार करते हुए 2024 से पहले उद्घाटन किए जाने की योजना है।

# हरियाणा में बिजली की कमी नहीं बल्कि सरप्लस है : मधु आजाद

## उज्जवल भारत-उज्जवल भविष्य-2047 बिजली महोत्सव का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के स्वतंत्रता सेनानी हॉल में उज्जवल भारत-उज्जवल भविष्य-2047 बिजली महोत्सव में कार्यक्रम पेश करनी वाली छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि।

**हरियाणा** प्रदेश ने बिजली के क्षेत्र में पिछले 7 वर्ष में अभूतपूर्व प्रगति की है। आज प्रदेश में बिजली सरप्लस है। गुरुग्राम में रोजाना लोगों को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति की जा रही है। यह बात गुरुग्राम की मेयर मधु आजाद ने स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद् हॉल परिसर में दक्षिण हरियाणा बिजली निगम (डीएचबीवीएन) द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित उज्जवल भारत-उज्जवल भविष्य बिजली महोत्सव कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में नए सब स्टेशन स्थापित होने के साथ साथ बिजली की नई लाइनें बिछाई गई है। इतना ही नहीं, बिजली निगम द्वारा लाइन लॉस को कम करके बिजली उपभोक्ताओं को विभिन्न योजनाओं का फायदा दिया गया है। कार्यक्रम में गुरुग्राम के अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि बिजली किसी भी राष्ट्र के विकास की धुरी है। औद्योगिकरण तथा विकास बिजली से ही संभव है। उन्होंने अपना अनुभव सांझा करते हुए बताया कि जब वे बाल्य अवस्था में थे, उस समय उनके गांव में बिजली आपूर्ति नहीं थी। मगर आज वहां एयर कंडीशनर चलते हैं। यह सभी बिजली क्षेत्र में हुए विकास का ही परिणाम है। इस कार्यक्रम के स्टेट नोडल अधिकारी उज्जवल भारत-उज्जवल भविष्य तथा भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के मुख्य अभियंता बिपिन गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2014 में देश में लगभग ढाई लाख मेगावाट बिजली उपलब्ध थी। इस बिजली महोत्सव में नाटकों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूली विद्यार्थियों ने भारत सरकार तथा हरियाणा सरकार द्वारा बिजली क्षेत्र में किए गए कार्यों और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 4/7 की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैकबपुरा की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा बिजली बचाने का संदेश दिया। डीएचबीवीएन के एसई मनोज यादव ने बताया कि गुरुग्राम जिला में पर्याप्त मात्रा में बिजली क्षेत्र में ढांचागत सुविधाएं उपलब्ध हैं। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए 24 घंटे हेल्पलाइन नंबर शुरू करते हुए कॉल सेंटर स्थापित किया गया है, जिसका टोल फ्री नंबर-1912 और 18001804334 हैं। बिजली उपभोक्ताओं को व्हाट्सएप के माध्यम से भी सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही है, जिसका नंबर 8813999708 है। इस पर लोग अपनी भाषा अनुसार जानकारी, पूछताछ, सर्विस रिक्वेस्ट, शिकायत आदि कर सकते हैं। एक्सईएन विजय पाल यादव ने आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रायसीना क्रेसर जोन में पत्थरों की सप्लाई ठप



सोहना के निकट रायसीना क्रेसर जोन की मशीन पर ग्राहक न आने के कारण पड़ा तैयार माल।

## पिछले छह दिनों से पत्थर न मिलने से कारोबार पर पड़ा असर

**सोहना।** रायसीना क्रेसर जोन में पिछले छह दिन से पत्थर की सप्लाई ठप पड़ी हुई है। जिससे मशीनों पर नया माल तैयार नहीं हो रहा है। मशीन पर तैनात कर्मचारी पूरे दिन हाथ पर हाथ रखकर बैठकर अपनी ड्यूटी पूरी करके जा रहे हैं।

जिला नूंह के थाना तावडू के गांव पंचगाव में हरियाणा पुलिस के डीएसपी सुरेन्द्र सिंह की पत्थर माफिया द्वारा डंपर से कुचलकर की गई हत्या का असर स्थानीय क्रेसर जोन पर भी पड़ रहा है। रायसीना क्रेसर जोन में पिछले छह दिन से मशीन पर एक नया पत्थर नहीं पहुंचा है। जिसके चलते क्रेसर जोन बंद पड़े हुए हैं। क्रेसर मशीन पर तैनात मुंशी लीला ने बताया कि एक मशीन पर आठ से 10 कर्मचारी 24 घंटे ड्यूटी देते हैं। यहा पर राजस्थान के गांव मानकी, हरियाणा के नारनौल से पत्थर आता है, लेकिन तावडू में डीएसपी की हुई हत्या के बाद से डंपर नहीं पहुंच रहे हैं। पहले से तैयार माल के लिए भी वाहन उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। दस नंबर मशीन पर काम करने वाले सुरेन्द्र सिंह का कहना है कि कर्मचारी और मुंशी यहां आकर मशीन और तैयार माल का 24 घंटे चौकीदारा कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार मशीन मालिक पत्थर उपलब्ध न होने से अपने कारोबार को लेकर बहुत परेशान हैं। अब कारोबारी अन्य राज्यों की ओर जाने का मन बना रहे हैं। जानकार सूत्रों ने बताया कि कारोबारी इससे अलग हटकर कारोबार करने का मन बना रहे हैं। जिससे उनकी आजीविका बराबर बनी रहे।

# बिना तिरंगा लहराए कोई घर न रह जाए : नवीन गोयल



गुरुग्राम के सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी हॉल में शहीदों के सम्मान में नवीन गोयल के साथ तिरंगे लहराते शहर के प्रमुख लोग।

**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने मंगलवार को महाशिवरात्रि पर्व के दिन कारगिल विजय दिवस पर मेयर मधु आजाद की अध्यक्षता और भाजपा एनआरआई सेल के प्रदेश संयोजक संदीप देशवाल की उपस्थिति में शहीदों को नमन किया। यहां स्वतंत्रता सेनानी हॉल परिसर में बने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र चढ़ाया। उन्होंने गुरुग्रामवासियों से 13 से 15 अगस्त के बीच घरों पर तिरंगा लहराने की भी अपील की।

नवीन गोयल ने कहा कि कारगिल युद्ध में विजय पताका लहराने वाले शहीदों को नमन किया, जिनके अदम्य साहस व बलिदान के कारण हम सब खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने गुरुग्राम वासियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के आह्वान पर आने वाली 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फहराने की अपील की। साथ ही सभी गुरुग्रामवासियों से निवेदन किया है कि झंडे लेने के लिए मोबाइल नंबर-9587878987 पर सम्पर्क कर सकते हैं। 5 अगस्त से 15 अगस्त तक उनके कार्यालय-640पी सेक्टर-38 गुरुग्राम से अपने घर के लिए झंडा ले सकते हैं। जगदीश सिक्का, कैनविन फॉउंडेशन के संस्थापक डीपी गोयल, सोनू तायल, रजनीश राठी, अमन हुड्डा, बाली पंडित, गगन गोयल, ललित क्रांतिकारी, कमांडर उदयवीर यादव, विजयपाल यादव, हरकेश प्रधान, ईशू वाल्मीकि, हरीश यादव, राजेन्द्र प्रधान, योगेश शर्मा आचार्यपुरी, पारस बक्शी, सन्दीप भारद्वाज, सन्तोष ठाकुर, रतन लाल गुप्ता, बलबीर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# भारत तिब्बत सहयोग मंच ने भोले बाबा का किया जलाभिषेक

## कैलाश मानसरोवर की चीन से मुक्ति की करी कामना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के झाड़सा स्थित मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करते भारत तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल व अन्य।

**कैलाश** मानसरोवर की मुक्ति के लिए श्रावण संकल्प के तहत भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय मंत्री प्रमोद गोयल के सानिध्य में और हरियाणा प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल की अध्यक्षता में शिवरात्रि पर्व पर श्री कृष्ण मंदिर झाड़सा (गुरुग्राम) में भोले बाबा के मंदिर में दर्शन और गंगाजल से विधिवत पूजन कर शिवलिंग का अभिषेक किया गया।

भारत तिब्बत सहयोग मंच के सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं ने कैलाश मानसरोवर की चीन से मुक्ति के लिए श्रावण संकल्प लिया व जनमुहिम चलाने का निश्चय किया। सभी ने शंकर भगवान से इस नेक कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए शक्ति देने का आशीर्वाद मांगा। भारत तिब्बत सहयोग मंच के संरक्षक इंद्रेश जी के मार्गदर्शन और राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल के आह्वान पर 5 जून से 12 अगस्त तक चलने वाले पौधारोपण अभियान के तहत श्री कृष्ण मंदिर के प्रांगण में पौधारोपण किया। उनकी देखभाल करने का वचन भी लिया। इसके बाद राष्ट्रीय मंत्री प्रमोद गोयल ने आगामी 19 से 24 नवंबर के बीच आयोजित तवांग यात्रा के संबंध में जानकारी दी।

पंकज गोयल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष होने वाली इस ऐतिहासिक यात्रा में तिब्बत के बॉर्डर पर जाने का अवसर बहुत ही दुर्लभ और सुंदर अनुभव है। उन्होंने तवांग यात्रा के लिए सभी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में शमिल होने का आग्रह किया। प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि भोले बाबा की आशीर्वाद हम सब पर हो, इस पूजन कार्यक्रम में आराधना की गई। कैलाश मानसरोवर की चीन से मुक्ति के लिए भारत तिब्बत सहयोग मंच की ओर से लगातार सकारात्मक कार्य किया जा रहा है। देश में जागरुकता के साथ सरकारों से भी मजबूती से मांग की जा रही है। मंच इस कार्य में शत-प्रतिशत सफल होगा।

मंगलवार को मंदिर में पूजन और शिव लिंग के अभिषेक के दौरान बाद राष्ट्रीय मंत्री प्रमोद गोयल, प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल, अजय जैन, युधिष्ठिर कौशिक, गिरीश सिंघल, निशान्त अहलावत, प्रतीक यादव, नमन गोयल, अनूप तंवर व अन्य साथी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री की घोषणा होने से लेकर 45 दिन में काम हो शुरू, ऐसी व्यवस्था होगी : देवेंद्र

## पंचायत मंत्री ने गुरुग्राम में की ग्रामीण विकास की योजनाओं की समीक्षा



गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में अधिकारियों की बैठक लेते मंत्री देवेंद्र सिंह बबली।

**गुरुग्राम।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने मंगलवार को गुरुग्राम में विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें उन्होंने पंचायत विभाग से संबधित योजनाओं पर प्रगति का ब्यौरा लिया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर कार्यों के अनुमान जल्द तैयार करके स्वीकृति के लिए मुख्यालय भिजवाएं। इस कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए, क्योंकि जब मुख्यमंत्री द्वारा किसी कार्य की घोषणा की जाती है तो लोगों को बहुत उमीद हो जाती है कि वह कार्य अब पूर्ण होगा। उन्होंने अधिकारियों से मुखातिब होते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर विकास कार्य समयबद्ध तरीके से करवाए जाएं। जो कार्य किसी कारणवश नहीं हो सकते, उसका कारण स्पष्ट करें। पंचायत मंत्री ने कहा कि मुख्यालय पर मामला पहुंचने के बाद अधिकतम एक महीने में फाइल क्लीयर होगी। मुख्यालय पर कार्यों को स्ट्रीम लाईन कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि घोषणा होने से लेकर धरातल पर काम शुरू होने तक का समय 45 दिन हो, उस स्तर पर हम इस व्यवस्था को लेकर आना चाहते हैं। इस दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी काम ज्यादा समय तक अधर में लटका ना रहे, क्योंकि उससे खर्च की गई धनराशि बेकार जाती है। उस कार्य को पूर्ण करवाने के लिए अधिकारी रूचि लेकर काम करें। बैठक में बताया गया कि गुरुग्राम जिला के ग्रामीण क्षेत्र में मुख्यमंत्री की कुल 54 घोषणाएं थीं, जिनमें से 28 पूरी हो चुकी हैं। 19 पर कार्य प्रगति पर है और 7 घोषणाओं पर अभी कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

उन्होंने कहा कि गांवों में भी शहरों की तर्ज पर विकास हो, ऐसी व्यवस्था वर्तमान सरकार करना चाहती है। गांवों का समुचित विकास करने का रोड मैप तैयार करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हम पुरानी व्यवस्थाओं को बदल रहे हैं और यह कार्य आपके सहयोग से ही संभव हो सकता है, इसलिए सभी अधिकारी गांवों में जाएं और ग्रामीणों की जरूरत के अनुसार विकास कार्यों की योजना बनाएं। पंचायत मंत्री ने कहा कि गांवों में कई सरकारी बिल्डिंग बेकार पड़ी हैं, अब हमने उनका जीर्णोद्धार करके उनके सदुपयोग की योजना बनाई है।

# बोल बम के जयकारों के साथ किया जलाभिषेक

## सुबह चार बजे से लगी रही भीड़

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना में शिव मंदिर परिसर में जलाभिषेक करने से पहले पूजा अर्चना करते हुए कांवड़िए और परिजन।

**बोल** बम... के जयकारों के साथ हरिद्वार और नीलकंठ से गंगा जल लेकर आए कांवड़ियों ने भगवान शिव के मंदिरों में शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। जलाभिषेक सुबह चार बजे से शुरू हो गया था। मंदिरों में पूजारियों ने जलाभिषेक को लेकर देर रात में ही तैयारियां शुरू कर दी थी।

आसमान से धीरे-धीरे फव्वारों के साथ हो रही बारिश में भीगते हुए कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया। शहर और ग्रामीण क्षेत्र में बने भगवान शिव के मंदिरों में मंगलवार सुबह चार बजे से जलाभिषेक की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। परिजन जलाभिषेक के बाद कांवड़ लाने वाले सदस्य को ढोल-डीजे के धुनों पर घर लेकर गए। इस अवसर पर मंदिरों में प्रसाद वितरण किया गया। शहर के सैनी धर्मशाला में बने शिव मंदिर से लेकर दुर्गा कॉलोनी, शिव कॉलोनी, पहाड़ कॉलोनी, शिव कुंड, बालूदा मार्ग, फ्रेंड्स कॉलोनी, पहाड़ी स्कूल, राममंदिर, बांध कॉलोनी, बालूदा और ग्रामीण क्षेत्र के गांव खेड़ला, दमदमा, अभयपुर, लोहटकी, सिरसका, खाईका, लाखूवास, हरचंदपुर, निमौठ, खेडली लाला आदि में गांवों में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया।

### डाक कांवड़ियों का लगा रहा ताता

मंगलवार को भी एलिवेटेड गुरुग्राम-सोहना मार्ग पर डाक कांवड़ लेकर आए कांवड़ियों का ताता लगा रहा। दोपहर बाद तक जिला नूंह अलवर राजस्थान जाने वाले कांवड़िए मार्ग पर दौड़ते हुए नजर आए। जिनकी सेवा में स्थानीय शहर थाना पुलिस मार्ग के प्रत्येक कट, मोड़ और चौक-चौराहों पर सोमवार सुबह आठ बजे से तैनात रही।

# नागरिक अस्पताल में महिला डॉक्टर से भद्रता, सुरक्षा गार्डों पर हमला

**सोहना।** नागरिक अस्पताल में रोगी के साथ आए परिजनों ने महिला डॉक्टर समेत सुरक्षा गार्डों के साथ मारपीट कर दी। घायल सुरक्षा गार्ड को नूंह के नल्हड़ अस्पताल में दाखिल कराया है। पुलिस ने डॉक्टर की शिकायत पर एक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

नागरिक अस्पताल के आपातकाल वार्ड में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर चित्रा राठौड़ ने पुलिस को बताया कि सोमवार शाम करीब सवा छह बजे करतार सैनी निवासी सोहना अपनी पत्नी को लेकर आया था। उसके साथ दो बेटे थे। पत्नी को कुत्ता ने गंभीर रूप से काटा हुआ था। जिसके कारण करतार की पत्नी को उन्होंने गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया था। क्योंकि महिला में खून की कमी होने के कारण उसे होम्योग्लोबिन का इंजेक्शन की जरूरत थी। यह इंजेक्शन स्थानीय अस्पताल में नहीं होता है। महिला को रेफर किए जाने पर करतार सैनी गुस्से में वीडियो बनाते-बनाते हुए उसे गालियां देने लगा। उससे अभद्र शब्द कहने पर मौके पर मौजूद सुरक्षा गार्ड कर्मचारी इमरान व मुश्लिम ने करतार को मना किया। जिससे करतार ने अपने हाथ में ली हुई नुकूली लोहे की वस्तु से उसके सिर पर हमला कर दिया। दोनों सुरक्षा गार्डों को लातघूसे मारे। इमरान नुकूली वस्तु के लगने से खून बहने से लथपथ हो गया। आरोपियों के खिलाफ पुलिस को फोन से सूचना दी। जब तक पुलिस मौके पर आती, उससे पहले करतार और उसके दोनों बेटे मारपीट करके अस्पताल परिसर से बाहर चले गए। शहर थाना पुलिस ने करतार सैनी के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

# अमेजन डॉट इन पर मानसून स्टोर पर हो रही है डील्स की बारिश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




## मानसून में उपयोगी चीजों, ब्यूटी और ग्रूमिंग प्रोडक्ट्स, होम और पर्सनल केयर हेल्थ इसेंशियल्स एप्लाएंसेस, स्मार्टफोन किचन एक्सेसरीज आदि पर उठाएं ऑफर्स का फायदा

**अमेजन** डॉट इन पर मानसून स्टोर के साथ इस मानसून सीजन के लिए हो जाएं तैयार। ग्राहक मानसून में उपयोगी चीजों जैसे रेनकोट और प्रोटेक्टर्स, होम केयर और पेस्ट कंट्रोल, इमरजेंसी लाइट, वाटरप्रूफ ब्यूटी और ग्रूमिंग प्रोडक्ट्स, हेल्थ और हाइजीन सप्लीमेंट्स, होम एंड किचन एप्लाएंसेस आदि पर रोमांचक ऑफर्स और डील्स का फायदा उठा सकते हैं। यह स्टोर 30 सितंबर, 2022 तक लाइव रहेगा।

ग्राहक 25 से 29 जुलाई, 2022 के बीच बैंक ऑफ बड़ौदा क्रेडिट कार्ड/क्रेडिट ईएमआई और सिटी बैंक क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/क्रेडिट ईएमआई का उपयोग करके अतिरिक्त 10 प्रतिशत बचा सकते हैं। ग्राहक मानसून सीजन का आनंद उठाने के लिए तैयारी कर रहे हैं, तब ऐसे में वह अमेरिकन टूरिस्टर, मार्क्स एंड स्पेंसर, हार्पा, स्पार्क्स, लिबर्टी, पैनासॉनिक, लॉयड और अन्य टॉप ब्रांड्स से रोमांचक डील्स और ऑफर्स का फायदा उठा सकते हैं। इसके अलावा, ग्राहक मानसून की जरूरी चीजों का स्टॉक कर सकते हैं और विभिन्न कैटेगरी में वाटर रेसिसटैंट बैग्स, वाटरप्रूफ गैजेट्स और स्मार्टवॉच, फिटनेस एक्सेसरीज, वॉशिंग मशीन, ट्रैवल लगैज और एक्सेसरीज आदि पर शानदार ऑफर्स हासिल कर सकते हैं।

ग्राहक अपने अमेजन शॉपिंग ऐप (केवल एंड्रॉयड पर) पर वॉइस फीचर का उपयोग कर मानसून स्टोर पर डील्स का पता लगा सकते हैं। उन्हें केवल अपने अमेजन ऐप पर दाईं तरफ अलेक्जा बटन को टैप करना है और कहना है - अलेक्जा, मानसून स्टोर पर जाओ और वे ऑटोमैटिकली सीधे स्टोर पर पहुंच जाएंगे। मानसून स्टोर पर टॉप ऑफर्स और डील्स को यहां देखा जा सकता है।

# हरिद्वार से लौटकर शिवभक्तों ने किया भोले का जलाभिषेक

## कांवड़ यात्रा के दौरान जगह-जगह जाम लगने से फैल रही अव्यवस्था

**कविता।** फरीदाबाद


भोलेनाथ पर जल चढ़ाते कांवड़िये।


डाक कांवड़ के सामने गिरा बिजली का खम्बा, मौके पर पुलिसकर्मी।


सड़क पर फैलकर चलते कांवड़िये।


कांवड़ियों के कारण लगे जाम में फंसी एम्बुलेंस।

**सावन** के महीने में पड़ने वाली शिवरात्रि को लेकर शहर के मंदिरों को जहां सजाया गया था। वहीं भोले शंकर का शिवरात्रि पर जलाभिषेक करने के लिए भारी संख्या में शिवभक्त पहले ही हरिद्वार के लिए रवाना हो गए थे।

मंगलवार को शिवभक्तों ने हरिद्वार से लौट कर शिवलिंग पर जल चढ़ाकर मुरादें मांगी। वहीं दूसरी तरफ करीब एक माह तक तैयारियां करने के बावजूद शिवरात्रि पर शहर में अव्यवस्था का आलम रहा। शहर भर में जाम लगने से एम्बुलेंस भी करीब 15 से 30 मिनट तक फंसी हुई नजर आई। वहीं सड़कों पर लगे जाम से निपटने के लिए कोई व्यवस्था नजर नहीं आई।

### सड़कों पर जाम

**हाईवे** से लेकर पूरे शहर की सड़कों पर जगह-जगह कांवड़ियों के काफिले नजर आ रहे थे। जिसके कारण शहर के मुख्यमार्गो और गोल चक्करों पर जाम लग गया। जाम के कारण शहर की सड़कों पर कई एम्बुलेंस फंसी हुई नजर आई। एम्बुलेंस को निकलने के लिए करीब 10 से 30 मिनट का समय लग गया। जिससे मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल सका और जाम में एम्बुलेंस सायरन बजाते हुए नजर आई, लेकिन इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

### भगवान शिव का किया जलाभिषेक

**शहर** में ग्रहण की सूचना पर शहर के मंदिरों में सुबह से ही जल चढ़ाने वालों की भीड़ लग गई। सुबह 6 बजे के आसपास कावंड़ियों ने जल चढ़ाया। बाकि बचे हुए कांवड़ियों ने देर शाम सात बजे के बाद रखी हुई कांवड की जगह बदलकर उसके बाद भगवान भोले को जल चढ़ाया। जिसके कारण दिनभर मंदिरों में कांवड़ियों का तांता लगा नजर आया।

### टूटा खम्बा

**सेक्टर-55** के निकट मौजूद सिकरौना गांव में डाक कांवड़ ले जा रहे कांवड़ियों को परेशानी हुई। वहां लगा बिजली का खम्बा अचानक से हरिद्वार से कांवड लेकर लौटे डाक कांवड़ वाले ट्रक के आगे गिर गया। जिसके कारण उसे वहां से निकालने के लिए पुलिस को काफी मेहनत करनी पड़ी। बिजली विभाग को सूचना देकर खम्बे को हटवाया गया और उसके बाद कांवड़ियों की डाक कांवड़ को रवाना किया गया।

# कैसे पढ़ें : 2800 बच्चों के लिए स्कूल में सिर्फ 18 कमरे

## सेहतपुर गांव के स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की हो रही दुर्दशा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


कक्षा के बाहर गैलरी में पढ़ते छात्र।

**सेहतपुर** गांव में स्थित सीनियर सेकेंड्री स्कूल में बच्चों की ज्यादा संख्या को देखते हुए शिफ्टों में चलाया जा रहा था। लेकिन अब फिर से एक शिफ्ट किये जाने से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की काफी दुर्गति हो रही है। स्कूल में 2800 बच्चे पढ़ते हैं, लेकिन इनके बैठने के लिए सिर्फ 18 कमरों की ही व्यवस्था है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बच्चों किस तरह से स्कूल में बैठकर पढ़ना पड़ता होगा, लेकिन किसी को इन बच्चों की फिक्र नहीं है।

जानकारी के मुताबिक सेहतपुर स्थित स्कूल में करीब 2800 बच्चों के लिए 21 कमरे हैं। इनमें स्टॉफ रूम, इंचार्ज रूम, कंप्यूटर रूम शामिल हैं। कई कमरों में सामान भरा हुआ है। ऐसे में बच्चों के लिए पर्याप्त कमरे नहीं है। कुछ समय पहले यहां के जर्जर 18 कमरों को तोड़ दिया था। इस समस्या को देखते हुए तत्कालीन शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी ने स्कूल को दो शिफ्ट में चलाने की व्यवस्था की थी। जिससे बच्चों को पढ़ने में आसानी हो रही थी, लेकिन उनके तबादले के बाद आई शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी ने स्कूल को एक शिफ्ट में कर दिया। जिससे बच्चों को बैठने के लिए स्कूल में पर्याप्त कमरों की समस्या फिर उत्पन्न हो गई है।

बच्चों को बरामदे में बैठाया जा रहा है। बरामदे में कई कक्षाओं के बच्चे बैठते हैं। इससे अध्यापक नहीं पढ़ा पाते और न ही वे पढ़ाने में रूचि लेते हैं। बरामदे और कमरों में पंखे भी नहीं हैं। अब तो बारिश के कारण गर्मी से बच्चे काफी परेशान हैं, इससे पहले गर्मी में तो बच्चे बेहाल हो रहे थे। इस समस्या को लेकर स्कूल प्रबंधन कमेटी ने एक शिफ्ट का विरोध किया था। क्योंकि दो शिफ्टों में पढ़ाई आसानी से हो रही थी। नियमों के मुताबिक इस कमेटी का निर्णय मान्य होता है, लेकिन अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। गांव के भूपेंद्र शर्मा भी इस समस्या के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से मिलने गए थे, लेकिन अधिकारी नहीं मिली तो उन्होंने शिकायत कार्यालय में दे दी है।

इस बारे में खंड शिक्षा अधिकारी मनोज मित्तल का कहना है कि उच्च अधिकारियों ने स्कूल को एक शिफ्ट में चलाने के निर्देश दिए हैं। जिसके कारण स्कूल को एक शिफ्ट में कर दिया गया है। अधिकारियों के आदेशों की पालना की जा रही। वहीं दूसरी तरफ इसका खामियाजा स्कूल के मासूम बच्चों को उठाना पड़ रहा है।

## सोशल मीडाया पर महिला की फोटो वायरल करने पर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** महिला थाना सैन्ट्रल प्रभारी गीता की टीम ने सोशल मीडाया पर फेक आईडी बनाकर महिला की फोटो वायरल करने वाले आरोपी प्रवीण कुमार उर्फ नरेश कुमार (40 वर्ष) को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी प्रवीण उत्तराखंड के उधम सिंह जिले के गांव चकरपुर का रहने वाला है। महिला थाना में आरोपी के खिलाफ नौ मार्च को सोशल मीडाया पर फेक आईडी बनाकर फोटो वायरल करने की शिकायत मिली थी। जिसपर आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम ने अपने सूत्रों से गुजरात के द्वारकाधीश का पता लगा। जिसपर महिला थाना प्रबन्धक ने अपने नेतृत्व में अजय सिंह, कविता, सिपाही नरेश,जयवीर की टीम नियुक्त कर गुजरात के द्वारकाधीश में रेड की जहां से आरोपी को काबू कर फरीदाबाद लाया गया। आरोपी गुजरात के एक होटल में वेटर का काम करता है। आरोपी से पूछताछ में पता चला की आरोपी की पीडित से पहंचान इंस्टाग्राम से हुई थी। आरोपी ने इंस्टाग्राम से फोटो ली थी। आरोपी ने MX TAKATAK पर 3 फेक आई डी बनाकर अश्लील कमेंट कर पीडिता का फोन नम्बर बात करने के लिए वायरल कर दिया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है।

## कांवड़िए की मौत पर परिजनों ने दोस्तों पर लगाया हत्या का आरोप



### मेरठ से आई कांवड़िये की डेडबॉडी की पुलिस ने करवाई जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**खेड़ीपुल** थाना इलाके से अपने दोस्तों के संग कांवड़ लेने निकले एक कांवड़िये की मौत मेरठ में हो गई। जिसका मेरठ पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के पहुंचने से पहले कराये पोस्टमार्टम पर परिजनों को शक हो गया। जिस पर परिजनों ने मंगलवार को खेड़ीपुल थाने में पहुंचकर हंगामा करते हुए न्याय की मांग करते हुए दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है। जिस पर पुलिस ने शव की जांच बीके अस्पताल से कराने की बात कहकर परिजनों को शांत कराया है।

**यह है पूरा मामला :** गंगा ने बताया कि उसका बेटा गत 22 जुलाई को हरिद्वार अपने कुछ दोस्तों के संग कांवड़ लेने निकला था, लेकिन एक दिन जब उसकी पत्नी ने फोन किया, तो कोई बात नहीं हुई। जिस पर लगातार फोन करने पर पुलिस ने फोन उठाया और बताया कि उसकी मौत हो चुकी है, लेकिन अचानक से मौत की बात सुनकर और रात होने के कारण वह मौके पर नहीं पहुंच सके। जिस कारण पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर गत दिवस परिजनों को शव सौंप दिया। मेरठ पुलिस द्वारा जल्दबाजी में पोस्टमार्टम दोस्तों के सामने कराने से परिजनों को शक हुआ और वह न्याय की मांग करने मंगलवार को थाने में पहुंच गए। जहां उन्होंने पहले तो मेरठ पुलिस के खिलाफ शिकायत देनी चाही, लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं किया, तो उन्होंने दोस्तों के ऊपर हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराने की मांग की है और मृतक को न्याय की मांग की है। मृतक के बच्चे भी है। मृतक कम्पाउंडर का काम करता था। वहीं इस विषय में एसीपी सतपाल यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम मेरठ में हुआ है, जोकि वहां की पुलिस के अनुसार हुआ है।

## फ्लैट ऑनर्स ने विधायक को सौंपा ज्ञापन


तिगांव के विधायक को ज्ञापन सौंपते ओमेक्स स्पा विलेज ऑनर के एसोसिएशन के सदस्य।

**फरीदाबाद।** विधायक राजेश नागर ने ओमेक्स स्पा विलेज ऑनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों की समस्याएं सुनीं और उन्हें जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। फ्लैट ऑनर्स ने कहा कि आपने पहले भी हमारा बड़ा सहयोग किया है, आगे भी आपसे सापेक्ष की आशा करते हैं।

फ्लैट ऑनर्स ने कहा कि तिगांव रोड की बड़ी हालत खराब है। सडक़ टूटी फूटी और गड्ढों से भरी हुई है जहां से गुजरना बड़ा मुश्किल होता है। सड़क टूटी होने के कारण ट्रैफिक काफी धीमा चलता है और वाहनों को भी दिक्कत हो रही है। जिससे उनका फ्यूल आदि पर खर्चा बढ़ गया है। उन्होंने विधायक राजेश नागर को बताया कि उनके यहां नए बड़े पेड़ भी लगवाए जाएं जिससे हरित फरीदाबाद का सपना पूरा किया जा सके। लोगों ने उनकी सोसाइटी में बच्चों के झूले और कुछ बैंचेज भी लगवाने की मांग की। विधायक राजेश नागर ने कहा कि आपके क्षेत्र में सभी विकास कार्यों को कराने के लिए वह प्रतिबद्ध हैं। सड़कों आदि का काम तेजी से किया जा रहा है। इसके साथ ही क्षेत्र में वर्ल्ड क्लास स्टेडियम, बड़े पार्क आदि पर भी काम चल रहा है।

## भाजयुमो ने निकाली तिरंगा यात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



तिरंगा यात्रा निकाल कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते समाजसेवी और बच्चे।

**भाजपा** युवा मोर्चा ने मंगलवार को डबुआ स्थित केडी सी.सै. स्कूल से प्रभात फेरी के रूप में तिरंगा यात्रा निकाली और कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यात्रा का नेतृत्व युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पंकज सिंगला एवं संयोजन आदेश यादव ने किया। प्रभात फेरी में 16 से 18 वर्ष के युवाओं को कारगिल युद्ध की पूरी गाथा सुनाई गई। बताया कि युद्ध के दौरान हमारे देश के प्रधानमंत्री कौन थे और किस प्रकार शहीदों ने अपनी जान पर खेलकर दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए। केडी सी.सै. स्कूल डबुआ कॉलोनी से यात्रा आरंभ कर बाजार में होते हुए कॉलोनी से लगभग 5 किलो मीटर फेरी के बाद स्कूल पर समाप्त हुई।

मौके पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों को फूल अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके शौर्य वीरता व अदम्य साहस को सराह कर सत सत नमन किया गया। यात्रा के दौरान युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पंकज सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद तेजस्वी सूर्या लाल चौक, कश्मीर से यात्रा शुरू कर कारगिल में आज इसका समापन करेंगे। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस घुसपैठ करने वाले पाकिस्तानी सैनिकों पर भारतीय सैनिकों की जीत के उपलक्ष्य में आज 26 जुलाई पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। डॉ आर एन सिंह जिला महामंत्री, नंगला मंडल अध्यक्ष कविंद्र चौधरी, आदेश यादव, गोल्डी अरोड़ा, सचिन ठाकुर, जिला सचिव कार्तिक वशिष्ठ आदि शामिल हुए।

## नि:शुल्क सहायक उपकरण माप जांच शिविर का आयोजन

**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन में राष्ट्रीय व्योश्री योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद जिला के दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण के लिए आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पनहेड़ा खुर्द और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहना में जांच माप शिविरों का आयोजन किया। शिविर में कुल 27 दिव्यांगजन एवं 86 वरिष्ठ नागरिकों ने सहायक उपकरणों के लिए जांच और माप करके पंजीकरण किया गया है। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के सचिव विकास कुमार ने बताया की इन शिविरों का लाभ जरूर लें।

# कारगिल शहीदों को याद किया

## जिला बार एसोसिएशन ने कारगिल शहीदों के दी श्रद्धांजलि

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


जिला बार एसोसिएशन द्वारा कारगिल विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित करते वकील।

**जिला** बार एसोसिएशन फरीदाबाद द्वारा बार रूम में कारगिल विजय दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बार के सभी अधिवक्ता गण उपस्थित रहे। सभी अधिवक्ता गणों ने शहीदों के प्रति अपने-अपने भाव प्रकट किए।

जिला बार एसोसिएशन फरीदाबाद के प्रधान केपी तेवतिया ने पुष्प चढ़ाकर सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी और अपने विचार प्रकट किए। प्रधान केपी तेवतिया ने कहा कि आने वाला समय बहुत ही ऐतिहासिक है। हमारे देश के जवान अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं और हमें भी उनकी कानूनी मदद करनी चाहिए। केपी तेवतिया ने अपने जीवन की कुछ बातें साझा करते हुए बताया कि उनके छोटे भाई रतन सिंह फौजी ने भी भारतीय सेना में मातृभूमि की सेवा की है व उन्हें भारत की सेना से इतना प्रेम था कि जिस समय कारगिल युद्ध हुआ उस समय फरीदाबाद के कुछ जवान युद्ध के दौरान शहीद हुए थे, तो वह उन सभी शहीद जवानों के परिवार से मिलने उनके घर भी गए थे व उनकी आर्थिक सहायता भी की थी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला बार एसोसिएशन के महासचिव संदीप पाराशर, उपाध्यक्ष कुंवर दीपू सिंह रावत, संयुक्त सचिव आशीष अरोड़ा, ओपी शर्मा पूर्व चेयरमैन बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणाए पीके मित्तल, नरेंद्र अत्री, जेपी अधाना, सतीश तेवतिया, गोपाल दत्त, ओमवीर धनकड़, राजकुमार शर्मा, नरेंद्र शर्मा, वीरेंद्र पाल गुर्जर, संजय तेवतिया, प्रेम दत्त शर्मा, अन्य युवा अधिवक्ता सुरेंद्र खौड़ीवाल, संजीव अत्री, आरती शर्मा, गौरव चपराना, सारिका नागर, हरीश भड़ाना, जुगल किशोर, हिमांशु तेवतिया, प्रशांत यादव, कुंवर राहुल पवार, दिनेश तोमर सहित अनेक अधिवक्तागण शामिल रहे।

## अर्जुन हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** आपको बता दे कि 24 जुलाई को किसी ने अर्जुन की हत्याकर लाश को आगरा नहर में फेंक दिया था। क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार मुख्य आरोपी बदलू बल्लभगढ़ की शिव कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी शादियों में बैंड बाजा बजाने का काम करता है मृतक अर्जुन भी आरोपी के साथ ढोल बजाता था। क्राइम ब्रांच टीम ने सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर आरोपी को सीही गांव तिगांव रोड़ से गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि मृतक अर्जुन उसके पास दिहाड़ी के पैसे लेने के लिए आया था। जिसके साथ किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा हो गया। आरोपी ने अपने घरवालों के साथ मिलकर अर्जुन की हत्या कर आगरा कैनाल के पास झाड़ियों में लाश फेंक दी। मामले में गहनता से पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

## कारगिल विजय दिवस पर युद्ध नायकों को श्रद्धांजलि दी



**फरीदाबाद।** कारगिल विजय दिवस की 23वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन कर कारगिल युद्ध के बहादुर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

विश्वविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों ने विवि की युद्ध स्मारक दीर्घा पर एकत्रित हो भारतीय सेना के युद्ध नायकों को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन विवि के एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में किया था, जिसका संचालन निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रदीप डिमरी, डॉ. बिंदु मंगला तथा डॉ. उमेश ने किया। अपने संदेश में कुलपति प्रो. तोमर ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमारे सशस्त्र बलों की असाधारण वीरता, पराक्रम और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की पराक्रम गाथा का वर्णन गीतों और कविताओं के माध्यम से किया। इस अवसर पर एनएसएस के छात्रों को उनके सामाजिक योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पहले विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने देशभक्ति के नारों के पोस्टर लेकर परिसर में एक रैली का आयोजन किया और विद्यार्थियों को कारगिल विजय दिवस के महत्व से अवगत कराया।

# संक्षिप्त समाचार

## ब्राह्मण सभा ने किया शहीद को नमन


कारगिल विजय दिवस पर शहीद जयभगवान की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि देते अखिल भारतीय ब्रह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और ग्रामीण।

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने गांव हीरापुर में कारगिल विजय दिवस पर शहीद जयभगवान शर्मा स्मारक पर कारगिल विजय कार्यक्रम आयोजित किया और शहीद जयभगवान शर्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित कर शहीदों को नमन किया। सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा आज बहुत ही ऐतिहासिक व गौरवशाली दिन है शहीदों ने हंसते हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी मगर देश की शान को आंच नहीं आने दी हम इन्हीं की मेहरबानी से खुली हवा में सांस ले रहे हैं इस अवसर रामजीलाल, शंकर, रामानुजन, धीरज कौशिक, दीपक आजाद, महीपाल जसवंत पंवार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री ने कांवड़ियों से पूछी समस्याएं


जनता कॉलोनी प्याली चौक के निकट कांवड़ शिविर में कांवड़ियों से बातचीत करते कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा।

**फरीदाबाद।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री पं मूलचंद शर्मा ने आज मंगलवार को बल्लभगढ़ विधानसभा में लोगों के सुख दुख में शामिल हो कर शोक व्यक्त किया। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा बल्लबगढ़ बाजार में पूर्व पार्षद राजेंद्र अग्रवाल के घर पहुंच कर उनका हाल चाल जाना। पूर्व पार्षद राजेंद्र अग्रवाल पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे, अब उनके स्वास्थ्य में काफी सुधार है। तत्पश्चात कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने शिव कावड़ संघ की ओर से जनता कॉलोनी में प्याली चौक के पास लगाए गए 16वें कावड़ शिविर में पहुंच कर कावडियो की समस्याओं की जानकारी ली। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री पं मूलचंद शर्मा ने कावड़ लेकर आए भक्तजनों को बधाई भी दी। इस मौके पर जनता कालोनी के लोगो ने कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत भी किया।

## अग्रवाल महाविद्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के निर्देशन पर वृक्षारोपण पखवाड़ा 14 जुलाई 2022 से 28 जुलाई 2022 तक महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता की देखरेख में मनाया जा रहा है। महाविद्यालय में कार्यरत विभिन्न इकाइयों जैसे एनएसएस, एनसीसी, स्वच्छता सेनानी, वाईआरसी के स्वयं सेवक व स्वयं सेविकाओं अनेक गतिविधियों द्वारा इसमें सक्रिय भागीदारी दर्ज करा रहे हैं 26 जुलाई को इसी प्रक्रिया में एनएसएस स्वयंसेवकों और स्वच्छता सेनानियों ने मिलकर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसका आयोजन प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत के दिशा निर्देश में मोहिनी वर्मा और डॉ. सीमा मलिक ने मिलकर किया। प्रतियोगिता में नरेंद्र सिंह, लक्ष्मी, सोनिया, दीपक, हिमिका व 15 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि पौधारोपण करना और पर्यावरण बचाना हमारा नैतिक कर्तव्य है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने कहा कि भविष्य के लिए ऑक्सीजन तथा जरूरी आवश्यकता की पूर्ति के लिए पेड़ पौधों का संरक्षण करना अत्यंत आवश्यक है। इसमें चंचल (बीबीए) ने पहला , नरेंद्र सिंह (बी वोक एसडी) और पूजा (बीकॉम सीए) ने दूसरा और चंचल (बीकॉम सीए) ने तीसराऔर

## शिवरात्रि पर मानव सेवा समिति ने लगाए पौधे


सेक्टर 8 स्थित महिला पॉलिटेक्निक में पौधा लगातीं मानव सेवा समिति के सदस्य।

**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति ने 'पौधा लगाओ उसे पेड़ बनाओ' अभियान को जारी रखते हुए सावन की शिवरात्रि पर मंगलवार को सेक्टर 8 स्थित महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रांगण में बेल, अनार अमरूद, नीम के पांच बड़े पौधे लगाकर उन्हें पेड़ बनाने का संकल्प लिया। महिला पॉलिटेक्निक की प्रिंसिपल मीनू वर्मा के नेतृत्व में लगाए गए इस पौधारोपण कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, चेयरमैन अरुण बजाज, महासचिव सुरेंद्र जग्गा, प्रोजेक्ट चेयरमैन अमर बंसल, सांसें मुहिम के संयोजक जसवंत पवार, महिला मंडल की सदस्य रमा सरना, सीमा मंगला, मोनिका गोयल, शीतल लूथरा, वरिष्ठ सदस्य एमएल मोदी सहित पॉलिटेक्निक स्टाफ के शिक्षाविद सुशीलजी, अनुराधा डांडा, सुमन मुंजाल, त्रिलोक चंद,पदम सिंह,नीलम राठी, सोनिया, विजय मल्होत्रा, मोहित, अजय सपरा, सविता ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर प्रिंसिपल मीनू वर्मा ने कहा कि मानव सेवा समिति ने पौधा लगाकर उसे पेड़ बनाने का जो संकल्प अभियान चलाया है वह सराहनीय व प्रशंसनीय है। सुरेंद्र जग्गा ने बताया कि समिति का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## घर से निकले किशोर को पुलिस ने मात्र एक घंटे में तलाशा

**फरीदाबाद।** डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल सिंह के द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए थाना सिटी बल्लभगढ़ प्रबंधक की पुलिस चौकी अग्रसेन टीम ने घर से गुम हुए 14 वर्षीय बच्चे को मात्र एक घंटे में बल्लभगढ़ सिटी पार्क के पास से तलाश कर परिजनों के हवाले किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि प्राप्त सूचना से पता चला कि बच्चा अपने घर से अपने ताऊ के घर जाने के लिए रात्रि आठ बजे निकला था जो ताऊ के घर नौ बजे तक भी नहीं पहुंचा तो घर वालों ने अपने तौर पर बच्चे को तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं लगने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस चौकी अग्रैसन प्रभारी राजेन्दर ने तुरंत एक टीम बनाकर बच्चे की तलाश शुरु कर दी। पुलिस चौकी इंचार्ज ने कंट्रोल रूम में बच्चे के गुम होने की सूचना भेज कर फरीदाबाद के सभी थानों और चौकियों में सूचना भिजवाई। पुलिस चौकी इंचार्ज ने बच्चे की तलाशी के लिए एक स्पेशल टीम बनाकर तलाश शुरू कर दी। पुलिस टीम ने बच्चे के फोटो पुलिस के द्वारा बनाए गए सोशल मीडिया ग्रुप में भेज कर बच्चे की तलाश की लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। जो बच्चे को पुलिस टीम ने गस्त कर बल्लभगढ़ सिटी पार्क के पास मदर डेरी से बरामद किया था। पुलिस टीम ने बच्चे से पूछताछ की तो बच्चा कुछ जबाब नहीं दे रहा था। पुलिस टीम ने बच्चे को सकुशल परिवार वालों के हवाले करते हुए आगे से बच्चे का ध्यान रखने की हिदायत दी। बच्चे के परिवार वालों ने पुलिस टीम का तह दिल से धन्यवाद किया।

## यूक्रेन युद्ध
### खाद्य संकट का कारण

**ओडेसा** बंदरगाह शहर पर रूसी सेना के हमलों ने संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा कराया समझौता खटाई में फंस गया है जिसका उद्देश्य वैश्विक खाद्य संकट से निपटना था। यूक्रेन के राष्‍ष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की ने उचित ही शनिवार को ओडेसा बंदरगाह शहर पर हुए हमलों को बर्बरता की सीमा कहा है। मिसाइलों से किए गए हमले से संयुक्त राष्ट्र द्वारा कराया समझौता संकट में पड़ गया है जिसका उद्देश्य काला सागर क्षेत्र से खाद्यान्नों की आपूर्ति सुनिश्चित कर विश्व खाद्य संकट में राहत पहुंचाना था। क्रेमलिन ने हमेशा की तरह झूठ बोलते हुए दावा किया है कि उसका लक्ष्य सैनिक ढांचागत संरचना थी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव जनरल एंटोनियो गुटरेस इससे और हतोत्साहित हुए हैं क्योंकि विश्व संस्था का सम्मान मिट्टी में मिल गया है। जब रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने अकारण व अनावश्यक रूप से असहाय युक्रेनवासियों पर हमला बोला था तब गुटरेस ने पुतिन से मंद स्वरों में भावुक अपील की थी। उन्होंने कहा था, 'राष्ट्रपति पुतिन, मानवता के नाम पर अपने सैनिकों को रूस में वापस बुला लें।' यह एक प्रकार से घेरे में फंसी किसी हिंदी फिल्म नायिका द्वारा प्रेम चोपड़ा या रनजीत जैसे खलनायकों से की जाने वाली प्रार्थना थी कि 'भगवान के लिए मुझे छोड़ दो'। अब रूस, यूक्रेन तथा मध्यस्थ तुर्की द्वारा हस्ताक्षरित समझौते के बाद संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा है कि समझौता 'उम्मीद की किरण' था। लेकिन समझौते पर हस्ताक्षर होने के 24 घंटे के भीतर यह उम्मीद टूट गई है। सीएनएन की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'गुटरेस तथा उन सभी लोगों के लिए दुःख की बात है कि समझौते ने आखिरकार रूस पर विश्वास करने की सीमा स्पष्ट कर दी है। महीनों तक चले राजनयिक गतिरोध के बाद आखिरकार मास्को और कीव इस समझौते पर सहमत हुए थे।' पुतिन का रूस लगातार एक दुष्ट देश की तरह व्यवहार कर रहा है, दोमुंही बाते कर रहा है तथा उन पर अमल करते हुए हमले कर पड़ोसियों को आतंकित कर रहा है।



हालांकि, कुछ नैतिक व तार्किक आधारों पर पुतिन की आक्रामकता को उचित ठहराया जा सकता है। उन्होंने यूक्रेन पर नरसंहार का आरोप लगाया, पर बड़ी संख्या में हत्याओं के कोई प्रमाण नहीं दिए। उन्होंने कहा कि वे यूक्रेन के 'वि-सैन्यीकरण व वि-नाजीकरण' के पक्ष में हैं। लेकिन जेलेन्स्की एक यहूदी है और उन्होंने पूछा 'मैं नाजी कैसे हो सकता हूं?' ऐसा भी नहीं है कि यूक्रेन में यहूदीवाद-विरोध का वर्चस्व हो या जेलेन्स्की केवल प्रतीकात्मक राष्ट्रपति हों, अतः आरोप से कुछ भी सिद्ध नहीं होता है। यूक्रेन द्वारा अपने एक राष्ट्रपति के रूप में यहूदी को चुनना ऐसा तथ्य है जिससे स्पष्ट होता है कि इस पूर्वी यूरोपीय देश में यहूदीवाद-विरोध का लगभग कोई स्थान नहीं है। इस्राइल के अलावा दुनिया में कोई ऐसा देश नहीं है जहां का राज्य प्रमुख यहूदी हो। वास्तव में ऐसा कोई देश तलाशना भी कठिन है जहां कभी कोई यहूदी राष्ट्र या सरकार का मुखिया रहा हो। लेकिन सत्ता और अहंकार के नशे में डूबे पुतिन ने युद्ध शुरू कर दिया और जिसे समाप्त करने का उनका कोई इरादा नहीं दिखता है। ओडेसा हमलों पर प्रतिक्रिया करते हुए यूक्रेनी संसद के सदस्य ओलेक्सी गोनचारेंको ने कहा था कि रूस 'दिखा रहा है कि वह विश्व की खाद्य सुरक्षा को लगातार खतरे में डालना चाहता है।' अमेरिकी विदेश सचिव एंटोनी ब्लिंकेन की प्रतिक्रिया भी निराशा व्यक्त करती है। उन्होंने कहा, 'इस हमले से रूस की प्रतिबद्धता की विश्वसनीयता पर गंभीर संदेह पैदा होता है।' ब्रिटेन में प्रधानमंत्री पद के दो सर्वोच्च दावेदारों में शामिल व विदेश मंत्री लिज ट्रस ने कहा, 'इसने दिखा दिया है कि पुतिन के कहे एक शब्द पर भी विश्वास नहीं किया जा सकता है।' लेकिन समस्या यह है कि व्लादीमिर पुतिन घातक नाभिकीय हथियारों के स्वामी हैं और इसी कारण यह दुनिया एक खतरनाक स्थान बन गई है।

# प्रगति के पथ पर अग्रसर उत्तर प्रदेश

**उत्तर प्रदेश का जालौन पहला जनपद है, जहां 100 फीसदी लोगों को ग्रामीण आवासीय अभिलेख उपलब्ध करा दिए गए हैं। यह बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे बुंदेलों के जीवन को नई ऊंचाइयां देगा।**



**निरंकार सिंह**
(लेखक हिंदी विश्वकोश के पूर्व सह संपादक हैं)



प्रदेश में सड़कों के निर्माण के बाद क्या अर्थव्यवस्था के विकास का मामला अब कई राज्यों से आगे निकल चुका है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के उद्घाटन के समय योगी के काम काज की तारीफ करते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश में पहले खराब कानून व्यवस्था और खराब कनेक्टिविटी के मुद्दे थे। अब बदलाव आया है। उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और कई राज्यों को उसने पीछे छोड़ दिया है। इंफ्रास्ट्रक्चर पर गंभीरता से काम हो रहा है। शिक्षा मैनुफैक्चरिंग में आगे बढ़ रहा है। पूरा हिंदुस्तान उत्तर प्रदेश को अच्छे भाव से देख रहा है। आपको गर्व होना चाहिए पहले की सरकारों के समय हर वर्ष 50 किलोमीटर रेलवे लाइन का दोहरीकरण होता था। अब औसतन 200 किलोमीटर का हो रहा है। 2014 से पहले उत्तर प्रदेश में सिर्फ 11,000 कॉमन सर्विस सेंटर थे, अब एक लाख 30,000 से ज्यादा सेंटर काम कर रहे हैं। पहले उत्तर प्रदेश में 12 मेडिकल कालेज थे अब 35 से ज्यादा है और 14 पर काम चल रहा है। पर यूपी की यही प्रगति विपक्षी दल के कुछ नेताओं को रास नहीं आ रही है। यह उनके ईर्ष्या और घुटन का कारण बन गई है। इसलिए वे प्रदेश में अराजकता और हिंसा फैलाने से भी बाज नहीं आते हैं। लेकिन सरकार की चौकसी और सख्ती के कारण वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। पिछले दिनों प्रदेश में अराजकता और हिंसा फैलाने के आरोप में कुछ नेता गिरफ्तार हुए हैं। बहरहाल अब यूपी ने विकास की रफ्तार पकड़ ली है।

उत्तर प्रदेश बदल रहा है। रोड कनेक्टिविटी के मामले में अब वह देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। उत्तर प्रदेश के सत्ता की दोबारा बागडोर संभालने के बाद मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के कामकाज की शैली ज्यादा प्रभावी और परिणाम मूलक दिखाई दे रही है। उनके तेवरों से नौकरशाही खुद को बदलने को विवश हो रही है तो अपराधियों पर उनका एक्शन और सख्त हो गया है। मुख्यमंत्री का अपना जो नजरिया है, वह अफसरों को हैरत में डालता है। अब वह प्रदेश में चल रही हर योजना की प्रगति की खुद समीक्षा करते हैं। उन्होंने अपने मंत्रियों और विभागों के लिए 100 दिन, 6 माह, 1 वर्ष, 2 वर्ष और 5 वर्ष की कार्ययोजना का लक्ष्य तय कर रखा है। प्रदेश की अति महत्वकांक्षी योजना बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का काम समय से पहले ही पूरा हो गया।

इसका उद्घाटन कुछ ही दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। इस नए एक्सप्रेसवे के कारण बुंदेलखंड की पूरी तस्वीर बदल जायेगी। बेरोजगार युवाओं का पलायन, पानी का संकट और खराब रोड कनेक्टिविटी ही बुंदेलखंड कीसबसे बडी त्रासदी थी।जल जीवन मिशन से हर घर को नल से जल पहुंचाने का काम अंतिम चरण में है।डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर का बड़ा हिस्सा बुंदेलखंड में है। औद्योगिक निवेश आने से बेरोजगारी खत्म होगी और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे वे बनाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्षेत्र को विकास की मुख्य धारा से जोड़ दिया है।यह एक्सप्रेसवे सात जिलों यानी चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, औरैया और इटावा से होकर गुजरता है।

बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे इस इलाके की कनेक्टिविटी में सुधार के साथ-साथ आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देगा। बुंदेलखंड सिर्फ दिल्ली ही नहीं लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, मथुरा-वृंदावन और नोएडा-ग्रेटर नोएडा से जुड़ जाएगा।बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का निर्माण छह पैकेज में हुआ है। चित्रकूट के गोंड़ा से बांदा के मनोखर तक 50.49 किलोमीटर की दूरी है। फिर बांदा से महोबा के कौहारी को जोड़ा गया है। यह दूरी 50.3 किमी है। हमीरपुर के बोलीखरका से औरैया के बखरिया तक 51 किलोमीटर की दूरी है। जालौन के सालाबाद से औरैया के बखरिया तक 50 किमी का एक्सप्रेसवे है। औरैया के बखरिया से इटावा के कुदरैल तक 42.28 किमी की दूरी है। इस तरह यह एक्सप्रेसवे चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, औरैया और इटावा को जोड़ता है। पूरे देश में यूपी पहले से ही सबसे बड़े एक्सप्रेसवे से कनेक्ट है। यमुना एक्सप्रेसवे और लखनऊ एक्सप्रेसवे के जरिये दिल्ली से लखनऊ की 500 किलोमीटर की दूरी करीब 6 घंटे में पूरी होती है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे बटेश्वर में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से मिलता है। यह चित्रकूट पर खत्म होता है। इसकी लंबाई 296 किलोमीटर है। इसके अलावा गंगा एक्सप्रेसवे (1052 किमी), पूर्वांचल एक्सप्रेसवे (354), गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे (91) और प्रयागराज लिंक एक्सप्रेसवे को लेकर काम जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा अब देश तथा प्रदेशों में कर्मोदय से राष्ट्रोदय की परिकल्पना साकार हो रही है। ग्रामोदय से राष्ट्रोदय की परिकल्पना को साकार करने वाले प्रधानमंत्री जी ने पूरे देश में पीएम स्वामित्व योजना 'घरौनी' का शुभारम्भ किया था। उत्तर प्रदेश का जालौन पहला जनपद है, जहां 100 फीसदी: लोगों को ग्रामीण आवासीय अभिलेख उपलब्ध करा दिए गए हैं। यह बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे बुंदेलों के जीवन को नई ऊंचाइयां देगा। बुंदेलखंड के लोग वर्षों से ऐसे रास्ते की प्रतीक्षा कर रहे थे। कई परियोजनाएं दशकों से अधूरी पड़ी थीं, जिन्हें हमने पूरा किया। अब तो चित्रकूट से दिल्ली की दूरी महज छह से साढ़े छह घंटे में पूरी होगी। पिछले दिनों योगी आदित्यनाथ की सरकार ने अपने कामकाज का100 दिन कालक्ष्य पूरा किया है। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि आज प्रदेश में केंद्र सरकार की हर योजना का लाभ मुहैया हो रहा है। प्रदेश में गुडों-माफिया के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।वहीं, प्रदेश स्तर पर 50 माफिया और जिला स्तर पर 12 माफिया पर कठोर कार्रवाई की गई है। सरकार ने 100 दिन के भीतर गन्ना किसानों का एक लाख 74 हजार करोड़ रुपए गन्ना मूल्य भुगतान किया है।युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रदेश भर में लोन मेलों का आयोजन किया गया। 100 दिन के अंदर ही 10 हजार पुलिस भर्ती के निर्धारित लक्ष्य को पूरा किया गया। धार्मिक स्थलों से 74,700 लाउडस्पीकर हटाए गए, जिनमे से 17,816 स्कूलों में दिए को गए.। महिलाओं को मुफ्त गैस सिलेंडर और मुफ्त बस यात्रा की सुविधा दी गयी।युवाओं को सशक्त बनाने के लिए स्मार्टफोन और टैबलेट का वितरणकिया गया। 100 दिन के अंदर ही 5 नए हवाई अड्डों के संचालन एवं प्रबंधन के संबंध में एएआइ और प्रदेश सरकार के बीच करार हुआ है।

सरकार ने राज्य में हर साल 12 हजार होमगार्ड के जवानों की भर्ती का ऐलान किया हैं।. इसमें 20 फीसदी पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। सरकार ने 100 दिन में रोजगार को लेकर बड़ा कदम उठाया.है।एमएसएमइ विभाग के मुताबिक 1.9 लाख इकाइयों को 16 हजार करोड़ रुपए की मदद दी गई. जिससे करीब 4 लाख लोगों को रोजगार मिला। सरकार ने यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का टारगेट रखा है. हालांकि ये अभी बहुत दूर की बात है। यूपी में निवेशकों को लाने के लिए सरकार ने लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया. जिसमें 80 हजार करोड़ रुपए के निवेश की बात बनी है।सरकार ने किसानों को एक लाख सोलर पंप देने का टारगेट रखा है। हालांकि सरकार ये टारगेट 5 साल में पूरा करना चाहती है। प्रदेश के बुजुर्ग संतों, पुरोहितों और पुजारियों के लिए एक कल्याण बोर्ड बनाने का निर्देश भी सरकार ने दिया है। उत्तर प्रदेश के मंडलों में भ्रमण, जन चौपाल और सहभोज करके लौटे मंत्री समूह ने मुख्यमंत्री को फीडबैक दिया है कि महिला सुरक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, स्कूलों के कायाकल्प और पात्र लोगों को बिना भेदभाव मिल रहे मुफ्त राशन से जनता में सकारात्मक माहौल है। साथ ही मंत्रियों ने कुछ खामियां भी विभिन्न जिलों में बताईं।

इन्हें गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र को निर्देश दिया है कि मंत्रियों की रिपोर्ट के आधार पर बिंदु चिन्हित करें। संबंधित जिलों के नोडल अधिकारियों से उनमें सुधार कराएं। सीएम योगी ने कहा कि अगला मंत्री समूह भ्रमण के लिए पहुंचेगा तो इन बिंदुओं पर क्रियान्वयन की समीक्षा भी करेगा।

# साम्प्रदायिक विद्वेष को लेकर भारत की चिंता

**जेएल कौल जलाली**
(लेखक स्वतंत्र वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भारत ने फिर से दुनिया को धार्मिक भय में निहित खतरों के बारे में आगाह किया है। हिंदू फोबिया के साथ-साथ सिख विरोधी और बौद्ध विरोधी फोबिया के मुद्दे को उठाते हुए, इसने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र से दुनिया में प्रचलित ऐसे फोबिया पर विचार या चर्चा करते हुए तार्किक संतुलन सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाने का आह्वान किया। धार्मिक भय पर दोहरे मापदंड नहीं हो सकते हैं और इनका मुकाबला करना एक चयनात्मक अभ्यास नहीं होना चाहिए।

इस साल की शुरुआत में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस्लामोफोबिया से निपटने के लिए 15 मार्च को अंतराष्ट्रीय दिवस के रूप में घोषित करने के लिए पाकिस्तान द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव को अपनाया। अठारह जून को अभद्र भाषा का मुकाबला करने पर अंतर्राष्ट्रीय दिवस की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक उच्च स्तरीय कार्यक्रम में बोलते हुए, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टी.एस.तिरुमूर्ति ने कहा कि धार्मिक भय से निपटने के लिए चयनात्मक दृष्टिकोण अच्छी तरह से स्थापित हो सकता है एक मिसाल जो चुनिंदा धर्मों के आधार पर फोबिया पर कई प्रस्तावों को जन्म देगी जो विश्व निकाय को धर्म शिविरों में बदल सकती है। चयनात्मक दृष्टिकोण पूरी तरह से जमीन पर वास्तविकताओं से असंबंधित है, एकतरफा और अतार्किक है। इससे पहले मार्च 2020 में इस तरह की एक बड़ी घटना में काबुल के एक गुरुद्वारे पर कट्टरपंथियों द्वारा किए गए बम हमले में पच्चीस सिख उपासकों की मौत हो गई थी। पिछले कई दशकों के दौरान अफगानिस्तान में हिंदुओं और सिखों पर इस तरह के हमलों और अत्याचारों ने अफगानिस्तान में उनकी आबादी लगभग पूरी तरह से कम कर दी है, जो 1979 में तत्कालीन सोवियत सेना द्वारा देश पर कब्जे से पहले सात लाख से अधिक थी।

2001 में जब तालिबान अफगानिस्तान में अपनी शक्ति के चरम पर थे, बामियान में दो बुद्धों के आधार और कंधों पर विस्फोटक रखे गए थे, जिससे वे टुकड़े-टुकड़े हो गए। पूरी दुनिया आक्रोशित और स्तब्ध थी। क्या आक्रोश इस्लामोफोबिया की प्रतिक्रिया थी या काफिरों के देवताओं को नीचे गिराने और अंततः दुनिया पर हावी होने के एक आदेश की पूर्ति थी? यह विश्व निकाय के ऐसे दोषपूर्ण दृष्टिकोण हैं जो वास्तविकता से असंबंधित हैं जो इसकी विशाल अपर्याप्तता को दर्शाता है और इसे पूरी तरह से




प्रतिनिधि और बाद के सुधार के लिए तत्काल पुनर्गठन के लिए कॉल करने के लिए विश्वसनीयता जोड़ता है।

सबसे बुरी बात यह है कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के पवित्र स्थानों पर हमले भी आवर्ती घटनाओं में बदल गए हैं। 31 दिसंबर, 2020 को, कट्टरपंथी इस्लामी जमीयत-ए-इस्लाम के समर्थकों के नेतृत्व में पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के करक जिले में एक हिंदू धार्मिक नेता की समाधि सहित एक हिंदू मंदिर में कुछ मौलवियों और भीड़ ने आग लगा दी थी। पाकिस्तान में पार्टी फजलुर रहमान समूह। इस तरह के जघन्य अपराध पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ धार्मिक आधार पर लगभग दशकों पुराने भेदभाव और उत्पीड़न पर ध्यान केंद्रित करते हैं और भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधान मंत्री लियाकत अली के बीच हुए नेहरू-लियाकत समझौते की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं। तथ्य यह है कि 1947 में भारत के विभाजन के बाद, पाकिस्तान में रहने वाले हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन और ईसाई अल्पसंख्यकों की आबादी में भारी कमी आई है, जबकि उन क्षेत्रों में रहने वाले मुसलमानों की आबादी जो बाद में भारतीय संघ बन गई, बहुत बढ़ गई है।. जबकि भारत में अल्पसंख्यकों के अधिकारों और सुरक्षा को लगातार और प्रभावी ढंग से सुरक्षित रखा गया है, पाकिस्तान ने लगातार अल्पसंख्यकों की उपेक्षा और उत्पीड़न के माध्यम से संधि के प्रावधानों का लगातार उल्लंघन किया है।

भारत ने विश्व निकाय से यह भी कहा है कि वह आतंकवादी समूहों के पीछे की प्रेरणा को चिह्नित करने के प्रयासों के बारे में समान रूप से चिंतित है, जो दुनिया को ग्यारहवें सितंबर 2001 से पहले के युग में वापस धकेल सकता है, जब राज्य की नीति की सहायता के लिए आतंकवादी समूहों का उपयोग करने में शायद ही कोई मज़बूरी थी।. आतंकवाद से लड़ने के लिए संयुक्त राष्ट्र की नवीनतम रणनीति का उल्लेख करते हुए, भारत ने सुरक्षा परिषद को नई शब्दावली और झूठी प्राथमिकताओं से सावधान रहने के लिए भी आगाह किया है जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को कमजोर कर सकती हैं। आतंकवाद का कोई भी कमजोर पड़ने से अवांछनीय अंत प्राप्त करने के लिए इसे एक मान्यता प्राप्त साधन में बदल सकता है।

भारत आतंकवाद विशेष रूप से सीमा पार आतंकवाद का सबसे खराब शिकार रहा है, हालांकि यह असहिष्णुता और नफरत के खिलाफ सबसे मजबूत सुरक्षा कवच रहा है। इसकी बहुसांस्कृतिक इमारत ने इसे हमेशा उन सभी लोगों के लिए एक आश्रय स्थल बना दिया है, जिन्होंने कभी न कभी भारत में शरण ली थी, भले ही वे यहूदी, पारसी, तिब्बती या भारत के पड़ोस के लोग हों। भारत अपनी आवश्यक जांच और संतुलन के साथ लोकतंत्र के सिद्धांतों का पालन करता रहा है और जब भी या जहां भी कोई विपथन होता है, उसे कानून के दायरे में संबोधित किया जाता है और देश को बाहरी लोगों से चुनिंदा आक्रोश की आवश्यकता नहीं होती है। इंडिस का दृढ़ विश्वास है कि बहुलवाद पर आधारित समाज जहां हर धर्म का सम्मान किया जाता है, सहिष्णुता और सद्भाव के लिए अनिवार्य है।

आतंकवाद का राक्षस सदैव वैश्विक मानव सभ्यता और वैश्वीकृत व्यवस्था के विकास को बाधित करता है। भारत ने न केवल इब्राहीम धर्मों के खिलाफ, बल्कि अन्य सभी धर्मों के अनुयायियों के खिलाफ घृणा, हिंसा, कट्टरवाद, उग्रवाद और आतंक का मुकाबला करने के लिए अंतराष्ट्रीय समुदाय द्वारा ठोस प्रयासों के लिए संयुक्त राष्ट्र के मंचों सहित लगातार अनुरोध किया है।

## आप की बात

### नकारात्मक राजनीति

**ईडी** द्वारा राहुल गांधी और सोनिया गांधी से पूछताछ का कांग्रेस जिस प्रकार संसद के भीतर और बाहर विरोध कर रही है यह इनकी सामंती मानसिकता का ही प्रतीक है। कांग्रेस के इस विरोध से यह लगता है कि गांधी परिवार अपने आप को कानून और संविधान से ऊपर समझता है। अशोक स्तंभ में बने शेरों की मुखमुद्रा पर हास्यास्पद आपत्ति उठाना , हर बार जारी होने वाली संसद में असंसदीय करार दिए जा सकने वाले शब्दों की सूची पर हंगामा करना , संसद परिसर में धरना प्रदर्शन पर रोक के निर्देश दशकों से जारी होने के बावजूद इन पर हंगामा करना। अग्निपथ योजना के तहत मिले साढ़े सात लाख आवेदनों ने कांग्रेस के विरोध की हवा निकाल दी है। महंगाई जैसे मुद्दों पर कांग्रेस का विरोध और विपक्ष को भड़काना उसके मुद्दाहीन होने को प्रकट करता है। सदन में तख्तियां लेकर प्रदर्शन करना और बार-बार अध्यक्ष के आसन के समीप आना यह कांग्रेस के अमर्यादित आचरण को प्रकट करता है इसी कारण कांग्रेस के चार सांसदों को शेष सत्र के लिए सदन से निलंबित किया गया है। राजस्व जुटाने के लिए सरकार जीएसटी की दरों में वृद्धि कर रही है। जबकि जीएसटी परिषद में सारे फैसले आम सहमति से लिए जा रहे हैं।

– **अतिवीर जैन**, मेरठ

### जनजातियों के लिए गर्व का विषय

15 वें राष्ट्रपति के रूप में आदिवासी नेत्री द्रौपदी मुर्मू को भारत के उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने संसद के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। उड़ीसा राज्य से संबंध रखने वाले द्रोपती मुर्मू ने एक शिक्षिका से अपने जीवन की शुरुआत की और आज देश के सर्वोच्च पद पर आसीन भारतीय संविधान एवम लोकतंत्र के प्रहरी बनी है। इस अवसर पर अपने प्रथम संबोधन में उन्होंने अपनी साहसिक यात्रा के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि बेहद कठिन परिस्थितियों में रहकर वे इस मुकाम तक पहुंची हैं। उन्होंने राष्ट्रपति पद तक पहुंचने के सफर को व्यक्तिगत उपलब्धि ना मानकर विनम्रता का परिचय दिया है। भारत के जनजाति समाज के लिए यह गौरव का विषय है कि उनकी एक बेटी भारत के सर्वोच्च पद पर हैं लेकिन इतने मात्र से ही आदिवासी जनजातियों का भला नहीं होने वाला है। आदिवासी समुदाय की अपनी संस्कृति है उनके लिए जल जंगल और जमीन जीवन मरण का प्रश्न है जिस पर केंद्र और राज्य सरकारों को काम करना होगा. कई राज्यों में नक्सलाइट समस्या है जिस पर सरकार को विशेष ध्यान देना होगा। सरकार को आदिवासी क्षेत्रों में औद्योगिक प्रगति की राह खोजनी होगी।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### सत्ता के लिए राजनीति

**केंद्रीय** गृहमंत्री राजनाथ सिंह का बयान पंडित नेहरू की बहुत से लोग आलोचना करते हैं। लेकिन मैं नहीं कर सकता। किसी की नीतियां खराब हो सकती है, नीयत नहीं। वहीं दूसरी तरफ केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बहुत ही बेबाकी से कहा है कि महात्मा गांधी के समय से राजनीति देश, समाज के विकास के लिए होती थी, अब राजनीति सिर्फ सत्ता के लिए होती है। चाहे इन केंद्रीय नेताओं का आज के राजनीतिक हालातों को देखते हुए इनका दर्द कह सकते हैं या आत्मा की आवाज। महात्मा गांधी तो कहते थे कि देश के निर्माण, समाज व मानव के उत्थान के लिए राजनीति से अच्छा कोई सेवा का माध्यम दूसरा नहीं हो सकता है। लेकिन दुखद विडंबना है कि आज राजनीति केवल वोट हथियाने व सत्ता पाने का माध्यम भर रह गई है, अनैतिकता ही नैतिकता बन गई है। राजनीति, देश, समाज व मानवता से कोसों दूर हो गई हैं। आजकल राजनीति सेवा नहीं, इसके नाम पर मेवा खाने का काम हो रहा है। केंद्रीय मंत्रियों के बयान में यह गूंज साफ सुनी जा सकती है।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**शिव** स्वरूप बाबा अमरनाथ देश में हैं, पर शक्तिस्वरूपा शारदा देवी धाम अभी एलओसी पार है। पीओके पर पाकिस्तान का अवैध कब्जा है।

– **राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्री



**अखिलेश** ने हमें तलाक दिया है। तलाक कबूल है। हम अति पिछड़ों के लिए संघर्ष करते रहेंगे।

– **ओम प्रकाश राजभर**
सुभासपा नेता



**सपा** को किसी की सलाह की जरूरत नहीं है। कोई गुस्सा है तो मैं क्या करूं? इन दिनों राजनीति पीछे से हो रही है।

– **अखिलेश यादव**
समाजवादी पार्टी नेता

पीएम गतिशक्ति पर योगी का मंत्रियों संग मंथन

# शासन स्तर पर बनेंगी तीन समितियां

● इन्वेस्ट यूपी के सीईओ की अध्यक्षता में टेक्निकल सपोर्ट यूनिट स्थापित होगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लोकभवन में मंत्रिपरिषद के सदस्यों की उपस्थिति में पीएम गति शक्ति योजना यानी नेशनल मास्टर प्लान फॉर मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी प्लान की प्रदेश में प्रगति और भावी कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि



गतिशक्ति के माध्यम से विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों की सभी वर्तमान तथा भावी कार्यवाहियों को एक केंद्रीयकृत पोर्टल में सम्मिलित किया जाएगा। क्रॉस-सेक्टरल इंटरेक्शन के माध्यम से परियोजनाओं की प्राथमिकता तय होगी। मास्टर प्लान बनाने में सहायता मिलेगी साथ ही परियोजनाओं की रीयल टाइम मॉनीटरिंग भी संभव हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गतिशक्ति पोर्टल पर अब तक 17 विषयों को एकीकृत किया जा चुका है। पोर्टल को और उपयोगी बनाने के लिए पोर्टल पर भूमि अभिलेख, ड्रेनेज, बिजली ट्रांसमिशन, सड़क, सीवर लाइन, जलापूर्ति, बिजली पोल, ट्रैफिक लाइट पोल, बस टर्मिनल और सरकारी भवनों का विवरण भी अपडेट किया जाए। इसी प्रकार किसान बाजार, डेयरी, आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक, आबकारी, खाद्य सुरक्षा, सिटी मास्टर प्लान, स्कूल, कॉलेज, मंडी अवस्थापना आदि विषयों को भी पोर्टल पर स्थान दिया जाए। यह कार्य आगामी 3 माह में पूर्ण कर लिया जाए। गति शक्ति पोर्टल पर सभी सम्बंधित विभाग अपनी परियोजनाओं की अपडेट जानकारी उपलब्ध कराएं। विभागों के बीच परस्पर समन्वय होना चाहिए। डेटा शुद्ध हो सत्यापित हो। मंत्रीगण विभागीय परियोजनाओं की समीक्षा करते समय गतिशक्ति के क्रियान्वयन की अपडेट जरूर प्राप्त करें। राज्य सरकार द्वारा इस योजना के तहत 900 करोड़ के प्रोजेक्ट का चयन कर लिया गया है। संबंधित प्रस्ताव केंद्र सरकार को तत्काल भेज दिया जाए।

उन्होंने कहा कि पीएम गतिशक्ति के सफल क्रियान्वयन से हमें ज़मीनी स्तर पर काम में तेज़ी लाने, लागत में कमी करने में मदद मिलेगी। यह रोज़गार पैदा करने पर ध्यान देने के साथ-साथ आगामी चार वर्षों में बुनियादी परियोजनाओं के क्रियान्वयन को भी सुनिश्चित करेगी। पीएम गतिशक्ति के माध्यम से मौजूदा और प्रस्तावित कनेक्टिविटी परियोजनाओं की मैपिंग में मदद मिलेगी। प्रदेश में पीएम गतिशक्ति के सम्बन्ध में शासन स्तर पर तीन अलग-अलग समितियां गठित की जाएं। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सचिव स्तरीय अधिकारियों का एक अधिकार प्राप्त समूह हो, जो लॉजिस्टिक्स दक्षता की जांच के लिए योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा करेगा। साथ ही योजना में संशोधन के लिए, निर्धारित फ्रेमवर्क एवं मानकों को अपनाने, उद्देश्यों को प्राप्त करने तथा पीएम गति शक्ति एनएमपी के मार्गदर्शक सिद्धांतों के लिए उचित दिशा-निर्देश जारी करने के सम्बंध में आवश्यक कार्यवाही करेगा। इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अध्यक्षता में एक टेक्निकल सपोर्ट यूनिट हो। यह इकाई आर्थिक विकास विशेषज्ञ, पीएमयू,लाजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन विशेषज्ञ आदि द्वारा तकनीकी एवं परियोजना प्रबंधन सेवा प्रदान करेगी। इस इकाई के लिए अलग-अलग विभागों से ऊर्जावान योग्य और दक्ष अधिकारियों का चयन कर प्रतिनियुक्त किया जाए। पीएम

## मंत्रिपरिषद की बैठक में मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

# सोशल मीडिया पर सक्रिय रहें मंत्री

● समाज के संपन्न लोग अपने जन्मदिन, विवाह की वर्षगांठ पर आंगनबाड़ी केंद्र जाएं: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में कहा कि विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म जनता से जुड़ाव का सहज माध्यम बन कर उभरे हैं। आमजन के विचारों को सुनने समझने का बेहतरीन अवसर प्राप्त होता है। अत: यह उचित होगा कि सभी मंत्रीगण की अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उपस्थित रहें। सकारात्मक भाव के साथ अपने विचार रखें। लोगों से जुड़ें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी माध्यमिक विद्यालयों में राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी की इकाई स्थापित की जाए। बॉर्डर एरिया के कॉलेजों को शीर्ष प्राथमिकता दें। इसी प्रकार जूनियर हाई स्कूलों में स्काउट गाइड को विंग गठित की जाए। इस के लिए राज्य सरकार द्वारा आवश्यक वित्तीय सहयोग भी दिया जाए।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों में अवस्थापना विकास के लिए ऑपरेशन कायाकल्प सफल रहा है। इसी प्रकार अब हमें आंगनबाड़ी केंद्रों के कायाकल्प का कार्य करना होगा। हमारा प्रयास हो कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के अपने भवन हों। इस कार्य में जनसहयोग लिया जाना चाहिए। जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, सामाजिक संस्थाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेना चाहिए। समाज के संपन्न लोग अपने जन्मदिन विवाह की वर्षगांठ आदि विशेष अवसरों पर आंगनबाड़ी केंद्र जाएं। इस हेतु लोगों को जोड़ना चाहिए। प्राविधिक और चिकित्सा शिक्षा से जुड़े कोर्स के पाठ्यक्रम मातृभाषा में तैयार कराये जाएं। कंटेंट गुणवत्तापरक हों। इसी प्रकार फिजियोथेरेपी और योग को परस्पर जोड़ने की कार्यवाही भी करें। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती की महत्वाकांक्षी योजना से कृषि विवि को जोड़ा जाए। सभी कृषि विवि को ड्रोन उपलब्ध कराया जाए। प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुरूप जैव ईंधन यानी बायो फ्यूल को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। प्रदेश में बायो फ्यूल की इकाई की स्थापना के लिए केंद्र सरकार से भी सहयोग प्राप्त होगा। ऐसे में बिना विलंब प्रदेश का प्रस्ताव भेज दिया जाए। मनरेगा श्रमिकों का भुगतान उनके बैंक खाते में समयबद्ध ढंग से किया जाए। कार्य की शुचिता और पारदर्शिता के दृष्टिगत श्रमिकों का बायोमेट्रिक सत्यापन भी कराया जाना उचित होगा। सीएम ने कहा कि विकास परियोजनाओं की समयबद्धता के लिए नियमानुसार विभागीय अनापत्तियां जारी करने में अनावश्यक देरी न हो। इस संबंध में सिंगल विंडो सिस्टम को लागू किया जाना चाहिए। ऐसी व्यवस्था बनाएं कि यदि समय सीमा के भीतर अनापत्ति न जारी हो तो उसे डीम्ड क्लीयरेंस मान लिया जाए। इस वर्ष विभाजन विभीषिका दिवस के अवसर पर विभीषिका का दंश झेलने वाले विस्थापित परिवारों द्वारा राष्ट्रध्वज के साथ मौन जुलूस निकाला जा सकता है। जनप्रतिनिधि गण भी इसमें प्रतिभाग करें। नई पीढ़ी को विभाजन की विभीषिका से अवगत कराने के लिए जुलूस समाप्ति स्थल पर संस्कृति विभाग द्वारा विभाजन की विभीषिका पराधारित चित्र प्रदर्शनी, तत्समय के पत्र-पत्रिकाओं की प्रदर्शनी लगाई जाए। सांसद खेलकूद प्रतियोगिता की तर्ज पर हर विधानसभा में विधायक खेलकूद कार्यक्रम आयोजित हों। इसकी बेहतर कार्ययोजना तैयार करायें। यह कार्यक्रम न्याय पंचायत, विकास खंड अथवा जनपद स्तर पर कार्यक्रम हो। पुरुषों व महिलाओं के लिए अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं।

# बीस पीपीएस अफसरों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्य** सरकार ने अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के 20 पीपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इनमें वह पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं जिन्हें पिछले दिनों पुलिस उपाधीक्षक पद से अपर पुलिस अधीक्षक पद पर प्रोन्नत प्रदान की गई थी। अब उन्हें नई तैनाती दी गई है।

इनमें राजेश कुमार पांडेय को 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर नगर से उप सेनानायक 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ, अलका धर्मराज को 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद से उप सेनानायक 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद, प्रदीप कुमार वर्मा को मुख्यमंत्री सुरक्षा से अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यमंत्री सुरक्षा, बबिता सिंह को ईओडब्लू मुख्यालय लखनऊ से अपर पुलिस अधीक्षक सतर्कता अधिष्ठान उत्तर प्रदेश, नितेश सिंह को अलीगढ़ से अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्रीय अभिसूचना, मुरादाबाद, विभा सिंह को ईओडब्लू मेरठ से अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्रीय अभिसूचना सहारनपुर, अलका भटनागर को अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ से अपर पुलिस अधीक्षक अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ, महेंद्र पाल सिंह को एलआईयू अलीगढ़ को अपर पुलिस अधीक्षक ईओडब्लू मुख्यालय लखनऊ, ज्ञानवती तिवारी को एलआईयू प्रयागराज से अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्रीय अभिसूचना वाराणसी, रंजन सिंह को पुलिस मुख्यालय लखनऊ से अपर पुलिस अधीक्षक पुलिस मुख्यालय लखनऊ, अमित किशोर श्रीवास्तव को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ से अपर पुलिस अधीक्षक नगर बदायूं, रचना मिश्रा को रेलवे गोरखपुर से सेक्टर आफीसर सीबीसीआईडी गोरखपुर, अमित कुमार नागर को एसटीएफ लखनऊ से अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ लखनऊ, बृजेश कुमार सिंह को एसटीएफ लखनऊ से अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ लखनऊ, डॉ. राकेश कुमार मिश्र को एसटीएफ लखनऊ से अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ लखनऊ, गीतांजलि सिंह को यूपी-112 लखनऊ से अपर पुलिस अधीक्षक उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ, जितेंद्र सिंह को मुख्यालय पुलिस महानिदेशक लखनऊ से अपर पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ, अमृत मिश्रा को एसआईटी लखनऊ से अपर पुलिस अधीक्षक स्थापना मुख्यालय लखनऊ, प्रवीण सिंह चौहान को बदायूं से उप सेनानायक चतुर्थ वाहिनी पीएसी प्रयागराज और राहुल रूसिया को पुलिस महानिदेशक मुख्यालय लखनऊ से अपर पुलिस अधीक्षक तकीनीकी सेवाएं लखनऊ के पद पर तैनात किया गया है।

## प्रदेश के 46737 मिट्टी हस्तशिल्पियों को किया गया लाभान्वितः सहगल

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड द्वारा प्रदेश के 46737 मिट्टी हस्तशिल्पियों को चिन्हित कर उनको बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इन योजनाओं से लगभग 28000 लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। मिट्टी हस्तशिल्पियों के छोटे कारोबार को बड़ा बनाने के लिए, इच्छुक 474 कारीगरों को 811.85 लाख का ऋण उपलब्ध कराया गया, जिसके फलस्वरूप कुम्हारी कला से जुड़े कारीगरों की कौशल वृद्धि के साथ-साथ प्रति परिवार औसत आय में भी दो से तीन गुना वृद्धि हुई है। डॉ. सहगल ने बताया कि प्रदेश में माटीकला समन्वित विकास कार्यक्रम को विशेष प्राथमिकता दी गई और मिट्टी व्यवसाय से जुड़े 28000 कारीगरों को मिट्टी निकालने हेतु राजस्व पट्टे आवंटित कराये गए। कारीगरों में 8190 इलेक्ट्रिक चाक का वितरण किया गया।

## रिश्वत के मामले में एफसीआई के एरिया मैनेजर को चार साल की सजा

लखनऊ। विधि संवाददाता

**सीबीआई** के विशेष जज मनोज पांडेय ने करीब 92 हजार की रिश्वत लेने के मामले में फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया के तत्कालीन एरिया मैनेजर सिद्धार्थ शेखर गौतम को दोषी करार दिया है। उन्होंने कानपुर में तैनात रहे इस मुल्जिम को चार साल की सजा सुनाई है। साथ ही इस पर 60 हजार का जुर्माना भी ठोंका है।

चार दिसंबर, 2012 को इसके खिलाफ मेसर्स आरबी किसान केंद्र प्राइवेट लिमिटेडए कानपुर के मैनेजर रामेश्वर लाल ने शिकायत दर्ज कराई थी। यह एफसीआई से 2650 मीट्रिक टन गेहूं का रिलीज आर्डर जारी करने के एवज में 35 रुपए प्रति मीट्रिक टन के हिसाब से रिश्वत मांग रहा था। उनकी इस शिकायत पर सीबीआई की टीम ने इसे रिश्वत की रकम के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

# नदी में डूबे युवकों को बचाने वाले सिपाही पुरस्कृत




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सराहनीय** कार्य करने वाले दो सिपाहियों को डीजीपी डीएस चौहान ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में प्रशस्ति पत्र और पांच-पांच हजार रुपए नगद देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार और पुलिस मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों डीजीपी द्वारा नई परम्परा की शुरूआत करते हुए क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को अपने कार्यालय में बुलाकर पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया था। इसी क्रम में मंगलवार को सिद्धार्थनगर में तैनात दो सिपाहियों संदीप यादव और चंदन सिंह का पुलिस मुख्यालय बुलाकर सम्मानित किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जनपद सिद्धार्थनगर में 18 जुलाई 2022 को प्रथम श्रावण सोमवार के अवसर पर राप्ती नदी में स्नान के उपरांत जल भरते समय पैर फिसलने से नदी में डूब रहे दो नवयुवकों की इन दोनों सिपाहियों ने बहादुरी पूर्वक जान बचायी थी। सिपाहियों ने नदी में कूदकर दोनों नवयुवकों को सुरक्षित बाहर निकाला था।

## स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति किया जागरूक



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किंग** जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की तरफ से मंगलवार को स्वैच्छिक रक्तदान को लेकर जागरूकता रैली निकाली गयी। इस मौके पर सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य प्रांजल यादव ने कहा कि इस प्रकार की रक्तदान जागरूकता रैली के आयोजन से आमजनमानस रक्तदान के प्रति प्रेरित एवं जागरूक होता है। उन्होंने रैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका यह संदेश मरीजों के तीमारदारों एवं समाज में दूर तक जायेगा कि रक्तदान करना पूर्णतया सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि उप्र सरकार ने रक्त अवयव की आवश्यकता एवं महत्व समझते हुए उप्र के सभी जिले जिनमें ब्लड कम्पोनेन्ट सेप्टेशन यूनिट की स्थापना की जानी है, उनमें भी ब्लड कम्पोनेन्ट सेप्रेशन यूनिट की भी स्थापना की जायेगी। उसके लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्षा एवं प्रो डॉ तुलिका चंद्रा ने कहा कि भारतवर्ष की प्रतिशत आबादी भी नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करें तो समाज में किसी भी मरीज को रक्त मिलने में दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने बताया कि पुरुष हर तीन माह एवं महिला चार माह में रक्तदान कर सकती है। आयु 18 वर्ष से 65 वर्ष वजन 50 किग्रा या उससे अधिक हिमोग्लोबिन 12.5 प्रतिशत से ऊपर हो तो रक्तदान कर सकते है। नियमित रक्तदाताओं में हृदयाघात में 5 प्रतिशत कमी आती है तथा उनका बोनमेरो सक्रिय हो जाता है एवं ऊर्जा का संचार होता है। रिप्लेसमेन्ट रक्तदान के स्थान पर स्वैच्छिक रक्तदान बढ़ जाये तो सभी रक्तकोषों में रक्त की कमी नहीं हो पायेगी। रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता है और न ही पैसे से खरीदा जा सकता है। एक रक्तदान से चार मरीजों की जान बचायी जा सकती है।

# तबादलों और नमामि गंगे की सीबीआई से हो जांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार में हाल ही में विभिन्न विभागों में ट्रांसफर-पोस्टिंग और नमामि गंगे योजना में हुए भ्रष्टाचार की जांच सीबीआई से होनी चाहिए। भाजपा सरकार और बीजेपी के लोग महंगाई के लिए जिम्मेदार हैं। भाजपाई कृत्रिम बारिश करवाने की बात कह रहे थे। उन्होंने सवाल किया कि क्या बारिश हुई? विधानसभा चुनाव में भाजपा ने किसानों के ट्यूबवेल का बिजली बिल माफ करने का वादा किया था, क्या वादा निभाया गया? पीडब्ल्यूडी विभाग में जो करप्शन हुआ उसमें मंत्री जिम्मेदार है। समाजवादी पार्टी सदन में इन मुद्दों को उठाएगी।

अखिलेश यादव ने कहा कि जन्माष्टमी के ठीक एक महीने पहले भाजपा सरकार ने दूध, दही, छांछ पर जीएसटी लगाकर जो चोट कृष्णभक्तों को दी है। उससे आहत होकर हर एक भोला कृष्ण भक्त पूछ रहा है कि क्या अब दूध.दही से जुड़े लोकोक्ति मुहावरों पर भी जीएसटी देना पड़ेगा। दूध, दही पर टैक्स लगा रहे तो गोबर पर क्यों नहीं? कभी-कभी बीजेपी के लोग दूसरे लोगों से सवाल करवाते हैं। मंत्री खुद कह रहे हमें अपमानित होना पड़ रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले समय में समाजवादी पार्टी सदस्यता अभियान चलाएगी। समाजवादी पार्टी गांव, कस्बे, मोहल्ले तक पहुंचेगी।

# सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नेशनल** हेरल्ड मामले में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से ईडी द्वारा की जा रही पूछताछ के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेशभर में मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेसियों का आरोप है कि सरकार ईडी का इस्तेमाल कर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को परेशान कर रही है। इसी क्रम में लखनऊ में विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हुए। जीपीओ पर पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर इको गार्डेन भेजा। स्थल पर ले जाकर छोड़ दिया। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना और पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को ऐतिहातन पुलिस ने पहले ही हाउस अरेस्ट कर लिया था।



प्रवक्ता डॉ. उमाशंकर पांडेय ने बताया कि लखनऊ जीपीओ स्थित गांधी प्रतिमा पर पूर्व निर्धारित विरोध प्रदर्शन से डरी हुई प्रदेश सरकार ने पुलिस के दम पर बलपूर्वक प्रदर्शन को रोकने की कोशिश की जिसमें वह सफल नहीं हो पायी। पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता भारी संख्या में जीपीओ पहुंच गए। जहां पर पहले से तैनात पुलिस बल ने प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसजनों से हाथापाई करते हुए उनसे मारपीट की। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से शांतिपूर्ण तरीके से विधानसभा जा रहे कांग्रेसजनों को रोकने के लिए पुलिस ने कई जगहों पर बैरीकेड लगाकर रोकने की कोशिश की। आक्रोशित कांग्रेसजनों ने बैरीकेड तोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास किया जहां पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें रोककर गिरफ्तार कर लिया गया। जिसमें विधायक एवं उपाध्यक्ष उप्र कांग्रेस कमेटी विरेन्द्र चौधरी, उपाध्यक्ष एवं प्रभारी प्रशासन योगेश दीक्षित, पूर्व सांसद जफ र अली नकवी, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, अम्बिका सिंह, धीरेन्द्र सिंह धीरू, सोहिल अख्तर अंसारी, आदि शामिल रहे।

प्रवक्ता ने बताया कि पिछले आठ सालों से जनविरोधी कार्यो से घोर अलोकप्रियता की तरफ बढ़ रही मोदी सरकार तानाशाही एवं षड्यंत्रों के बल पर संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करके विपक्ष के नेताओं की आवाज को दबाना चाहती है। पिछले दिनों राहुल गांधी से ईडी ने 50 घंटों से ज्यादा पूछताछ की जो कि घोर निन्दनीय है। अब सोनिया गांधी से उनकी बढ़ी उम्र एवं खराब स्वास्थ्य के बावजूद प्रताड़ित करने व छवि धूमिल करने के लिए ईडी कार्यालय बुला कर घंटों पूछताछ का ड्रामा किया जा रहा है। वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान भी कांग्रेसजनों को ईडी ऐसे ही अपने दफ्तर बुलाकर कांग्रेस पार्टी की छवि को खराब करने की कोशिश करती थी जो पीएम मोदी द्वारा बंधक बना लिये गये संवैधानिक संस्थाओं की हकीकत का पर्दाफाश करती है।

उन्होंने कहा कि असफलताओं और अलोकप्रियता से घबराई हुई भारतीय जनता पार्टी की सरकार कांग्रेस पार्टी की आवाज को दबाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस पार्टी इससे न डरने वाली है, न झुकने वाली है। जनहित के मुद्दों पर कांग्रेस की आवाज बुलंद थी, बुलंद है और बुलंद रहेगी।

एसटीएफ ने किया सरकारी नौकरी दिलाने के गोरखधंधे का खुलासा

# सत्ता के आंगन में चलता था फर्जी नौकरी का कारोबार

● बेरोजगारों को सचिवालय बुलाकर निजी सचिव लेता था इंटरव्यू, फिर थमा देता था फर्जी नियुक्ति पत्र

## सचिवालय के निजी सचिव सहित तीन जालसाज एसटीएफ के हत्थे चढ़े



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बेरोजगार** नवयुवकों को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले उत्तर प्रदेश सचिवालय के एक निजी सचिव विजय कुमार मंडल और उसके दो सहयोगियों को एसटीएफ ने हजरतगंज स्थित दारुलशफा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के अनुसार निजी सचिव के सहयोगी बेरोजगार नवयुवकों को फंसाकर सचिवालय लाते थे जहां निजी सचिव उनका इंटरव्यू लेता था और फिर बाद में उन्हें फर्जी नियुक्त पत्र थमा दिया जाता था। एसटीएफ को सूचना मिली कि राजधानी में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला एक गिरोह सक्रिया है। जिसमें सचिवालय नरवल विजय कुमार मंडल निवासी नटखेड़ा रोड, आलमबाग, थाना कृष्णानगर, लखनऊ व उसका साथी धर्मवीर सिंह निवास सावित्री पुरम, न्यू आधारखेड़ा, थाना गुडम्बा आदि शामिल हैं। एसटीएफ ने इस संबंध में छानबीन प्रारंभ की तो मंगलवार को जानकारी मिली कि विजय कुमार मंडल दारुलशफा तिराहे पर मौजूद हैं। जिससे धर्मवीर व आकाश निवासी प्लाट स्वरूप नगर, नियर बीकानेर स्वीट्स, थाना स्वरूप नगर, नार्थ वेस्ट दिल्ली मिलने आने वाले हैं। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम दबिश देकर तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से छह मोबाइल फोन, सचिवालय समीक्षा अधिकारी उत्तर प्रदेश सचिवालय का एक कूटरचित कार्ड, विभिन्न पदों के लिए आठ फर्जी नियुक्त पत्र, 22 व्यक्तियों के मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र व अंक पत्र, एक फर्जी आधार कार्ड, एक फर्जी ड्राइविंग लाइसें, दो पैनकार्ड, एक एटीएम कार्ड, दो आधार.कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस बरामद हुआ।

विस्तृत पूछताछ पर विजय कुमार मंडल ने बताया कि मेरी मुलाकात धर्मवीर सिंह से वीवीआईपी गेस्ट हाउस बंदरियाबाग में हुई थी। तभी से हम लोग एक-दूसरे के संपर्क में थे। एक दिन धर्मवीर सिंह ने मुझे बताया कि मैं कुछ लड़कों को लेकर आऊंगा। आप उन लड़कों को अपने कमरे में बुलाकर उनका इन्टरव्यू लेकर उन्हे भेज दीजिएगा। बाकी उनसे जो रुपए मिलेंगे वह हम लोग आपस में आधे आधे बांट लेंगे। चूंकि कुछ वर्ष पहले एक प्रकरण में मेरे ऊपर लगभग 35.40 लाख का कर्ज हो गया है। जिसके कारण मुझे भी रुपयों की जरूरत थी। इसी कारण मैं लालच में आकर इस काम के लिए तैयार हो गया। मेरे द्वारा कई लड़कों को अपने आफिस में बुलाकर उनका इन्टरव्यू लिया गया और उनसे रुपए प्राप्त किए गए हैं तथा लड़कों से इन्टरव्यू के बहाने उनसे उनके मूल शैक्षिक अंकपत्र व प्रमाणपत्र प्राप्त कर रख लिए जाते थे। ये अभ्यर्थी हम लोगों को शिकायत कहीं न करें व इनसे पूरे रुपए लेने का दबाव बनाने के लिए इनके शैक्षिक अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र अपने पास रख लेते थे। इन्टरव्यू होने के बाद धर्मवीर मुझे फर्जी नियुक्ति पत्र प्रिंट करवाकर देता था। नियुक्ति.पत्र धर्मवीर सिंह तथा आकाश प्रिंट करवाते थे। नियुक्ति पत्र का फ र्मेट मेरे द्वारा धर्मवीर व आकाश को दिया गया था। इसके अतिरिक्त मैंने ही दोनों का सहायक समीक्षा अधिकारी, सचिवालय लखनऊ का आईडी कार्ड भी बनवाया है। जिसे दिखाकर यह लोग लड़कों को प्रभावित कर उन्हें इन्टरव्यू के लिए मेरे पास लाते थे। इन्टरव्यू के बाद में धर्मवीर सिंह से प्रिंट किया हुआ नियुक्ति पत्र मंगवाता था।

और उस पर साइन करके उसे रजिस्ट्री के माध्यम से सम्बन्धित अभ्यर्थी के पते पर भिजवा देता था। आज भी हम लोग इसी फर्जीवाड़े से सम्बंधित बातचीत करने के लिए एकत्र हुए थे।

पूछताछ में यह भी बताया कि फर्जीवाड़े का संज्ञान इन अभ्यर्थियों को तब हुआ जब ये लोग अपना नियुक्ति पत्र लेकर जॉइनिंग करने सचिवालय आए जहां सचिवालय कर्मियों द्वारा बताया गया कि यह नियुक्ति पत्र फर्जी हैं। इस प्रकार की नियुक्ति से सम्बंधित कोई विज्ञप्ति यहां से जारी नहीं की गयी है। जिसके बाद इनके द्वारा उपरोक्त फर्जीवाड़ा करने वाले लोगों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई गयी थी। धर्मवीर ने पूछताछ पर बताया कि मैं अपनी पहचान छुपाने के लिए अपना नाम अजय सिंह बताता हूं।

नौकरी के नाम पर ठगी का मामला

## पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य से की पूछताछ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पूर्व** कैबिनेट मंत्री और सपा एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य से एसटीएफ ने मंगलवार को अपने कार्यालय में पूछताछ की। मौर्य के पूर्व निजी सचिव अरमान खान द्वारा बेरोजगार नवयुवकों को नौकरी के नाम पर ठगने के मामले में दर्ज मुकदमे में पूछताछ के लिए एसटीएफ ने नोटिस जारी करके बुलाया था। सूत्रों का कहना है कि मौर्य एसटीएफ के सवालों का जवाब देने से बचते रहे। अधिकतर सवालों के जवाब में वह कोई जानकारी न होने की बात कहते रहे। उल्लेखनीय है कि एसटीएफ ने बीती 21 अप्रैल को स्वामी प्रसाद मौर्य के पूर्व निजी सचिव अरमान सहित पांच लोगों फैजी, विशाल, असगर और अमित को गोरखपुर से गिरफ्तार किया था। अरमान पर आरोप हैं कि मौर्य का निजी सचिव रहते हुए उसने अपने कार्यालय में बेरोजगार नवयुवकों को बुलाया। उनसे सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर दस से बारह लाख रुपए वसूले। इनमें से कई को फर्जी नियुक्ति पत्र भी थमा दिया और बाकायदा उनकी ट्रेनिंग भी करवाई।

एसटीएफ सूत्रों ने बताया कि मौर्य ने पूछताछ में अरमान को जानने की बात कबूल की। उन्होंने बताया कि अरमान के पिता उनके करीबी कार्यकर्ता थे। इसी नाते वह उसे जानते थे लेकिन वह क्या काम करता है इसके बारे में उन्हें कुछ नहीं पता। एसटीएफ का कहना है कि अगर आवश्यकता महसूस हुई तो स्वामी प्रसाद मौर्य को पूछताछ के लिए दोबारा बुलाया जा सकता है।

बार एसोसिएसन के चुनाव का परिणाम घोषित

# बार अध्यक्ष चन्द्रभाल गुप्ता व महासचिव बने बुद्धिप्रकाश मिश्रा

संवाददाता। सीतापुर

**बार एसोसिएशन** सीतापुर की नई कार्यकारिणी के चुनाव का परिणाम आते ही अधिवक्ता खुशी से झूम उठे। मतगणना के दौरान पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही। बार एसोसिएशन सभागार में जीत के बाद एक दूसरे को मिठाई खिलाते भी जीते प्रत्याशी नजर आए और भांगड़ा पर डांस भी किया। यहां पर 833 मतदाता थे, 746 ने मतदाधिकार का अपने प्रयोग किया था, आपको बता दें कि कोरोना काल के चलते दो साल बाद यह चुनाव हुआ है। अध्यक्ष पद पर चार प्रत्याशी मैदान में थे जिसमें चन्द्रभाल गुप्ता 420 मत पाकर अध्यक्ष पद पर भारी मतों से निर्वाचित हुए है, जबकि इनके प्रतिद्वंदी रामनरायण



त्रिवेदी को 150, जितेन्द्र कुमार शुक्ला को 104, अम्बरीश शुक्ला को 41 मत ही मिल सके। सीतापुर बार एसोसिएशन महासचिव पद पर 5 प्रत्याशी मैदान में थे जिनमें से बुद्धि प्रकाश मिश्रा 267 मत पाकर विजयी हुए, इनके प्रतिद्वंदी विमल मोहन मिश्रा को 227 मत मिले अन्य की बात करें तो सुनील सिंह गौर को 103, आशीष श्रीवास्तव 93, विकेश कुमार सिंह को 30 मत पाकर संतोष करना पड़ा। सीतापुर बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर 3 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे थे, यहां पर राममोहन पांडेय 369 मत पाकर बाजी मार ली है और वह वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए है, इनके प्रतिद्वंदी बाबूराम वर्मा को 228 मत ही मिल सके व श्याम किशोर मिश्रा को 113 मत पाकर संतोष करना पड़ा। बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर पद के प्रत्याशियों की बात करें तो इसमें 2 पदों के लिए प्रत्याशियों का चयन होना होता है, यहां पर पांच प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे थे, जिसमें प्रथम सपना त्रिपाठी 322 व द्वितीय संध्या दीक्षित 285 मत पाकर निर्वाचित हुई है। जबकि शिवनाथ मिश्र को 231, अमित पाल को 179 मनोज कुमार 169 मत पाकर चुनाव हार गए है। बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे पदों में भी दो प्रत्याशियों को चुनना होता है, इसमें 5 प्रत्याशी मैदान में थे, जिसमें रोहित मेहरोत्रा प्रथम 286 मत व आदेश वर्मा द्वितीय 248 मत पाकर निर्वाचित हुए है। यहां पर विवेक

● वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए राममोहन पांडेय

● संयुक्त सचिव लाइब्रेरी पर निर्विरोध निर्वाचित हुए आदित्य वर्मा

पांडेय को 181, अम्बरीश शुक्ला 166, कौशलेन्द्र सिंह 156 मत पाकर चुनाव हार गए है। संयुक्त सचिव प्रकाशन में दो प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे थे। अम्रातांशु मौर्य 387 मत पाकर विजयी हुए है वह शैलेन्द्र मिश्रा 328 मत पाकर चुनाव हारे है। कोषाध्यक्ष पद के लिए शैलेन्द्र कुमार टह्लन को 373 मत पाकर निर्वाचित हो गए, इनके प्रतिद्वंदी सर्वेश शुक्ला जो 332 मत पाकर चुनाव हारे है। इसी तरह वरिष्ठ कार्यकारिणी व कानिष्ठ कारिणी में 6 पदाधिकारी चुने जाते है, लेकिन दोनो पदो के लिए चार-चार प्रत्याशी थे जो सभी निर्विरोध निर्वाचित हुए है, इसमें दो पद भी खाली बचे है। वरिष्ठ कार्यकारिणी में धीरेन्द्र कुमार यादव, सर्वेश पांडेय, सीमा खान, विनोद कुमार त्रिपाठी व कनिष्ठ कार्यकारिणी में पंकज तिवारी, मो. शमीम खान शानू, शमीन खान, विनोद कुमार सभी निर्विरोध निर्वाचित हुए है जबकि इनमें दो पद अभी भी खाली है। शान्तिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने वाले चुनाव अधिकारी ओपी तिवारी, हरीश त्रिपाठी, दिनेश मौर्या शामिल है।

## मुगल काल में काशी के शिल्पकारों ने रेउसा में बनाया था शिव मंदिर

संवाददाता। सीतापुर

**रेउसा क्षेत्र** का प्रसिद्ध शिव शक्ति धाम मोईया शिवाला मंदिर जो सैकड़ों वर्ष पुराना है। राजा मल्लापुर के तालुकदार हरिपाल सिंह व महिपाल सिंह दो सगे भाइयों जिनमें 1977 मे शिव बक्श सिंह द्वारा इसे निर्माण कराया गया था। वर्तमान में ठाकुर लाल सिंह व उनके पुत्र राहुल सिंह व शुभम सिंह द्वारा मंदिर के व्यवस्था का कार्य देखा जा रहा है। सावन के महीने में दूर-दूर से कांवरिया व श्रद्धालु मंदिर में आकर विशेष पूजा व अनुष्ठान करते हैं। मुगल काल में निर्मित इस मंदिर को काशी के शिल्पकारों ने 6 बनाया था। क्षेत्र भर की आस्था का केंद्र बना यह मंदिर में दर्शन, पूजन, अनुष्ठान से आर्थिक और पारिवारिक सुख सम्रद्धि प्राप्त

● रेउसा क्षेत्र में न्यायकर्ता शिव, जहां वर्ष भर रहता है सावन जैसा माहौल

● शिव शक्ति धाम मोईया शिवाला मंदिर में झूठी कसम खाने से डरते हैं लोग

होती है। सावन भर यहां मेला लगता है इसके अलावा भी क्षेत्र के लोग घर के मांगलिक कार्यक्रमों की शुरुआत मंदिर से ही करते हैं। क्षेत्र में आस्था व विश्वास का यह शिव मंदिर न्याय कर्ता का शिवाला भी माना जाता है जहां कोई झूठी सौगंध नहीं खा सकता।

## उत्तिष्ठ फाउण्डेशन ने जरूरतमंदों को वितरित की राशन किट



संवाददाता। सीतापुर

**उत्तिष्ठ फाउण्डेशन** विगत 5 वर्षो से समाज के वंचित गरीब परिवारों की हर संभव मदद करता चला आ रहा है। इसी क्रम में संस्था द्वारा ऐलिया ब्लाक के ग्राम पंचायत पीतपुर के प्राइमरी विद्यालय के निकट राशन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एसडीएम सीतापुर अनिल कुमार के कर कमलों द्वारा राशन सामग्री का वितरण कार्य संपन्न किया गया। जिसमें ग्राम सभा के शारीरिक-मानसिक तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को चिन्हित करके उनकी सहायता की गई। 100 परिवारों को राशन सामग्री की किट का वितरण उत्तिष्ठ फाउण्डेशन के द्वारा फ्शिर जार्डन के सहयोग से संपन्न किया गया। इस किट में आटा, दाल, चावल, खाने का तेल, साबुन, हल्दी पाउडर, गरम मसाला, सोयाबीन बरी, चीनी, एवं नमक आदि शामिल हैं। संस्था द्वारा राशन सामग्री प्राप्त कर लाभान्वित परिवारों द्वारा अत्यंत प्रसन्नता एवं धन्यवाद प्रकट किया गया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन बालकृष्ण तिवारी, मैनेजर गोपाल तिवारी, कार्य प्रभारी अनिल तिवारी एवं वालंटियर्स अमित सिंह, प्रदीप तिवारी, प्रशान्त शुक्ला आदि सभी सदस्यों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम का संचालन किया।

## व्यापारी से लूट के बाद हुई मौत से साथी आक्रोशित, एएसपी से मिले

**सीतापुर।** सीतापुर में दिन दहाड़े लूट का शिकार होने वाले प्याज व्यापारी की मौत के बाद व्यापारी आक्रोशित है, इस सनसनी खेज दुस्साहसिक वारदात को लेकर पुलिस की तरफसे अभी तक खुलासा न होने को लेकर व्यापारियों में आक्रोश घर कर गया, व्यापारी की मौत होने के कुछ व्यापारी मंडी स्थल पहुंचे जहां पर एडिशनल एसपी भी मौके पर पहुंचे, जिनसे वार्ता की और समझाया। व्यापारियों ने एएसपी राजीव दीक्षित को 24 घंटे में खुलासा कराने की बात कही है, अगर 24 घंटे में खुलासा नहीं हुआ तो वह दुकाने बंद कर प्रदर्शन करेगें। आपको बता दें कि 20 जुलाई की सुबह करीब 5:30 बजे शहर के मोहल्ला कजियारा में रहने वाले मोईन अहमद लूट का शिकार हुए थे, अपाचे सवार बदमाशों ने व्यापारी से सवा लाख रुपये लूट लिए और भाग निकले थे। व्यापारी ने साहस दिखाते हुए स्कूटी से बदमाशों का पीछा किया। इस दौरान व्यापारी की स्कूटी स्पीड ब्रेकर के पास अनियंत्रित हो गई वह घायल हो गए, जिन्हें सीतापुर से बेहतर इलाज के लिए लखनऊ आइकन अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह की मौत हो गई। मंडी स्थल पहुंचे व्यापारी नेता भगवती गुप्ता, इरफान, अहमद, रामनिवास, भूरे, मुन्ना, लखपति, सौरभ राठौर सहित मंडी आढ़त पहुंचे जहां पर एडिनशनल एसपी से वार्ता की है और उन्हें आश्वासन मिला। पूरे मामले को लेकर व्यापारी नेता भगवती गुप्ता ने कहा कि अगर 24 घंटे तक खुलासा नहीं हुआ तो दुकाने बंद कर प्रदर्शन किया जाएगा।

कारगिल विजय दिवस पर डीएम, एसपी पहुंचे शहीद के गांव

# मनोज पांडेय का रूढ़ा गांव बनेगा आदर्श ग्राम पंचायत: डीएम

संवाददाता। सीतापुर

**कारगिल की** विजयगाथा शहीद कैप्टन मनोज पांडेय के साहस और बलिदान का जिक्र किए बगैर अधूरी है, सीतापुर के रूढ़ा गांव में जन्में शहीद कैप्टन मनोज पांडेय ने कारगिल के युद्ध में अदम्य शौर्य का परिचय देते हुए खालूबार की चोटी पर बैठे घुस पैठियों को न सिर्फ मार गिराया बल्कि दुश्मन के कब्जे से खालूबार को आजाद कराते हुए वहां पर तिरंगा फहरा दिया। हालांकि दुश्मनों की कई गोलियां कैप्टन मनोज पांडेय के शरीर को छलनी कर चुकी थी, लिहाजा चोटी पर तिरंगा फहराने के बाद कैप्टन मनोज पांडेय हमेशा के लिए मां भारती की गोद में सो गए। 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है, कारगिल विजय दिवस पर शहीद कैप्टन मनोज पांडेय के बलिदान को नमन करने सीतापुर के जिलाधिकारी अनुज सिंह और पुलिस अधीक्षक सुशील घुले शहीद के पैतृक गांव रूढ़ा पहुंचे, डीएम व एसपी ने सबसे पहले शहीद कैप्टन मनोज पांडेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पचक्र अर्पित किया। यहां पर डीएम ने कैप्टन मनोज पांडेय के चाचा कौशल चन्द्र पांडेय व अन्य परिजनों को अगवस्त्र व राष्ट्रध्वज प्रदान कर सम्मानित किया। डीएम ने शहीद के चाचा के घर का रंगरोगन कराने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए। कैप्टन मनोज पांडेय की लगे चित्रो को भी साफ रखने व फ्रेम में लगवाने के निर्देश दिए। डीएम ने लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को गांव की सड़के दुरूस्त कराने के निर्देश दिए। डीएम ने ह्हीद की स्मृति में बने पार्क का निरीक्षण किया, पार्क की बदहाली देखकर चिंता जताई, उन्होंने 15 अगस्त तक पार्क का जीर्णोद्वार कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि पार्क में बैठने के लिए बेंच, झूला, गेट आदि की व्यवस्था की जाए, पार्क में



बने जर्जर हो चुके कमरे का जीर्णोद्वार कराते हुए उसमें लाइब्रेरी स्थापित करने के निर्देश बीडीओ कसमंडा को दिए यह भी कहा कि लाइब्रेरी में देशभक्ति से संबंधित वाल पेंटिंग, पुस्तकें, अखबार, पत्रिकाएं आदि चीजें रखी जायें। जिलाधिकारी ने रूढ़ा गांव को आदर्श ग्राम बनाने का भी सीडीओ को निर्देश दिया है। इस मौके पर सीडीओ अछत वर्मा, उपायुक्त श्रम रोजगार सुशील कुमार श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी सिधौली अजय कुमार सिंह, सीओ सिधौली यादुवेंद यादव, बीडीओ कसमण्डा अजीत यादव, सहायक विकास अधिकारी कसमण्डा दिनेश कुमार यादव, एडीओ आईएसवी शिव प्रकाश दुवे, ऐपीओ मनरेगा चन्द्रप्रकाश, तहसीलदार सिधौली रवीन्द्र प्रताप सिंह, प्रधान प्रतिनिध पंकज मिश्रा, ग्रामपंचायत अधिकारी अंसिका वर्मा, हिमाली पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक थाना कमलापुर पुष्पराज कुशवाहा, किशोर यादव, संजय यादव, शिवकुमार यादव आदि सैकड़ो की संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

## नवदंपति शगुन किट अपनाएं परिवार को खुशहाल बनाएं

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी।

**शादी के** मौके पर मिलने वाले तमाम तोहफों में से उसी दौरान मिलने वाला एक विशेष तोहफा नवदंपति के पूरे जीवन को खुशहाल बना सकता है। बस जरूरत है उसकी खासियत को समझते हुए सही मायने में जीवन में अपनाने की। इस किट में कई जरूरी सामग्री के साथ ही परिवार नियोजन के अस्थायी साधन कंडोम व गर्भ निरोधक गोलियों को भी शामिल किया गया है। परिवार नियोजन के इन अस्थायी साधनों को अपनाकर पति-पत्नी को एक.दूसरे को समझने और आर्थिक रूप से मजबूती लाने का पर्याप्त समय मिल सकता है। इस तरह यह किट महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के साथ ही परिवार के हर सदस्य की खुशहाली का जरिया भी बन सकता है। परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. अश्वनी कुमार के अनुसार विवाह के बाद बहू के ससुराल में कदम रखते ही आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुभ शगुन के रूप में नई पहल किट का तोहफा दिया जाता है। इसका उद्देश्य नवविवाहित दम्पति को पारिवारिक और वैवाहिक जीवन के दायित्वों के लिए तैयार करना है ताकि वह अपना आगे का जीवन बिना संकोच और झिझक के खुशहालए सुरक्षित और सुंदर बना सकें। सेहत के साथ ही आर्थिक बेहतरी के लिए जरूरी है कि बच्चे की योजना शादी के दो साल बाद ही बनाएं और दो बच्चों के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर जरूर रखें। परिवार नियोजन एवं लॉजिस्टिक प्रबंधक पद्माकर त्रिपाठी का कहना है कि जनपद में पिछले वित्तीय वर्ष में 8560 शगुन किट (नई पहल) का वितरण किया जा चुका है। इसके साथ ही इस वित्तीय वर्ष में चल रहे सास-बहू-बेटा सम्मेलन के दौरान नई पहल किट का वितरण किये जाने की योजना है। इसकी संपूर्ण रूपरेखा बनाने के लिए सीएमओ डा. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी द्वारा निर्देशित किया गया है।

## रुक्मणी-श्रीकृष्ण विवाह कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

संवाददाता। निघासन-खीरी

**देवीदीन पुरवा** में चल रहे 11 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में गुरुवार को रुक्मिणी विवाह प्रसंग व सुदामा चरित्र का वर्णन सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। लोकन पुरवा से आए कथावाचक पंडित उत्तम महराज ने कथा का रसपान कराते हुए कहा कि विदर्भ के राजा भीष्मक के घर रुक्मिणी का जन्म हुआ। बाल अवस्था से भगवान श्रीकृष्ण को सच्चे हृदय से पति के रूप में चाहती थीं। लेकिन भाई रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल के साथ कराना चाहता था। रुक्मिणी ने अपने भाई की इच्छा जानी तो उसे बड़ा दुख हुआ। अत: शुद्धमति के अंतपुर में एक सुदेव नामक ब्राह्मण आता-जाता था। रुक्मिणी ने उस ब्राह्मण से कहा कि वे श्रीकृष्ण से विवाह करना चाहती हैं। सात श्लोकों में लिखा हुआ मेरा पत्र तुम श्रीकृष्ण तक पहुंचा देना। कथावाचक ने बताया कि रुक्मिणी ने स्वयं को प्राप्त करने के लिए उपाय भी बताया। पत्र में रुक्मिणी ने बताया कि वह



प्रतिदिन पार्वती की पूजा करने के लिए मंदिर जाती हैं। श्रीकृष्ण आकर उन्हें यहां से ले जाओ।

पत्र के माध्यम से रुक्मिणी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आप इस दासी को स्वीकार नहीं करेंगे तो मैं हजारों जन्म लेती रहूंगी। मैं किसी और पुरुष से विवाह नहीं करना चाहती हूं।आचार्य ने बताया कि पार्वती के पूजन के लिए जब रुक्मिणी आईए उसी समय प्रभु श्रीकृष्ण रुक्मिणी का हरण कर ले गए। अतरू रुक्मिणी के पिता ने रीति रिवाज के साथ दोनों का विवाह कर दिया। इंद्र लोक से सभी देवताओं द्वारा पुष्पों की वर्षा की तथा खुशियां लुटाई।

इस दौरान जजमान आयोजक रामकुमार उर्फ रामू, राम कृपाल, सोहन मौर्य, चित्र कुमार मौर्य, कृष्णा, रतीराम लोधी, राम लखन, रामचंद्र, राम मूर्ति, हरपाल आदि काफी क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## कारगिल विजय दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**लखीमपुर-खीरी।** कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में युवराज दत्त महाविद्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में एनसीसी कैडेट्स के अलावा महाविद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर कैडेटस द्वारा देश प्रेम की कविताओं एवं भाषण द्वारा कारगिल विजय दिवस की शौर्य गाथा को प्रस्तुत किया गया। गोष्ठी में दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं एनएसएस प्रभारी डा. सुभाष चंद्रा ने कारगिल युद्ध के समय भारतीय सेना के अदम्य साहस एव सौर्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कैडेट एवं विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा करने हेतु सजग रहकर हमेशा तत्पर रहने को कहा। एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डा. संजय कुमार ने कारगिल युद्ध की तत्कालीन परिस्थितियों को विषद वर्णन करते हुए भारतीय सेनाओं की कुशल युद्ध रणनीति पर प्रकाश डालते हुए कारगिल विजय को युद्ध इतिहास की सबसे कठिनतम विजय के तौर पर रेखांकित किया।

## पुलिस चौकी कुकरा में सक्रिय दलालों ने दी पत्रकार को जान से मारने की धमकी

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**तहसील गोला** के पत्रकारों की आयोजित बैठक वरिष्ठ पत्रकार होतीलाल रस्तोगी की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें थानाध्यक्ष मैलानी, पुलिस चौकी इंचार्ज कुकरा के सामने पुलिस के दलाल ने लखनऊ से प्रकाशित एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार शेर अली को अपमानित कर उनको जान से मारने की धमकी की घटना की जोरदार निंदा की।

आगे कहा कि पत्रकार शेर अली पुलिस चौकी में थानाध्यक्ष मैलानी के पुलिस चौकी पर आने की खबर पाकर समाचार संक्लन के लिए गए थे वहां पर थानाध्यक्ष मैलानी, पुलिस चौकी प्रभारी कुकरा पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। उपरोक्तगणों के सामने पुलिस चौकी के दलाल ने वरिष्ठ पत्रकार शेर अली को देखकर आग बबूला हो गया जिसका जवाब शेर अली ने दिया पर दलाल ने बदजुबानी कर उनको अपमानित ही नहीं किया बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी पुलिस यह सब देखती रही पर उसने दलाल को फटकार लगाना तो दूर की बात शेर अली को समझा बुझाकर मामला दबाने के प्रयास घोर निंदनीय है।

वरिष्ठ पत्रकार होतीलाल रस्तोगी ने कहा है कि थाना मैलानीपुलिस ने पत्रकार शेर अली का मुकदमा दर्जकर दलाल को तत्काल गिरफ्तार किया जाए व अन्य पुलिस में सक्रिय दलालों को बगैर काम के पुलिस चौकी पर घूमने पर रोक नहीं लगी तब तहसील क्षेत्र के पत्रकारों के साथ पुलिस अधीक्षक से मिलकर पूरी घटना से अवगत करा कर शेर अली का मुकदमा दर्ज कराने व पुलिस चौकी से दलाली रोकने की मांग की जाएगी। बैठक में सचिन शर्मा, करन सिंह राठौर, श्रीकृष्ण शर्मा, संदीप शुक्ला, नवीन कुमार, पंकज मिश्रा, श्रेष्ठ रस्तोगी, डीपी आर्या व शैलेंद्र सिंह सहित दर्जनों पत्रकारों ने भाग लिया।

# पेज एक का शेष

### रास में...

और उनकी परिदान प्रणाली (विधि विरूद्ध क्रियाकलाप का प्रतिषेध) संशोधन विधेयक पर अधूरी चर्चा को फिर से आगे बढ़ाने के लिए मनोनीत सदस्य राकेश सिन्हा को बुलाया। राकेश सिन्हा ने अपनी बात शुरू की। इसी बीच तृणमूल कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्य विरोध जताते हुए आसन के समक्ष आ गए और महंगाई तथा जीएसटी के मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। उपसभापति ने उन्हें नारेबाजी और पोस्टर दिखाने से मना किया और उनसे अपने स्थानों पर वापस जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जिन मुद्दों पर सदस्य चर्चा की मांग कर रहे हैं और अपने नोटिस का हवाला दे रहे हैं, उस बारे में सुबह सभापति स्पष्ट व्यवस्था दे चुके हैं। हरिवंश ने सदस्यों से कार्यवाही चलने देने का अनुरोध किया, लेकिन अपनी अपील का कोई असर होते न देख उन्होंने विपक्षी सदस्यों को आगाह किया कि यदि वे अपना यह आचरण जारी रखते हैं तो उनका नाम लेने के लिए विवश हो जाएंगे। इसके बाद उपसभापति ने संसदीय कार्य राज्य मंत्री वी मुरलीधरन को एक प्रस्ताव पढ़ने की अनुमति दी जिसमें कहा गया था कि सदन कुछ सदस्यों के कदाचार को बहुत ही गंभीरता से लेता है। संसदीय कार्य राज्य मंत्री के प्रस्ताव पूरा करने के बाद उपसभापति हरिवंश ने कहा कि प्रस्ताव के मुताबिक, इन सदस्यों- मोहम्मद नदीमुल हक, डोला सेन, शांता छेत्री, अबीर रंजन विश्वास, शांतनु सेन, मौसम नूर, सुष्मिता देव, एम मोहम्मद अब्दुल्ला, कनिमोई एम सोमू, एम षड्मुगम, एस कल्याण सुंदरम, आर गिरिराजन, एन आर एलनगोवन, बी एल यादव, रविचंद्रन वद्दीराजु, दामोदर राव दिवाकोंडा, वी शिवदासन, ए रहीम तथा संतोष कुमार ने सदन और आसन की गरिमा के प्रति असम्मान का भाव जताया है।

### आर्थिक गलियारे...

चीन के सहायक विदेश मंत्री वू जियानघाओ की सह-अध्यक्षता में आयोजित आभासी बैठक के दौरान दोनों देशों ने आर्थिक गलियारे में निवेश के इच्छुक अन्य देशों को शामिल करने का निर्णय लिया। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार चीन और पाकिस्तान ने आर्थिक गलियारे को एक खुला और समावेशी मंच करार दिया। इस बैठक में सीपीईसी के कार्यान्वयन और इसके संयुक्त रूप से सहमत प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में विस्तार की समीक्षा की गई। महमूद ने इस्लामाबाद की विदेश नीति में वक्त की कसौटी पर आजमायी गई पाकिस्तान-चीन रणनीतिक सहकारी साझेदारी पर जोर दिया और कहा कि सीपीईसी का निरंतर विकास आपसी सद्भाव को दर्शाता है। दोनों पक्षों ने कहा कि सीपीईसी के विकास से उद्योग, कृषि, आईटी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बहुत तेज और ठोस प्रगति हुई है। विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत करने में यह मील का पत्थर साबित हुई है। मालूम हो कि करीब एक दशक पहले सीपीईसी को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत एक प्रमुख उद्यम के रूप में लॉन्च किया गया था।

### एलजी के...

कुमार को दक्षिणी जोन में संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की प्रक्रिया में देरी के लिए निलंबित किया गया है। एक अन्य फैसले में उपराज्यपाल ने करोल बाग जोन में कम से कम 50 अनधिकृत ढांचों को गैर कानूनी तरीके से नियमित करने के मामले में राजस्व विभाग के उप पंजीयक राजपाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की सीबीआई को इजाजत दे दी। सूत्र के अनुसार आसफ अली रोड पर उप-पंजीयक तृतीय के पद पर तैनात राजपाल पर आरोप है कि उसने बैनामा पर अनधिकृत ढांचों का शुल्क लिए बिना ही अनधिकृत संपत्तियों का पंजीकरण किया। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई 2015 से 26 सितंबर 2018 के बीच राजपाल ने कथित रूप से 50 ऐसी संपत्तियों का पंजीकरण किया है। राजपाल पर करोल बाग जोन में पैसे लेकर आवासीय श्रेणी में व्यावसायिक संपत्तियों का पंजीकरण करने का भी आरोप है जिससे सरकार को नुकसान हुआ।

### ईडी ने...

करीब दो बजे ईडी कार्यालय से निकलीं थी और दोपहर करीब साढ़े तीन बजे दोबारा पहुंचीं। अधिकारियों ने बताया कि प्रियंका गांधी ईडी कार्यालय के एक अन्य कमरे में रुकीं, ताकि जरूरत पड़ने पर वह अपनी मां से मिल सकें और उन्हें दवाएं या चिकित्सा सहायता मुहैया करा सकें। ऐसा माना जा रहा है कि समन के सत्यापन, उपस्थिति पत्र पर हस्ताक्षर करने सहित शुरुआती औपचारिकताएं पूरी करने के बाद सोनिया गांधी से पूर्वाह्न करीब सवा 11 बजे पूछताछ शुरू की गई। सोनिया गांधी (75) से पहली बार 21 जुलाई को मामले में दो घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई थी। रायबरेली से लोकसभा सदस्य गांधी ने तब एजेंसी के 28 सवालों के जवाब दिए थे।

### कांग्रेस का...

की भावना से की गई कार्रवाई करार दिया और कहा कि सत्य ही इस तानाशाही का अंत करेगा। राहुल गांधी और कांग्रेस के कई अन्य सांसदों ने संसदभवन से मार्च निकाला तथा वे राष्ट्रपति भवन की तरफ बढ़ने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें विजय चौक पर रोक दिया। इसके बाद इन नेताओं ने वहां धरना दिया। कुछ देर बाद पुलिस ने राहुल गांधी और कई अन्य कांग्रेस नेताओं को हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए जाने से पहले राहुल ने आरोप लगाया, मोदी जी राजा हैं और भारत में पुलिस राज है।

### मुफ्त की...

शक्तियों का प्रयोग करे। पीठ ने संक्षिप्त सुनवाई में चुनाव के दौरान और बाद में दिए जाने वाले मुफ्त उपहार के मुद्दे पर वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल से राय मांगी, जो एक अन्य मामले के संबंध में अदालत कक्ष में थे। सिब्बल ने कहा, यह एक गंभीर मामला है। सचमुच गंभीरउ समाधान बहुत कठिन है लेकिन समस्या बहुत गंभीर है। यह वित्त आयोग है जो राज्यों को आवंटन देता है ... वे किसी राज्य के कर्ज और मुफ्त के उपहारों की मात्रा को संज्ञान में ले सकते हैं। उन्होंने कहा, वित्त आयोग इससे निपटने के लिए उपयुक्त प्राधिकरण है। शायद हम इस पहलू को देखने के लिए आयोग को आमंत्रित कर सकते हैं। हम भारत सरकार से राज्यों को निर्देश जारी करने की उम्मीद नहीं कर सकते हैं।

### गाजियाबाद में...

में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सभी शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं लोनी में विक्की नामक कांवड़िए की करंट लगने से जान चली गई। वहीं लोनी में विक्की नामक कांवड़िए की करंट लगने से जान चली गई।

### 5जी स्पेक्ट्रम...

और 5जी सेवाएं सितंबर तक शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि स्पेक्ट्रम 14 अगस्त तक आवंटित करने का लक्ष्य है। 5जी सेवाओं के आने से इंटरनेट की गति 4जी के मुकाबले करीब 10 गुना अधिक होगी। इसमें इंटरनेट की गति इतनी होगी कि मोबाइल पर एक फिल्म (मूवी) को कुछ सेकेंड में ही डाउनलोड किया जा सकेगा। साथ ही इससे ई-स्वास्थ्य, मेटावर्स, अत्याधुनिक मोबाइल क्लाउड गेमिंग समेत विभिन्न क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव आएंगे। नीलामी (600 मेगाहर्ट्ज, 700 मेगाहर्ट्ज, 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1800 मेगाहर्ट्ज, 2100 मेगाहर्ट्ज, 2300 मेगाहर्ट्ज), मध्यम (3300 मेगाहर्ट्ज) और उच्च (26 गीगाहर्ट्ज़) आवृत्ति बैंड के स्पेक्ट्रम के लिए आयोजित की जा रही है।

### सेना को...

के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में हाल के संघर्षों में मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) ड्रोन तकनीक सैन्य अभियानों में कई गुना क्षमता बढ़ाने वाला साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध में भारतीय सेना की क्षमता को बढ़ाने के लिए डीएसी ने भारत में विकसित और निर्मित श्रेणी के अंतर्गत स्वायत्त निगरानी और सशस्त्र ड्रोन की खरीद के लिए मंजूरी दी है। शीर्ष निकाय ने बिजली उत्पादन के लिए उन्नत 1250 किलोवॉट क्षमता वाले मरीन (समुद्री) गैस टर्बाइन जेनरेटर की खरीद के लिए नौसेना के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। इससे गैस टर्बाइन जनरेटर के स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा देश के तटीय क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने के लिए, डीएसी ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए 14 फास्ट पेट्रोल वेसल (एफपीवी) की खरीद के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इस बीच, रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने कानपुर में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में सॉफ्टवेयर-डिफाइंड रेडियो (एसडीआर) के स्वदेशीकरण की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। इसमें कहा गया है कि ऑपरेशन के व्यापक दायरे में सशस्त्र बलों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए इस प्रक्रिया को तेज किया गया है।

# ठाकरे सरकार के 400 आदेशों की समीक्षा कर रहे हैं : फड़णवीस

भाषा। मुंबई



**महाराष्ट्र के** उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने मंगलवार को कहा कि उद्धव ठाकरे नीत पिछली सरकार ने अपने अंतिम दिनों के दौरान 400 फैसले लिए और बजटीय आवंटन से पांच गुना ज्यादा कोष आवंटित कर दिया। फड़णवीस ने कहा कि ए आदेश मुख्य रूप से विभिन्न विकास संबंधित कार्यों के लिए कोष आवंटन से संबंधित थे और तब लिए गए थे जब महा विकास आघाड़ी (एमवीए) की गठबंधन सरकार शिवसेना में विद्रोह की वजह से अल्पमत में आ गई थी और और उसकी वैधता शक के दायरे में थी।

उन्होंने यहां मंत्रालय (सचिवालय) में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एकनाथ शिंदे-भाजपा की सरकार जल्दबाजी में लिए गए फैसलों की समीक्षा कर रही है ताकि सरकारी खज़ाने पर गैर जरूरी बोझ नहीं पड़े। भाजपा नेता ने कहा, मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे नीत पिछली सरकार ने (अपने आखिरी दिनों में) 400 सरकारी आदेश जारी किए थे और बजटीय आवंटन से पांच गुना ज्यादा कोष आवंटित किया था। अगर हम आदेशों को लागू करते हैं तो सरकारी खज़ाने पर गैर जरूरी बोझ पड़ेगा। तीस जून को शपथ लेने के बाद से ही मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री फड़णवीस विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा कर रहे हैं और शिवसेना की अगुवाई वाली पिछली सरकार की ओर से जारी कई आदेश को रोक भी दिया है। इस कदम ने ठाकरे नीत शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस को नाराज़ किया है। इन तीनों दलों की गठबंधन सरकार का नेतृत्व ठाकरे कर रहे थे। विधानसभा में विपक्ष के नेता राकांपा के अजीत पवार ने शिंदे से आग्रह किया कि वह सरकार के फैसलों पर मनमानी रोक नहीं लगाएं, क्योंकि ऐसे कदम कई विकास कार्यों को प्रभावित करेंगे। फड़णवीस ने कहा, उस सरकार के लिए आदेश जारी करना सही नहीं था जो सत्ता में बने रहने का नैतिक अधिकार खो चुकी थी। (ठाकरे नीत एमवीए) सरकार अल्पमत में थी और उसे ऐसे फैसले नहीं करने चाहिए थे। इसलिए इन फैसलों की समीक्षा कर रहे हैं और तथ्यों के आधार पर अनुमति दे रहे हैं। ठाकरे ने शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना विधायकों की बगावत के बाद 29 जून को इस्तीफा दे दिया था।

## भाजपा ईडी के जरिए दबाव बनाने के लिए क्रूर राजनीति कर रही : शिवसेना नेता खैरे

**औरंगाबाद (महाराष्ट्र)।** शिवसेना के पूर्व सांसद चंद्रकांत खैरे ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के माध्यम से नेताओं पर दबाव बनाकर क्रूर राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि पार्टी के नेता अर्जुन खोतकर को इस तरह की राजनीति के दबाव में नहीं होना चाहिए। खैरे ने कहा कि खोतकर को पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे से मिलना चाहिए और अपने मुद्दों को उनके साथ साझा करना चाहिए। पूर्व मंत्री खोतकर को कुछ दिनों पहले शिवसेना का उपनेता बनाया गया था। खोतकर की राष्ट्रीय राजधानी में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे के साथ बैठक के बारे में पूछे जाने पर, खैरे ने कहा, भाजपा ईडी के माध्यम से नेताओं पर दबाव बनाकर क्रूर राजनीति कर रही है। शिवसेना के बाकी नेता केंद्रीय एजेंसी द्वारा जांच के बाद भी निडर होकर काम कर रहे हैं।

## निर्वाचन आयोग की कार्यवाही के खिलाफ उद्धव गुट की याचिका पर न्यायालय में एक अगस्त को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट की याचिका पर निर्वाचन आयोग की कार्यवाही के खिलाफ दाखिल की गई उद्धव ठाकरे समूह की याचिका पर एक अगस्त को सुनवाई करने के लिए मंगलवार को सहमत हो गया। शिंदे के नेतृत्व वाले गुट ने स्वयं को असली शिवसेना के तौर पर मान्यता दिए जाने का अनुरोध किया है।

प्रधान न्यायाधीश एन.वी. रमण, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की एक पीठ से, उद्धव ठाकरे गुट की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि निर्वाचन आयोग के समक्ष चल रही कार्यवाही पर रोक लगाने की जरूरत है, क्योंकि इससे मामले में यहां सुनवाई प्रभावित होगी। सिब्बल ने कहा कि यहां शीर्ष अदालत में लंबित मामलों को निष्फल नहीं किया जाना चाहिए।शिंदे गुट की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एन. के. कौल ने पीठ से कहा, ए बिल्कुल अलग-अलग मामले हैं। एक अध्यक्ष से संबंधित है और शीर्ष अदालत अयोग्यता, शक्ति परीक्षण आदि जैसे सभी मुद्दों पर सुनवाई कर रही है। निर्वाचन आयोग पार्टी के भीतर इस बात को देख रहा है कि कौन पार्टी का प्रतिनिधित्व करता है, उसके चिह्न और अयोग्यता का इससे कोई लेना-देना नहीं है। पीठ ने पूछा कि निर्वाचन आयोग के समक्ष अभी तक क्या कार्यवाही की गई है।कौल ने कहा, निर्वाचन आयोग ने अभी केवल आठ अगस्त के लिए नोटिस जारी किए हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह लंबित याचिकाओं के साथ ही इस याचिका पर एक अगस्त को सुनवाई करेगी।गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग ने हाल ही में शिवसेना के दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों को पार्टी और उसके चुनाव चिह्न (धनुष और बाण) पर अपने-अपने दावों के समर्थन में आठ अगस्त तक दस्तावेज जमा करने का निर्देश दिया था। निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने बताया था कि दोनों पक्षों को दस्तावेज जमा करने के लिए कहा गया है, जिसमें पार्टी की विधाई तथा संगठनात्मक शाखा के समर्थन पत्र और प्रतिद्वंद्वी गुटों के लिखित बयान शामिल हैं। निर्वाचन आयोग के नोटिस जारी करने के बाद एक ताजा अर्जी शिवसेना के महासचिव सुभाष देसाई की एक लंबित याचिका के साथ दायर की गई। इसमें चुनाव आयोग को भी एक पक्ष बनाने के लिए शीर्ष अदालत की अनुमति मांगी गई है। ठाकरे गुट ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर शीर्ष अदालत में लंबित याचिकाओं के मद्देनजर शिंदे समूह की अर्जी पर फिलहाल सुनवाई न करने का अनुरोध भी किया है।ठाकरे गुट की ताजा याचिका में असली शिवसेना के रूप में मान्यता देने और पार्टी के चुनाव चिह्न पर दावा जताने से संबंधित शिंदे गुट की अर्जी को उसका उतावलापन करार दिया गया है।पिछले हफ्ते जब शिंदे गुट ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर उसे लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा में दी गई मान्यता का हवाला देते हुए शिवसेना का चुनाव चिह्न आवंटित करने की मांग की थी, तब ठाकरे समूह ने आयोग के समक्ष एक प्रतिवेदन दायर किया था।शीर्ष अदालत ने 20 जुलाई को कहा था कि हाल ही में महाराष्ट्र के राजनीतिक संकट के दौरान शिवसेना और उसके बागी विधायकों द्वारा दायर याचिकाओं ने एक राजनीतिक दल के विभाजन, विलय, दलबदल और अयोग्यता सहित कई संवैधानिक मुद्दों को उठाया है, जिस पर एक बड़ी पीठ द्वारा विचार किए जाने की आवश्यकता हो सकती है।



कारगिल विजय दिवस के अवसर पर नेशनल वार मेमोरियल पर पुष्पांजलि करने जाते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व साथ में तीनों सेनाओं के प्रमुख

## मंत्रियों के समूह ने सर्वसम्मति से किया था दही, लस्सी पर जीएसटी लगाने का फैसलाः सरकार

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार ने** मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि अनाज, दही, लस्सी सहित विभिन्न वस्तुओं पर माल और सेवा कर (जीएसटी) लगाए जाने का हालिया फैसला विभिन्न राज्यों के मंत्रियों के समूह (जीओएम) ने सर्वसम्मति से लिया था। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जीएसटी परिषद की लखनऊ में हुई 45वीं बैठक में विभिन्न राज्यों के मंत्रियों का एक समूह (जीओएम) बनाने का फैसला किया गया था।

चौधरी ने कहा कि उस जीओएम में कर्नाटक, बिहार, केरल, गोवा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों के मंत्री शामिल थे। उन्होंने कहा कि यह जीओएम सर्वसम्मति से फैसले लेता है। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी ने सवाल किया था कि हाल ही में जिस बैठक में अनाज, दही, लस्सी आदि पर जीएसटी लगाए जाने का फैसला हुआ, क्या उसमें विपक्षी दलों द्वारा शासित दिल्ली, केरल, राजस्थान और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों के मंत्री मौजूद थे। उन्होंने यह सवाल भी किया कि क्या इन प्रदेशों ने बैठक में इन वस्तुओं पर जीएसटी लगाए जाने का विरोध किया था या असहमति जताई थी। चौधरी ने कहा कि फैसला करने वाले समूह में शामिल लोगों की स्वीकृति से ही फैसला लिया गया। उन्होंने पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाए जाने से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि इस तरह के फैसले जीएसटी परिषद लेती है और उसमें यह प्रस्ताव आया था। चौधरी ने कहा, प्रस्ताव पर अभी विचार किया जा रहा है। भाजपा सदस्य अशोक बाजपेई ने सवाल किया था कि क्या एक देश, एक मूल्य के सिद्धांत के तहत पेट्रोलियम उत्पादों पर समान जीएसटी लागू किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### संबंधित पक्षों के साथ विचार-विमर्श के आधार पर तैयार होगी नई सहकारी नीतिः शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय मंत्रालयों, राज्यों, विभिन्न संस्थाओं और आम लोगों से मिली टिप्पणियों और सभी संबंधित पक्षों से विचार-विमर्श के आधार पर सहकारी क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय स्तर पर नई नीति तैयार की जाएगी। उन्होंने लोकसभा में भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह बात कही। शाह ने कहा, सरकार सहकारिता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर नई नीति तय कर रही है। नई सहकारी नीति को लेकर 12 और 13 अप्रैल को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया था। उन्होंने बताया कि मसौदा नीति पर आम जनता समेत संबंधित पक्षों से मंत्रालय की वेबसाइट के माध्यम से सुझाव मांगे गए हैं। शाह ने कहा, केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों, राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों, संस्थानों और आम जनता की टिप्पणियों तथा संबंधित पक्षों के साथ आगे चर्चा के आधार पर नई नीति तय की जाएगी।

### 19 आपराधिक मामलों में वांछित नक्सली की पुलिस के साथ मुठभेड़ में मौत

**दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ में 19 आपराधिक मामलों में वांछित एक नक्सली मारा गया। इस नक्सली के सिर पर पांच लाख रुपए का इनाम घोषित था। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि कटेकल्याण थाना क्षेत्र के जबगमेटा के आसपास के जंगलों में नक्सलियों और डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के बीच सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात को मुठभेड़ हुई। अधिकारी के मुताबिक, नक्सलियों ने एक वन क्षेत्र में तलाश अभियान चला रहे सुरक्षा बलों को निशाना बनाया, जिसके बाद डीआरजी ने भी जवाबी कार्रवाई की। हालांकि, नक्सली अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। उन्होंने बताया कि इलाके की तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों को वहां एक मृत नक्सली मिला, जिसकी पहचान बुधराम मरकाम के रूप में की गई है। वह नक्सलियों की कटेकल्याण क्षेत्र समिति का सदस्य था। अधिकारी के अनुसार, मरकाम के खिलाफ कम से कम 19 मामले दर्ज थे और उसके सिर पर पांच लाख रुपए का इनाम घोषित था।

### नीतीश कुमार कोविड-19 से संक्रमित हुए

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कोविड-19 से संक्रमित हो गए है और चिकित्सकों की सलाह पर उन्होंने खुद को अपने आवास में पृथक कर लिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नीतीश इससे पहले जनवरी में भी कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आ गए थे और उनमें मामूली लक्षण उभरे थे। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, चिकित्सकों की सलाह पर उन्होंने (नीतीश) अपने आवास पर खुद को पृथक कर लिया है। उनकी तबीयत पिछले दो-तीन दिनों से खराब है। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने पिछले दो-तीन दिनों में अपने संपर्क में आए सभी लोगों से कोविड-19 जांच करवाने और जरूरी ऐहतियात बरतने का आग्रह किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नीतीश सोमवार को दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हो सके, क्योंकि वह बीमार थे।

### हत्या के प्रयास के आरोप में अभिनेता विनीत थातिल गिरफ्तार

**त्रिशूर (केरल)।** अलाप्पुझा निवासी एक व्यक्ति पर हमला करने के आरोप में अभिनेता विनीत थातिल को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों ने कहा कि थातिल (45) को 24 जुलाई को एलेक्स नामक एक व्यक्ति पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि हमले के बाद एलेक्स को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने कहा कि थातिल के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 308 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि अभी भी अस्पताल में भर्ती एलेक्स ने कल थातिल के खिलाफ शिकायत की थी। उन्होंने कहा कि थातिल पर एलेक्स का कुछ पैसा बकाया था और जब एलेक्स पैसे मांगने पहुंचा तो उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने कहा कि अभिनेता को आज गिरफ्तार कर लिया गया जिन्हें अदालत में पेश किया जाएगा।

### ईडी ने भर्ती घोटाला मामले में तृणमूल विधायक माणिक भट्टाचार्य को तलब किया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती में कथित घोटाले में धन शोधन के पहलू की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस के विधायक माणिक भट्टाचार्य को इस मामले में तलब किया। सूत्रों ने बताया कि पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व प्रमुख और नादिया जिले से विधायक भट्टाचार्य को बुधवार दोपहर 12 बजे सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित ईडी के दफ्तर में उसके अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। ईडी ने 22 जुलाई को भट्टाचार्य के आवासीय परिसरों पर छापे मारे थे। जब भर्ती घोटाले में कथित रूप से शामिल अन्य लोगों के यहां भी छापेमारी की थी। पूर्व शिक्षा मंत्री और मौजूदा उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी कथित करीबी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी यहां सीजीओ कॉम्प्लेक्स में ईडी की हिरासत में है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्हें 23 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। ईडी को मुखर्जी के दक्षिण-पश्चिम कोलकाता के आवास से कथित रूप से 20 करोड़ रुपए नकद, ज़ेवरात और विदेशी मुद्रा बरामद हुई थी।

### बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ाना कारगर कदम रहाः सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को पाकिस्तान तथा बांग्लादेश से लगी भारत की सीमाओं के पास अधिकार क्षेत्र बढ़ाए जाने के बाद मादक पदार्थों तथा अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी रोकने में सफलता मिली है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि पंजाब और कुछ अन्य राज्यों में बीएसएफ के क्षेत्रीय अधिकार में विस्तार का उद्देश्य उसकी जिम्मेदारियों को और प्रभावी तरीके से निभाने में उसे सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रविरोधी ताकतों द्वारा निगरानी के लिए तथा हथियारों, मादक पदार्थों एवं जाली भारतीय मुद्रा की तस्करी के लिए ड्रोनों और मानवरहित वायु यानों (यूएवी) जैसी तकनीकों के उपयोग के मद्देनजर बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ाने का कदम कारगर रहा है।

### पंजाब के महाधिवक्ता अनमोल रतन सिद्धू ने इस्तीफा दिया

**चंडीगढ़।** वरिष्ठ अधिवक्ता अनमोल रतन सिद्धू ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने निजी कारणों से पंजाब के महाधिवक्ता के पद से इस्तीफा दिया है। सिद्धू ने कहा कि उन्होंने 19 जुलाई को मुख्यमंत्री भगवंत मान को अपना इस्तीफा सौंप दिया। नए महाधिवक्ता के तौर पर वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद घई के नाम की चर्चा है। मुख्यमंत्री को लिखे अपने संक्षिप्त त्यागपत्र में सिद्धू ने लिखा, मैं पार्टी का शुक्रगुजार हूं कि मुझे पंजाब के महाधिवक्ता कार्यालय का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया। निजी कारणों से मैं इस पद पर सेवा नहीं कर पाऊंगा। मैं अपना इस्तीफा देता हूं, जिसे कृपया जल्द से जल्द स्वीकार किया जाए। सिद्धू को मार्च में महाधिवक्ता नियुक्त किया गया था। पंजाब विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद दीपिंदर सिंह पटवालिया के इस्तीफे के बाद यह पद खाली हो गया था।

## अनुचित, अनावश्यक बयानबाजी के बाद कांग्रेस ने कर्नाटक के विधायक को चेताया

भाषा। बेंगलुरु/दावणगेरे

**कांग्रेस द्वारा** अनावश्यक बयानबाजी के लिए चेताए जाने के बाद पार्टी नेता और विधायक बी जेड जमीर अहमद खान ने मंगलवार को कहा कि उन्हें मीडिया के माध्यम से इस बारे में पता चला है, क्योंकि वह यात्रा में हैं, और बेंगलुरु पहुंचने पर इस पर गौर करेंगे। पार्टी के अनुशासन और विचारधारा की लक्ष्मण रेखा के बारे में याद दिलाते हुए कर्नाटक के प्रभारी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने खान को एक पत्र में कहा है कि उनकी हालिया सार्वजनिक टिप्पणी पूरी तरह से अनुचित और अनावश्यक थी। खान ने संवाददाताओं से कहा, मुझे कोई नोटिस नहीं मिला है, मैंने इसे मीडिया में देखा है, यह नोटिस नहीं है, यह एक पत्र है...मुझे अब तक कोई नोटिस नहीं मिला है, क्योंकि मैं यात्रा कर रहा हूं। इसे देखे बिना, मैं प्रतिक्रिया नहीं दे सकता। मैं दावणगेरे में हूं, बाद में चित्रदुर्ग की यात्रा करूंगा, बेंगलुरु लौटने के बाद इस पर गौर करूंगा।

कर्नाटक में मुसलमानों की संख्या वोक्कालिगा से अधिक होने के बारे में खान के हालिया दावों से विवाद शुरू हो गया। खान ने यह दावा कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) अध्यक्ष डी के शिवकुमार के वोक्कालिगा समुदाय को मजबूत करने के प्रयास पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए किया था। वोक्कालिगा समुदाय से आने वाले शिवकुमार ने हाल में समुदाय से मुख्यमंत्री पद के लिए उनके दावे का समर्थन करने का आह्वान किया था। पुराने मैसूर या दक्षिणी कर्नाटक क्षेत्र में वोक्कालिगा की अच्छी खासी आबादी है। शिवकुमार और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सिद्धरमैया महीनों से राजनीतिक होड़ में हैं, क्योंकि दोनों पार्टी की तरफ से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार बनना चाहते हैं। सुरजेवाला ने अपने पत्र में कहा, अनावश्यक और अनुचित टिप्पणियों से विवाद और कड़वाहट पैदा करने के अलावा कोई मदद नहीं मिलती है।

## धनखड़ ने उच्चतम न्यायालय में चेंबर आवंटित करने की अर्जी वापस ली

**नई दिल्ली।** केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ ने उच्चतम न्यायालय परिसर में चेंबर आवंटित करने की अर्जी वापस ले ली है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। न्यायालय के संबंधित रजिस्ट्रार को लिखे पत्र में एससीबीए अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि धनखड़ का नाम (चेंबर आवंटित करने की) प्रक्रिया से हटा दिया जाए।

उन्होंने पत्र में लिखा, बार के हित पर गौर करते हुए जगदीप धनखड़ ने स्वेच्छा से चेंबर आवंटित करने की प्रक्रिया से हटने की जानकारी दी है ताकि जरूरतमंद अन्य वकीलों को उक्त चेंबर आवंटित किया जा सके। सिंह ने कहा कि वकीलों को चेंबर आवंटित करने के लिए जिस सूची पर विचार किया जा रहा है उसपर फिर से काम करना चाहिए। धनखड़, पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल हैं और मौजूदा समय में राजग के उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं। उनका जीतना तय माना जा रहा है क्योंकि निर्वाचन मंडल (लोकसभा और राज्यसभा सदस्य) में राजग का प्रचंड बहुमत है। उच्चतम न्यायालय में चेंबर का आवंटन विवादास्पद मुद्दा बन गया है क्योंकि वकीलों ने एक ही चेंबर को दो वकीलों को आवंटित करने के प्रस्ताव पर आपत्ति जताई है। उच्चतम न्यायालय में सोमवार को जब यह मामला आया तो न्यायमूर्ति डी.वाई.चंद्रचूड़ ने अपने पुराने अनुभव को साझा किया कि मुंबई में जब वह अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल थे, तब वह 120 वर्ग फुट के चेंबर से कार्य करते थे।

## न्यायालय ने राज्यों से न्यायपालिका के लिए वितरित किए गए धन का ब्योरा मांगा

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने मंगलवार को राज्यों से कहा कि वे केंद्र प्रायोजित योजना के तहत उन्हें उपलब्ध कराई गई राशि और राज्य तथा जिला न्यायपालिका के लिए, उनके द्वारा वितरित की गई राशि का ब्योरा उपलब्ध कराएं। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकारों के विधि सचिवों से हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा जिसमें राज्य और जिला न्यायपालिका को प्रदान की जाने वाली राशि तथा अन्य परियोजनाओं के मद में दी की गई राशि का ब्योरा शामिल हो। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि विधि सचिवों द्वारा यह कवायद चार सप्ताह के भीतर पूरी कर ली जानी चाहिए।

पीठ ने कहा कि राज्यों की ओर से ब्योरा दिया जाना चाहिए कि उन्हें पिछले पांच साल में केंद्र प्रायोजित योजना के तहत उन्हें मिली राशि में से न्यायपालिका के लिए असल में कितना धन खर्च किया। शीर्ष अदालत राष्ट्रीय न्यायालय प्रबंधन प्रणाली समिति की रिपोर्ट से संबंधित एक मामले को देख रही है। पीठ ने सभी उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम नटराज द्वारा प्रस्तुत एक नोट का जवाब देने के लिए भी कहा, जो बुनियादी ढांचे की स्थिति और न्यायिक अधिकारियों की संख्या के मुद्दे पर केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इसने कहा, राज्य सरकारों के विधि सचिव भी हलफनामे पर अपनी प्रतिक्रिया प्रस्तुत करेंगे जिसमें विशेष रूप से स्पष्ट हो कि केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत राज्य को कितनी धनराशि उपलब्ध कराई गई है और राज्य सरकारों ने राज्य तथा जिला न्यायपालिका के लिए असल में कितनी राशि वितरित की है। पीठ मामले में अगली सुनवाई सितंबर के पहले सप्ताह में करेगी।

## कांग्रेस ने संविधान के प्रति कभी सम्मान नहीं दिखायाः केंद्रीय मंत्री प्रधान

भाषा। नई दिल्ली



**केंद्रीय मंत्री** धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीय जांच एजेंसियों की आलोचना करने के लिए मंगलवार को कांग्रेस को आड़े हाथ लिया और दावा किया कि प्रमुख विपक्षी पार्टी ने कभी भी संविधान के प्रति सम्मान नहीं दिखाया। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पारित अध्यादेश की प्रति फाड़ने का हवाला दिया और आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी संवैधानिक मूल्यों की पूरी तरह अवहेलना करती है। वर्ष 2013 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) ने आपराधिक आरोपों के सामना कर रहे नेताओं को चुनाव लड़ने को अनुमति देने वाला अध्यादेश मंत्रिमंडल से पारित किया था, जिसे राहुल गांधी ने एक संवाददाता सम्मेलन में फाड़ दिया था। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधान ने आपातकाल का भी उल्लेख किया। राहुल गांधी द्वारा यह कहे जाने पर कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में पुलिसिया राज स्थापित हो गया है और जांच एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है, प्रधान ने कहा, यह सब कल्पना आधारित बातें हैं। राहुल गांधी की अगुवाई में पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं एवं सांसदों ने नेशनल हेराल्ड से जुड़े धनशोधन के मामले में सोनिया गांधी से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की पूछताछ के खिलाफ मंगलवार को प्रदर्शन किया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। प्रधान ने विपक्षी दल का यह कहते हुए मजाक उड़ाया कि कांग्रेस को इस प्रकार के दावे करने का हक नहीं है क्योंकि जब वह सत्ता में थी तब उसने कई मौकों पर संवैधानिक मूल्यों की अवहेलना की। उन्होंने कहा, जिन्होंने संवैधानिक मूल्यों की अवहेलना करते हुए देश में आपातकाल थोपा, उन्हें ऐसे आरोप लगाना शोभा नहीं देता है। उन्होंने संविधान के प्रति कभी सम्मान नहीं दिखाया। जब कांग्रेस के प्रधानमंत्री थे तब भी राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पारित एक अध्यादेश को फाड़ दिया था।

## नए भारत में नेताओं के फोन कॉल को बिग ब्रदर हमेशा सुन रहे हैं: अल्वा

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा ने केंद्र सरकार की ओर स्पष्ट रूप से इशारा करते हुए आरोप लगाया कि नेताओं के फोन कॉल पर बिग ब्रदर नजर रख रहे हैं। इससे पहले, अल्वा ने कहा था कि वह भाजपा में कुछ मित्रों से बात करने के बाद वह न तो किसी को फोन कर पा रही हैं और न ही उन्हें कोई कॉल आ पा रहा है। अल्वा ने ट्वीट किया, नए भारत में विभिन्न दलों के नेताओं के बीच सभी वार्तालापों के दौरान यह डर रहता है कि बिग ब्रदर हमेशा देख और सुन रहे हैं। विभिन्न दलों के सांसद एवं नेता कई फोन रखते हैं, बार-बार नंबर बदलते हैं और वे जब मिलते हैं, तो फुसफुसाकर बात करते हैं। डर लोकतंत्र की हत्या कर देता है। अल्वा ने दो सरकारी दूरसंचार कंपनी को संबोधित करते हुए सोमवार रात ट्वीट किया था, प्रिय बीएसएनएल एमटीएनएल, आज भाजपा के कुछ मित्रों से बात करने के बाद मैं किसी को कॉल नहीं कर पा रही हूं।

## टीएमसी सांसदों ने असम-मेघालय सीमा समझौते को रद्द करने की मांग की

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसदों ने असम-मेघालय सीमा समझौते को रद्द करने की मांग को लेकर मंगलवार को यहां विजय चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। दोनों राज्यों ने मार्च में 884.9 किलोमीटर सीमा पर 12 विवादित स्थानों में से छह में अपने पांच दशक पुराने सीमा विवाद को समाप्त करने का फैसला किया था। सीमा विवाद को लेकर प्रायः उनके बीच तनाव होता था। टीएमसी नेता मुकुल संगमा ने कहा,"हम राज्य के लोगों की भावनाओं का संज्ञान लेने और असम-मेघालय सीमा समझौते को रद्द करने के लिए भारत सरकार का ध्यान आकृष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। असम की मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड और पश्चिम बंगाल के साथ 2,743 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है। उसका नगालैंड, मिजोरम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश के साथ सीमा विवाद है। पार्टी ने एक ट्वीट में कहा, असम-मेघालय सीमा का मुद्दा, जो लंबे समय से लंबित है, वर्तमान सरकार को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। वर्तमान समझौता मेघालय के लोगों की भावनाओं के अनुरूप नहीं है और इसलिए इसे निरस्त किया जाना चाहिए। सरकार से तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह करते हुए, पार्टी ने मेघालय-असम सीमा विवाद समझौते को रद्द करने की मांग के साथ ही गारो और खासी भाषाओं को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की भी मांग की। टीएमसी के सांसद तख्तियां लिए हुए थे और उन्होंने समझौते को रद्द करने की मांग को लेकर नारे लगाए।

## निखिल कर्नाटक विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेगा: कुमारस्वामी

**मांड्या (कर्नाटक)।** जनता दल सेकुलर (जद-एस) के नेता एच डी कुमारस्वामी ने मंगलवार को कहा कि उनके पुत्र और पार्टी की युवा शाखा के अध्यक्ष निखिल कुमारस्वामी अगले साल होने वाले कर्नाटक विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने कहा कि अभिनय से राजनीति के क्षेत्र में आया उनका बेटा पार्टी की जीत के लिए काम करेगा। उन्होंने कहा, किसने कहा कि निखिल चुनाव लड़ेगा? उसने करीब 30-40 निर्वाचन क्षेत्रों में पार्टी को मजबूत करने की दिशा में काम करने का फैसला किया है। निखिल विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेगा। दरअसल, पार्टी हलके में ऐसी अटकलें लगने लगी थीं कि कुमारस्वामी रामनगर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं और अपनी चन्नापटना सीट बेटे निखिल के लिए छोड़ सकते हैं, जबकि पत्नी अनीता कुमारस्वामी संभवतः चुनाव नहीं लड़ सकती हैं।

# पोप फ्रांसिस ने कनाडा के स्कूलों में हुए अत्याचारों के लिए माफी मांगी

**मास्कवासिक (कनाडा)।** पोप फ्रांसिस ने कनाडा के आवासीय स्कूलों में मूल निवासियों पर किए गए अत्याचारों में कैथलिक चर्च द्वारा सहयोग किए जाने को लेकर माफी मांगी है। पोप ने कहा कि मूल निवासियों को बलपूर्वक ईसाई समुदाय में समाहित कराने से उनकी संस्कृति तबाह हुई, उन्हें परिवारों से दूर होना पड़ा। उन्होंने एडमोंटन, अल्बार्टा के एक पूर्व आवासीय स्कूल में उन सभी अत्याचारों के लिए माफी मांगी, जो कई ईसाइयों ने मूल निवासियों पर किए। पोप ने स्कूल की नीति को बेहद विनाशकारी भूल बताते हुए कहा कि आगे जांच किए जाने और जख्मों पर मरहम लगाने की जरूरत है। गौरतलब है कि पोप फ्रांसिस ने आवासीय स्कूलों में मिशनरियों द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने को लेकर स्थानीय समुदाय से माफी मांगने के लिए रविवार को कनाडा की ऐतिहासिक यात्रा शुरू की। इसे मूल निवासी समुदायों के साथ



सामंजस्य स्थापित करने और उस दौर के सदमे से उबरने में मदद करने के प्रयासों में कैथलिक चर्च के एक महत्वपूर्ण कदम के तौर पर देखा जा रहा है।

कनाडा सरकार ने स्वीकार किया है कि 19वीं शताब्दी से 1970 के दशक तक संचालित सरकारी-वित्त पोषित ईसाई स्कूलों में शारीरिक और यौन शोषण बड़े पैमाने पर किया गया था। लगभग 1,50,000 मूल निवासी बच्चों को उनके परिवारों से दूर ले जाया गया और उन्हें उनके घरों, मूल भाषाओं और संस्कृतियों से दूर करने तथा उन्हें कनाडा के ईसाई समाज में रचने-बसने के लिए मजबूर किया गया। इसका लक्ष्य आबादी के बीच ईसाई समुदाय की स्वीकार्यता बढ़ाना और मुख्यधारा के समाज में इसे आत्मसात करना था, जिसे कनाडा की पूर्ववर्ती सरकार सर्वोच्च मानती थी।

पूर्व के स्कूलों में सैकड़ों संभावित कब्रों के मिलने का पता चलने पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान कनाडा और अमेरिका के स्कूलों पर गया था। इन खुलासों ने फ्रांसिस को कनाडा की धरती पर माफी मांगने के लिए मजबूर किया। कैथलिक धार्मिक संस्थाओं ने देश के 139 आवासीय विद्यालयों में से 66 का संचालन किया था। पोप के माफी मांगने के बाद उपस्थित लोगों की भावनाएं उमड़ पड़ीं। भीड़ में कई लोग रोते दिखे, जबकि कुछ लोग खामोशी से पोप की बात सुनते रहे।

## ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति जियामत्तई पहुंचे कीव, यूक्रेन के साथ एकजुटता प्रदर्शित की

**ग्वाटेमाला।** ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति एलेहांद्रो जियामत्तई सोमवार को यूक्रेन पहुंचे और उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ अपनी एकजुटता प्रदर्शित की। जियामत्तई ने यूक्रेन की राजधानी कीव में जेलेंस्की से भेंट की। वह यूक्रेन की यात्रा करने वाले पहले लातिन अमेरिकी राष्ट्रपति बन गए हैं। कई लातिन अमेरिकी नेताओं ने यूक्रेन पर रूसी हमले पर कोई रुख अपनाने से परहेज किया है। ऐसा संभवत: रूस के साथ इन देशों के दशकों पुराने रिश्ते के कारण हुआ है। जियामत्तई ने जेलेंस्की के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम यूक्रेन के लोगों के साथ डटकर खड़े हैं, जिन्होंने साहस के साथ प्रतिरोध किया है। जबतक लोगों की जान जाती रहेगी, हम अपनी आवाज नहीं दबा सकते। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट करने दें कि इस संघर्ष के प्रारंभ से ही ग्वाटेमाला ने अपनी आवाज उठाई है। हम हमेशा अपनी बातों पर कायम हैं।

# सुनक-ट्रस के बीच टीवी पर हुई पहली बहस में रहा कांटे का मुकाबला

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवारों पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक और विदेश मंत्री लिज़ ट्रस के बीच टेलीविज़न पर पहली बार ज़ोरदार बहस हुई, जिसमें आर्थिक नीतियों और कर योजनाओं को लेकर बात रखी गई, लेकिन इसमें मंगलवार को साफ तौर पर दोनों में से कोई भी नहीं जीता। बीबीसी पर सोमवार रात को हुई बहस में अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर किए गए जनमत सर्वेक्षण में सुनक को ट्रस से एक फीसदी मत से आगे पाया गया। इसमें सुनक को 39 फीसदी मत मिले, जबकि ट्रस को 38 प्रतिशत वोट हासिल हुए। बहरहाल, इस सर्वेक्षण में कंजर्वेटिव पार्टी के 47 फीसदी मतदाताओं का कहना था कि विदेश मंत्री ने बेहतर प्रदर्शन किया है, जबकि 38 फीसदी ने कहा कि सुनक ने अच्छी बहस की।

सर्वेक्षण में 1032 ब्रिटिश युवाओं से बातचीत की गई और वे सुनक और ट्रस में से किसी एक का चयन नहीं कर पाए। सर्वेक्षण में विपक्षी लेबर पार्टी के 41 फीसदी मतदाताओं का मानना था कि 42 वर्षीय सुनक ने बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि 38 प्रतिशत ने ट्रस को पसंद किया। सर्वेक्षण में शामिल 43 फीसदी लोगों का मानना था कि कंजर्वेटिव पार्टी को सुनक को प्रधानमंत्री पद के लिए चुनना चाहिए, जबकि 41 प्रतिशत लोगों ने कहा कि 47 वर्षीय ट्रस बेहतर हैं। हालांकि, 12 फीसदी लोगों ने कोई राय व्यक्त नहीं की। सुनक अपनी प्रतिद्वंद्वी ट्रस पर प्रधानमंत्री बनने के बाद पहले दिन से कर कटौती करने के वादे को लेकर निशाना साध रहे हैं। सुनक का कहना है, आपने 40 अरब पाउन्ड से अधिक की गैर-वित्तपोषित कर कटौती का वादा किया है - यानी 40 अरब पाउन्ड और उधार लेने पड़ेंगे। उन्होंने कहा, यह देश का क्रेडिट कार्ड है और इसके लिए हमारे बच्चों, नाती पोतों, यहां सबके बच्चों को भुगतान करना होगा। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि ब्रिटेन में कर का बोझ सरकार के अप्रत्याशित स्तर के खर्च का नतीजा है, जो कोविड महामारी के दौरान अर्थव्यवस्था को ऋणमुक्त रखने के लिए जरूरी था और किसी भी तरह की कर कटौती करने से पहले मंहगाई पर नियंत्रण प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने चेताया कि ट्रस की कर कटौती की योजना लाखों लोगों को परेशानी में डाल देगी और कंजर्वेटिव पार्टी को 2024 में होने वाले अगले आम चुनाव में इसका खामियाज़ा उठाना पड़ेगा। इस बीच, विदेश मंत्री ने कहा कि किसी भी अन्य देश ने इतने कर नहीं लगाए हैं और आरोप लगाया कि सुनक के पास विकास की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा, इन चांसलर (पूर्व वित्त मंत्री) ने करों को उच्चतर स्तर तक बढ़ाया है, जो 70 साल में सबसे ज्यादा है और अब कहा जा रहा है कि मंदी आ सकती है। आंकड़े सच्चाई बयां कर रहे हैं।

कई बिंदुओं पर बहस तीखी हो गई। मगर इसमें आर्थिक नीतियों पर विभाजन अहम रहा। यह बहस हमारे अगले प्रधानमंत्री नामक कार्यक्रम में हुई है, जिसमें दोनों ने चीन को लेकर भी अपना कड़ा रुख ज़ाहिर किया और उनके कपड़े पहनने की समझ को लेकर भी बात हुई। दरअसल, सुनक के महंगी चीज़ें पसंद करने को लेकर उनपर सोशल मीडिया पर तंज कसा गया था। सुनक ने कहा कि वह अपनी पृष्ठभूमि के लिए माफी नहीं मांगेंगे और कहा कि उनके माता-पिता ने कड़ी मेहनत की है तथा उनके तथा उनके भाई-बहनों के लिए बचत की, ताकि वे भले ही महंगी हो, लेकिन अच्छी शिक्षा हासिल कर सकें।

ट्रस ने ब्रिटिश-भारतीय पूर्व मंत्री पर कपड़ों की पसंद को लेकर उनके गुट के तंज पर ध्यान न देते हुए कहा कि उन्हें इसमें कोई समस्या नहीं है कि कोई कितने महंगे कपड़े पहनता है और वह सुनक को फैशन को लेकर कोई सलाह नहीं देंगी और कहा कि सुनक जिस तरह के कपड़े पहनते हैं, उसकी वह बड़ी प्रशंसक हैं। सुनक ने भी ट्रस की तारीफ करते हुए कहा कि वे एक ही टीम से हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह ट्रस की अगुवाई वाली सरकार में काम करेंगे, तो उन्होंने हां में जवाब दिया। ट्रस ने भी कहा कि अगर वह प्रधानमंत्री बनती हैं, तो वह अपनी टीम में सुनक को शामिल करना पसंद करेंगी।

## बेहतर महसूस कर रहा हूं : बाइडन

भाषा। वाशिंगटन

**कोरोना वायरस** से संक्रमित अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को कहा कि उनके स्वास्थ्य में सुधार आ रहा है। वहीं, व्हाइट हाउस ने ऐसे नए टीके विकसित करने पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को एक शिखर सम्मेलन आयोजित करने की योजना बनाई है, जो सार्स-कोव-2 वायरस के अधिक संक्रामक स्वरूपों से ज्यादा प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम होंगे। कंप्यूटर चिप के निर्माण पर एक ऑनलाइन चर्चा में हिस्सा लेने के बाद बाइडन ने अपनी सेहत की जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें अब अच्छी नींद आ रही है।



अमेरिकी राष्ट्रपति ने मजाक में कहा कि अब सुबह उनका कुत्ता उन्हें उठाता है। उन्होंने कहा, मेरी पत्नी यहां नहीं हैं, आमतौर पर वह उसे घुमाने ले जाती हैं। अब रोज सुबह वह मेरे सीने पर अपनी नाक रगड़ने लगता है। प्रथम महिला जिल बाइडन अपने गृह नगर डेलावेयर में हैं, जबकि राष्ट्रपति व्हाइट हाउस में अपने आधिकारिक आवास में पृथक रह रहे हैं। बाइडन ने कहा कि उनके गले में अभी भी खराश है और उनकी नाक भी बंद है, लेकिन वह पूरी तरह से ठीक होने के रास्ते पर हैं। कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद बाइडन पहली बार शुक्रवार को सार्वजनिक रूप से नजर आए थे।



यूक्रेन में आवासीय बिल्डिंग को गिराते हुए फायर फाइटर कर्मी।

## ट्रंप में छह जनवरी को हुए दंगे के खिलाफ कार्वाई करने का साहस नहीं था: बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को आरोप लगाया कि उनके पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप पिछले साल कैपिटल भवन(संसद) पर हमला करने वाली भीड़ को रोकने में असफल रहे थे। ट्रंप में माध्यकालीन बर्बरता के खिलाफ कार्वाई करने का साहस नहीं था। बाइडन ने फ्लोरिडा में कानून लागू करने वाले अश्वेत अधिकारियों के राष्ट्रीय संगठन के वार्षिक सम्मेलन में पूर्व रिकॉर्डेड भाषण में कहा, हर रोज हम लोगों को बचाने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर निर्भर हैं। उस समय छह जनवरी को हम कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर लोकतंत्र को बचाने के लिए निर्भर थे। पिछले सप्ताह कोविड-19 से संक्रमित पाए जाने की वजह से बाइडन फिलहाल व्हाइट हाउस के फैमिली क्वार्टर में एकांतवास में हैं। उन्होंने ट्रंप को छह जनवरी 2021 को भीड़ को उकसाने में मदद करने को लेकर पूर्व में आड़े हाथ लिया था। बाइडन ने कहा कि वर्ष 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में धांधली होने का झूठ का जाल बुना गया, जो वास्तव में कभी हुआ ही नहीं। आपने देखा कि क्या हुआ था। कैपिटल पुलिस, डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया (वाशिंगटन) महानगर पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर हमारी आंखों के सामने हमला हुआ और उन्हें चोटिल किया गया। उनपर क्रूरता से वार किए गए। इसमें जाने गईं।

### क्विक न्यूज

## पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे सिंगापुर से श्रीलंका लौटेंगे : कैबिनेट प्रवक्ता

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे छिपे नहीं हैं और सिंगापुर से उनके स्वदेश लौटने की संभावना है। कैबिनेट प्रवक्ता बंडुला गुणवर्धने ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी दी। राजपक्षे (73) नौ जुलाई को हुए लोगों के विद्रोह के बाद श्रीलंका से भाग गए थे। वर्ष 1948 के बाद से देश के सबसे खराब आर्थिक संकट से निपटने में विफल रहने के लिए राजपक्षे के खिलाफ महीनों के सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन के बाद लोग राष्ट्रपति भवन में घुस गए थे। राजपक्षे पहले 13 जुलाई को भागकर पहले मालदीव चले गए थे और वहां से अगले दिन सिंगापुर के लिए रवाना हुए थे। साप्ताहिक कैबिनेट मीडिया ब्रीफिंग में राजपक्षे के बारे में पूछे जाने पर, कैबिनेट प्रवक्ता गुणवर्धने ने संवाददाताओं से कहा कि पूर्व राष्ट्रपति छिपे नहीं हैं और उनके सिंगापुर से लौटने की संभावना है। गुणवर्धने ने कहा कि वह ऐसा नहीं मानते हैं कि पूर्व राष्ट्रपति देश छोड़कर भाग गए हैं और छिपे हुए हैं। गुणवर्धने परिवहन एवं राजमार्ग और मास मीडिया मंत्री भी हैं। हालांकि, उन्होंने राजपक्षे की संभावित वापसी के बारे में कोई अन्य विवरण नहीं दिया। सिंगापुर ने श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति को 14 जुलाई को निजी यात्रा पर देश में प्रवेश करते ही 14 दिनों का अल्पकालिक यात्रा पास प्रदान किया था। डेली मिरर की खबर के अनुसार, श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति को हिरासत में लेने के लिए सिंगापुर के अटॉर्नी जनरल से किए गए अनुरोध पर टिप्पणी करते हुए, कैबिनेट प्रवक्ता ने कहा कि यदि कोई स्थिति है, तो देश में जिम्मेदार अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएंगे कि पूर्व राष्ट्रपति को कोई नुकसान न हो।

## तोक्यो में सात लोगों की हत्या करने के दोषी को फांसी

**तोक्यो।** जापान में तोक्यो के एक जिले में 2008 में भीड़ पर गाड़ी चढ़ाने और चाकू से हमला कर सात लोगों की हत्या करने के दोषी व्यक्ति को मंगलवार को फांसी दी गई। न्याय मंत्री योशीहिसा फुरुकावा ने संवाददाताओं से कहा कि तोमोहिरो कातो को मंगलवार को तोक्यो जेल में फांसी दी गई। जापान ने मृत्युदंड को बरकरार रखा है। फुरुकावा ने कहा कि जघन्य और हिंसक अपराध करने के दोषियों के लिए मृत्युदंड एक उचित प्रतिक्रिया है और इसे खत्म करना इस समय उचित नहीं है। फुरुकावा ने कहा कि कातो ने सामूहिक हत्याओं को अंजाम देने के लिए पूरी तैयारी की थी, एक नृशंस कृत्य जिसके बेहद गंभीर परिणाम हुए और समाज पर एक बहुत अधिक असर पड़ा। जून 2008 में हमले में कातो ने अपने ट्रक को अकिहाबारा इलेक्ट्रॉनिक्स शॉपिंग क्षेत्र में सड़क पर ले गया जिससे भीड़ उसकी चपेट में आ गई और तीन पैदल यात्रियों की मौत हो गई। इसके बाद वह वाहन से उतरा और चार लोगों की चाकू मारकर हत्या कर दी। उसने 10 अन्य को घायल भी कर किया। फुरुकावा ने इस बात से इनकार किया कि कातो की फांसी इस महीने की शुरुआत में पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना से संबंधित है।

## हज, उमरा के टूर पैकेज पर जीएसटी की छूट नही मिलेगी उच्चतम न्यायालय ने कई याचिकाएं खारिज की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हज एवं उमरा के लिए दिए जाने वाले टूर पैकेज पर माल एवं सेवा कर से छूट देने की अपील करने वाली कई याचिकाएं मंगलवार को खारिज कर दीं। निजी टूर ऑपरेटरों ने हज एवं उमरा से संबंधित टूर पैकेज पर जीएसटी से रियायत देने की अपील करते हुए कई याचिकाएं दाखिल की थीं।

# आईटी, बैंक शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 498 अंक टूटा, निफ्टी 147 अंक कमजोर

भाषा। मुंबई

**शेयर बाजार** में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और दोनों मानक सूचकांक... बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी मंगलवार को करीब एक प्रतिशत के नुकसान में रहे। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में आक्रमक रूप से वृद्धि की आशंका के बीच सूचना प्रौद्योगिकी, बैंक और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 497.73 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 55,268.49 अंक पर बंद हुआ।
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 147.15 अंक यानी 0.88 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,483.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में आईटी



कंपनी इन्फोसिस सबसे अधिक 3.4 प्रतिशत के नुकसान में रही। विप्रो में 2.28 प्रतिशत, एचसीएल टेक में 1.74 प्रतिशत, टेक महिंद्रा में 1.68 प्रतिशत और टीसीएस में 1.62 प्रतिशत का नुकसान रहा। बैंकों में एक्सिस बैंक तीन प्रतिशत, कोटक बैंक 2.07 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक 0.67 प्रतिशत नीचे आए। एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी लि. और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में भी गिरावट आई। इसके अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर, डॉ. रेड्डीज लैब, विप्रो, कोटक महिंद्रा बैंक और लार्सन एंड टुब्रो भी नुकसान में रहे। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व में सर्वाधिक 5.58 प्रतिशत तक की तेजी रही। इसके अलावा, भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज भी लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक आज (मंगलवार) से शुरू हुई है। इसमें नीतिगत दर में 0.75 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है। इसके अलावा खासकर पश्चिमी बाजारों में मंदी की आशंका से बाजार धारणा पर असर पड़ा। नायर ने कहा, हालांकि, घरेलू बाजार में मजबूती दिख रही है, लेकिन पश्चिमी बाजारों की आर्थिक हालात का असर पड़ना तय है।

विश्लेषकों के अनुसार, निवेशक इस बात से चिंतित हैं कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आक्रमक रुख के बाद यूरोप तथा एशिया के केंद्रीय बैंक भी इसी प्रकार के कदम उठा सकते हैं। इससे वैश्विक आर्थिक वृद्धि प्रभावित हो सकती है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, प्रतिभागियों ने शुरू से मुनाफावसूली को तरजीह दी जिससे सूचकांक नीचे आता गया। कंपनियों के तिमाही परिणाम मिले-जुले रहने के साथ अमेरिकी केंद्रीय बैंक की नीतिगत घोषणा से पहले सतर्क रुख देखने को मिला...। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसग लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार में सोमवार को मिला-जुला रुख था।

## भारत का इस्पात उत्पादन जून में बढ़कर एक करोड़ टन पर: वर्ल्ड स्टील

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** का कच्चे इस्पात का उत्पादन सालाना आधार पर जून, 2022 में छह प्रतिशत बढ़कर एक करोड़ टन हो गया। विश्व इस्पात संघ (वर्ल्डस्टील) से यह जानकारी मिली है। वैश्विक उद्योग संगठन वर्ल्डस्टील के आंकड़ों के अनुसार, भारत एकमात्र देश है, जिसने जून के दौरान अपने इस्पात उत्पादन में सकारात्मक बढ़त हासिल की है। वैश्विक उद्योग निकाय ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि देश ने जून, 2021 में 94 लाख टन कच्चे इस्पात का उत्पादन किया था।

चीन के बाद भारत कच्चे इस्पात का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। चीन का इस साल जून माह के दौरान उत्पादन 3.3 प्रतिशत घटकर 9.07 करोड़ टन पर आ गया। जून, 2021 में इसका उत्पादन 9.39 करोड़ टन था। अमेरिका में उत्पादन पिछले महीने 4.2 प्रतिशत गिरकर 69 लाख टन रह गया। जून, 2021 में यह 71 लाख टन था। रूस का इस्पात उत्पादन 22.2 प्रतिशत घटकर 50 लाख टन पर आने का अनुमान है। एक साल पहले की समान अवधि में रूस का इस्पात उत्पादन 64 लाख टन रहा था।

शीर्ष 10 इस्पात उत्पादकों में रूस को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। वर्ल्डस्टील के रिपोर्ट के मुताबिक, जून, 2022 में दक्षिण कोरिया का उत्पादन 56 लाख टन, जर्मनी का 32 लाख टन, तुर्की का 29 लाख टन, ब्राजील का 29 लाख टन और ईरान का 22 लाख टन रहने का अनुमान है। ब्रसेल्स मुख्यालय वाले निकाय वर्ल्डस्टील के सदस्यों का वैश्विक इस्पात उत्पादन में 85 प्रतिशत हिस्सा है।

# सेवा शुल्क संबंधी दिशानिर्देशों पर रोक के अदालत के आदेश को चुनौती देगा सीसीपीए

भाषा। नई दिल्ली

(भाषा) केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) होटलों और रेस्तरांओं में सेवा शुल्क लगाने संबंधी दिशानिर्देशों पर रोक लगाने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देगा। सरकार ने होटलों और रेस्तरांओं द्वारा खाने के बिल में सेवा शुल्क जोड़ने की रोक लगा दी थी। सीसीपीए की मुख्य आयुक्त निधि खरे ने कहा कि अदालत ने सेवा शुल्क से संबंधित चार जुलाई, 2022 के दिशानिर्देशों पर रोक लगा दी है और इस मामले को आगे की सुनवाई के लिए 25 नवंबर को सूचीबद्ध किया गया है। खरे ने संवाददाताओं से कहा, हम अदालत के इस फैसले को चुनौती देंगे। हम समीक्षा कर रहे हैं और उचित कदम उठाएंगे ताकि हमारी बात सुनी जा सके। गौरतलब है कि भारतीय राष्ट्रीय रेस्तरां संघ और भारतीय रेस्तरां संघों के महासंघ ने सीसीपीए की तरफ से चार जुलाई को जारी दिशानिर्देशों को चुनौती दी थी। इस मामले में सुनवाई करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने 20 जुलाई को इन दिशानिर्देशों पर रोक लगा दी थी।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

LOST AND FOUND

I, Aditi P Khankhane, D/o. P. J. Khankhane, R/o. SF-3, Royal Green Apartments, Block-A, Andheria Mode, Mehrauli, New Delhi-110030 have lost my original marksheet of class 10th, Roll No.14126933 (CBSE year 2020).

PD(90138)A

## जेट एयरवेज ने कई विमानों के लिए पायलटों की भर्ती शुरू की

**नई दिल्ली।** जेट एयरवेज ने एयरबस ए320, बोइंग 737एनजी और 737 मैक्स विमानों के लिए पायलटों की भर्ती शुरू कर दी है। घरेलू विमानन कंपनी को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 20 मई को हवाई परिचालक का प्रमाणपत्र मिला था। जेट एयरवेज ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा, हम एयरबस ए320 और बोइंग 737एनजी या मैक्स विमान चलाने वाले पायलटों को आवेदन करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। वर्तमान में कंपनी के बड़े में केवल एक बी737एनजी विमान है। एयरलाइन को सितंबर को समाप्त होने वाली तिमाही में अपना वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने की उम्मीद है।

## वाहन कलपुर्जा उद्योग के कारोबार में 2027 तक ईवी का हिस्सा 9-11 प्रतिशत होगा: रिपोर्ट

भाषा। मुंबई

**वाहन कलपुर्जा** उद्योग के राजस्व में 2027 तक 9-11 प्रतिशत हिस्सा इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उपकरणों का होने की उम्मीद है। विश्लेषक फर्म क्रिसिल ने यह अनुमान जताया है। क्रिसिल ने एक रिपोर्ट में कहा है कि परंपरागत वाहनों के उपकरणों की आपूर्ति में वृद्धि का सिलसिला कायम रहने के बीच ईवी उपकरणों की हिस्सेदारी भी बढ़ेगी। फिलहाल कुल वाहन कलपुर्जा बाजार में ईवी की हिस्सेदारी महज एक प्रतिशत है। क्रिसिल का अनुमान है कि इलेक्ट्रिक वाहन उपकरणों का राजस्व सालाना आधार पर 76 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2026-27 में 72,500 करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। वित्त वर्ष 2021-22 में यह 4,300 करोड़ रुपए रहा था। बढ़े हुए राजस्व में करीब 60 प्रतिशत हिस्सेदारी अकेले बैटरी खंड की रहने की संभावना है। इसके साथ ही ईवी उपकरण आपूर्ति का 90 प्रतिशत हिस्सा दोपहिया एवं यात्री वाहनों का हो सकता है। क्रिसिल ने ईवी उपकरण विनिर्माण में लगी 220 कंपनियों के विश्लेषण के आधार पर कहा है कि ईवी का इस्तेमाल बढ़ने से घरेलू वाहन उपकरण विनिर्माताओं के लिए अवसरों के साथ चुनौतियां भी बढ़ेंगी।

### मानसून का असर उत्पादों पर भी

**मुंबई।** जेपी ने अपने मानसून संग्रह की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करना है। जेपी विशिष्ट रूप से डिज़ाइन किए गए उत्पादों के साथ आया है जिसमें सभी जरूरतों के लिए विभिन्न प्रकार की उपयोगितावादी विशेषताएं हैं। ग्राहकों की हर जरूरत को पूरा करने के लिए कई तरह के कॉफी सेट, मग, केतली और सूप कप को लॉन्च किया है। स्टेनलेस स्टील और खाद्य ग्रेड बीपी, मुक्त प्लास्टिक, उत्पाद टिकाऊ, सुरक्षित और आकर्षक हैं।

## अडाणी समूह भारत में निवेश से कभी पीछे नही हटा: गौतम अडाणी

**नई दिल्ली।** देश के सबसे अमीर उद्यमी गौतम अडाणी ने मंगलवार को कहा कि अडाणी समूह कभी भी भारत में निवेश से पीछे नहीं हटा है क्योंकि समूह की वृद्धि देश की आर्थिक प्रगति से जुड़ी हुई है। अडाणी ने समूह के शेयरधारकों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उनका समूह देश में एक नए ऊर्जा कारोबार पर 70 अरब डॉलर का निवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी मदद से भारत कच्चे तेल के आयातक की जगह हरित हाइड्रोजन का निर्यातक बन जाएगा। अडाणी ने कहा, हमने कभी भी भारत में अपने निवेश को न तो धीमा किया है और न ही निवेश से अपने कदम पीछे खींचे हैं। अडाणी के मुताबिक, समूह की सोच है कि उसकी सफलता भारत की वृद्धि के साथ जुड़ी हुई है। अडाणी ने कहा कि उनका समूह देश में हवाईअड्डों का सबसे बड़ा परिचालक बनकर उभरा है और होल्सिम के अधिग्रहण के साथ समूह ने अब सीमेंट कारोबार में भी अपने कदम रख दिए हैं।

Public Notice

This is to inform general public that Smt. Krishna Devi is the owner of Agriculture Land area measuring 3 Kanal 8 Marle Out of Khebat No - 193, Khatoni No - 202, Khasra No - 40// 22(0-13), 23/1(3-1), 56/6 (1-11), 57//1/2 (1-3), 2/1 (1-2), 2/2 (5-15), 3 (5-14), 8 (6-6), 9 (8-0), 10 (7-10), Mauja/Village - Binjhol, Tehsil & Distt - Panipat, Haryana vide Transfer Deed dated 12.05.2017, Doc No. 1037. Above said owners have misplaced the 1. Original Sale Deed dated 12.02.1998 executed by 1. Sh. Ishwar Singh 2. Sh. Ram Sarup 3. Sh. Dariya Singh 4. Sh. Attar Singh in favour of Sh. Harpal Singh & Sh. Rajbir Singh Alias Raj Pal Singh in respect of the Land area measuring 9 Kanal Out of Khewat No. 119, Khatoni No. 140 & 142, Khasra No. 56/6 (1-11), 57 1/2, 1-3, 2-1, 1-2, 10-2/2 7-10, 4-0, 2/2 Min 2-15, 0-9, 8-0, 3, 5-14, 8, 6-6, 40 22 (0-13), 23/1, 3-1 and 2. Original Sale Deed dated 22.01.1993 executed by Sh. Chota in favour of Sh. Harpal Singh & Sh. Rajbir Singh in respect of the Land area measuring 9 Kanal 1 Marla Out of Khewat No. 119, Khatoni No. 140 & 142, khasra No. 56/6 (1-11), 40/22 (0-13), 23/1 (3-1). Anyone who find the above said documents shall handover the same to the Manager of M/s. Avanse Financial Services Ltd having its Building No. 7E, 5th Floor, Deen Dayal Upadhaya Building, Jhandewalan Extension, Delhi-110055.Above said owners are availing loan on above said property from M/s. Avanse Financial Services Ltd by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 10 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

PUBLIC NOTICE

Be it known to all that I, **Sh. K.L. Krishna alias Kosaraju Leela Krishna son of Late Sh. K. Lakshmayya** R/o 97, Munirka Enclave, New Delhi-110067, is the original allottee of **SFS Flat NO. 97, Ground Floor, CAT-III, Munirka Enclave, New Delhi-110067.** That the original documents issued by DDA I.e., original Allotment/ Allocation Letter, Possession Letter and Possession Slip, NOC for water and Electricity and Bank Challans have been lost/ untraced, A Lost Report(LR) to this effect has been lodged vide **LR No. 629388/2022** in Police Station, Crime Branch Delhi.
Any person (s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at the above address/phone No. 9871086770 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (LAB) H SFS or Director (H)-1, D Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, New Delhi.

PUBLIC NOTICE

To be known to all that my client, **Vishal Sabharwal S/o Sh. Shakti Raj Sabharwal R/o J-13, Lajpat Nagar-3, New Delhi-110024, One of the Allottee/ Purchaser /owner of Plot No.87, Block-E, East of Kailash, New Delhi-110053 Vide DDA File No.F.5(87)71/lab (resd.).** The original documents i.e. **Demand-cum-allotment Letter, Possession Letter, Site Possession Slip & Other Relevant Documents,** of the above said plot has been lost. An F.I.R./NCR/LR NO. 631173/2022 dated 26/07/2022 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch, Delhi. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No.9818767626 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to **Deputy Director (LAB) Resd. or Director (LAB) Resd., DDA, Vikas Sadan, New Delhi**

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएँगी।

| | | |
|---|---|---|
| HR20T5912, | DL8SAG0810, | DL1LC5522, |
| RJ14CL0004, | DL8SZ0716, | DL9SS3099, |
| DL9CG6710, | DL8SV3329, | DL7SAQ0166, |
| DL12CB1493, | DL5SV9772, | DL8SG3273, |
| DL8SN8247, | UP12G1073, | DL8SE7592, |
| DL1SE5718, | DL8SAB9815, | DL6SC9176, |
| DL6SP2018, | DL8SE2170, | DL8SAE5806, |
| KA03EY9840, | PY01Z0669, | DL9CR3128, |
| DL3CAF9206, | DL6SQ6122, | DL8SNA1952, |
| DL2CAD7085, | DL8SAE5624, | DL2SE8406, |
| JK02AC8054, | DL6SF1901, | DL2CAF1045, |
| DL10CA6154, | DBJ4530, | DL3CAP0269, |
| DL2CA7691, | DL1S7285, | HR26AK5017, |
| DL4CP0231, | DL8SW8781, | HR26R7325, |
| DL7CD0213, | DL6SV7935, | DL8CN7052, |
| DL9CK5939, | DL8SP3300, | DL8CJ1511, |
| DL4CS8172, | DL1CQ1004, | HR26AK7823, |
| HR01N4825, | DL2CV3235, | DL9CF1439, |
| DL9CQS9163, | HR06H5501, | DL6CJ1951, |
| UP16AD1554, | DL2FEN0063, | DL8CF6451, |
| DL8CL3849, | DL3CAK8627, | DL2CM3333, |
| UP80CL9212, | DL3CS4936, | DL8CN6561, |
| NOREG19, | DL2CL4262, | DL6CK4828, |
| DL6CM3955, | DL3CAA6674, | DL8CD2468, |
| DL7SAY7754, | DL9CD5540, | DL3CAA5494, |
| DL6SK3282, | DL2CP4132, | DL9CT4446, |
| DL1S1833, | DL4CP9957, | DL4CU7398, |
| DL6SV4275, | DL9CE5977, | |
| DL8SK1477, | DL8CL0056, | |

# निरीक्षण में जिलाधिकारी को मिला खामियों का अंबार

## ● प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महुआ में पांच कर्मचारी मिले अनुपस्थित, स्पष्टीकरण के साथ एक दिन का वेतन काटने का आदेश

संवाददाता। बांदा



**जिलाधिकारी बांदा** अनुराग पटेल द्वारा आज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महुआ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय डा देव तिवारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी, महुआ, शशिकला महिला हेल्थ सुपरवाइजर, पुष्पा सचान स्टाफनर्स, प्रवीण कुमार कश्यप बीपीएम संविदा, प्रवीण कुमार ओप्टोमैट्रिस्ट एवं सुरेन्द्र पाल सिंह, वार्ड ब्याव अनुपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी द्वारा अनुपस्थित पाये गये प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित सभी 5 कर्मचारियों का स्पष्टीकरण मांगा गया तथा एक दिन का वेतन रोका गया।

जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्साधिकारी कक्ष, वैक्सीनेशन कक्ष, डॉटस सेन्टर, प्रसव केन्द्र, महिला वार्ड, लेबर रूम, शौंचालय आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण परिसर में अत्यधिक गन्दगी पाई गई जिसमें जगह जगह कूड़े के ढेर, जंगली पेड़ पौधे आदि उगे हुए पाये गये। निरीक्षण के समय महिला वार्ड में 7 बेड पाये गये, सभी बेडों पर चादर पड़ी हुई नहीं पाई गई तथा वार्ड में लगे 4 पंखों में से 3 पंखे बन्द पाये गये एवं कक्ष में प्रकाश व्यवस्था नहीं पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये तत्काल प्रभारी चिकित्साधिकारी को सम्पूर्ण परिसर की अभियान चलाकर सफाई कराने तथा वार्ड में पडे बेडों में चादर डलवाने एवं पंखे व प्रकाश की व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा कोल्ड चैन कक्ष का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के समय नीतेश गुप्ता हेल्थ वर्कर व मनोज कुमार स्टाफनर्स उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी द्वारा कार्यो में लापरवाही बरतने के सम्बन्ध में नीतेश गुप्ता का एक दिवस का वेतन तत्काल प्रभाव से रोका गया। वहीं औषधि कक्ष के निरीक्षण में स्टाक रजिस्टर दिनांक 1.04.2022 के बाद अद्यतन न पाये गये जाने पर फार्मासिस्ट सुशील कुमार तिवारी से स्पष्टीकरण मांगा गया तथा 1 दिवस का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोका गया।

## जिलाधिकारी की कक्षा में खरे नहीं उतर सके छात्र

### ● शिक्षकों को अल्टीमेटम, एक माह में कर लें सुधार



**बांदा।** जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल द्वारा प्राथमिक विद्यालयए तुर्रा द्वितीय, क्षेत्र नरैनी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय राजरानी, शिक्षा मित्र अनुपस्थित पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा राजरानी शिक्षा मित्र का अनुपस्थिति के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण मांगा गया तथा इनका एक दिवस का मानदेय भी रोका गया। प्राथमिक विद्यालय तुर्रा द्वितीय के निरीक्षण के दौरान शिवपूजन अनुरागी, प्रधानाध्यापक, रागिनी गौर, सहायक अध्यापक,सुधा त्रिपाठी, प्रज्ञा देवी एवं मंजुला देवी शिक्षा मित्र उपस्थित मिली। जिलाधिकारी द्वारा छात्र छात्राओं के उपस्थिति पंजीका का अवलोकन किया गया। कुल 197 बच्चो के सापेक्ष 118 बच्चे उपस्थित पाए गये।

प्राथमिक विद्यालय तुर्रा द्वितीय में जिलाधिकारी द्वारा कक्षा.5 के बच्चों को लगभग एक घण्टा पढ़ाया गया। कक्षा.5 के छात्र शिवशंकर, काजल, अनीता, प्रिया एवं गीता से पहाड़ा सुना गया परन्तु काजल द्वारा 16 का पहाड़ा नहीं सुना पायी। इसके साथ ही कक्षा.5 के बच्चो से हिन्दी मे शाम को जल्द नींद आती है लिखवाया गया, परन्तु छात्र शिवशंकर को छोड़कर कोई भी बच्चे शुद्व हिन्दी नही लिख सके। इसके अतिरिक्त बच्चों से सामान्य जानकारी यथा प्रदेश के मुख्यमंत्री, राष्ट्रपति आदि का नाम पूंछा गया परन्तु बच्चो को इस सम्बन्ध मे कोई जानकारी नही थी। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय की पठन पाठन की स्थिति खराब पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये मौके पर उपस्थित अध्यापकगणों को निर्देशित किया गया कि 1 माह के अन्दर बच्चों को मानक के अनुसार पठन पाठन की गुणवत्ता में सुधार लाया जाये। अन्यथा कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## दहेज लोभियों ने विवाहिता को पीटा, इलाज के दौरान हुई मौत

संवाददाता। श्रावस्ती

**भिंगा कोतवाली** अंतर्गत ग्राम सरदारपुर में ससुरकीजनो ने दहेज में खेत के लिए विवाहिता की जमकर पिटाई कर दी पिटाई के बाद गंभीर अवस्था में विवाहिता को संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने नाजुक स्थिति देख जिला अस्पताल बहराइच के लिए रेफर कर दिया जहां पर इलाज के दौरान विवाहिता की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए कानूनगोपूरा पुलिस चौकी पर सूचना दी

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । मल्हीपुर थाना क्षेत्र के बरगदहा गांव निवासी दिनेश कुमार की पुत्री ममता वर्मा की शादी 4 वर्ष पूर्व भिनगा कोतवाली क्षेत्र के सरदारपुर गांव निवासी सुनील कुमार वर्मा के साथ हुई थी। ममता वर्मा के ससुराल वाले उससे दहेज में 2 बीघा जमीन की मांग किया करते थे। लेकिन मायके वाले खेत देने में असमर्थ थे। जिससे ससुरालीजन उसे हमेशा प्रताड़ित किया करते थे। 23 जुलाई की शाम को ममता वर्मा को उसके ससुरालीजन ने जमकर पिटाई कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिवारीजन आनन.फानन में ममता वर्मा को संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया। इस दौरान ममता वर्मा की 24 जुलाई को मौत हो गई ।

सूचना पाकर मौके पर मायके वाले की पहुंच गए और दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए कानूनगो पुलिस चौकी पर सूचना दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता दिनेश वर्मा की तहरीर पर भिनगा कोतवाली में 25 जुलाई को मृतका के पति सास व ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व दहेज हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया।

## कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिक सम्मानित

### ● इंकलाब फाउंडेशन व फौजदारी बार एसोसिएशन ने किया सम्मानित

संवाददाता। गोंडा

**जिले की** सामाजिक संस्था इंकलाब फाउंडेशन व फौजदारी बार एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से कारगिल विजय दिवस पर कारगिल के नायक विजय सिंह को उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर फौजदारी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि प्रकाश पांडेय ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमारे देश के लिए एक महत्वपूर्ण दिवस है। जिसे हर वर्ष 26 जुलाई को मनाया जाता है। यह कारगिल युद्ध 60 दिनों तक चला था और 26 जुलाई को उसका अंत हुआ था। इस दिन को कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों के सम्मान में मनाया जा रहा है। कारगिल के नायक विजय सिंह ने कारगिल युद्ध में अपनी भूमिका की जानकारी साझा करते हुए कहा कि फौजियों का मनोबल बढ़ाने के लिए न कोई छोटा होता है और न ही कोई बड़ा होता है। बस समय-समय पर फौजियों का मनोबल बढ़ाते रहना चाहिए। इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने कहा कि हमें नायक विजय सिंह जैसे लोगों से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में फौजदारी बार एसोसिएशन के अजेय विक्रम सिंह, बार एसोसिएशन के महामंत्री रितेश यादव, मनोज श्रीवास्तव, दिनेश चंद्र श्रीवास्तव, प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव, अशोक सिंह, पंकज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## दहेज के लिए गर्भवती महिला की हत्या के आरोपी मां-बेटे को आजीवन कारावास

### ● एक लाख 20 हजार रुपये के अर्थदंड से भी किया दंडित

**श्रावस्ती।** दहेज के लिए चार माह की गर्भवती महिला की हत्या के आरोपी मां बेटे को अपर सत्र न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई है साथ ही एक लाख 20 हज़ार के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि बहराइच जिले के रिसिया क्षेत्र के इमामनागर निवासी हशमतुल्लनिसा ने अपनी पुत्री हबीबुन्निशा की शादी सोनवा क्षेत्र के नारायणपुर गाँव निवासी शराफत अली के साथ 16 फरवरी 2015 को किया था।शादी के बाद से ही कम दहेज को लेकर ससुराल के लोग उसे तंग परेशान करने लगे।दहेज में आपाची बाइक व दो लाख रुपये की मांग करने लगे।मांग पूरी न करने पर 27 जुलाई 2015 पति शराफत अली और उसकी मां राजिया बेगम ने हबीबुन्नीसा को मुक्का थप्पड़ से मारा।इसके बाद गला घोंटकर मार डाला। । मृतका की मां की तहरीर पर सोनवा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले का बिचारण अपर जिला सत्र न्यायालय; फास्ट ट्रेक कोर्टद्धअजय कुमार सिंह के न्यायालय पर हुआ। अभियोजन पक्ष की तरफ से सहायक शासकीय अधिवक्ता पंकज देव गुप्ता ने पैरवी की।उन्होंने बताया कि घटना के समय मृतका 4 महीने की गर्भवती थी ।मृतका की मृत्यु शादी के साढे 5 माह के भीतर ही दहेज के लालच में अभियुक्तों द्वारा कर दी गई । अपर जिला सत्र न्यायाधीश अजय सिंह ने दहेज हत्या के मामले में मां बेटे को दोषी करार देते हुए दोनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास व 60. 60 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने पर 2 वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## जिले के एक दर्जन एसआई बने इंस्पेक्टर

**गोंडा।** जिले में तैनात एक दर्जन उपनिरीक्षकों को शासन द्वारा प्रोन्नति देकर इंस्पेक्टर बनाया गया है। जिसमें पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के पीआरओ राकेश कुमार सिंह व भंभुआ चौकी प्रभारी वेद प्रकाश शुक्ल का भी नाम शामिल है। सोमवार को विभाग द्वारा जारी की गई सूची में एस.आई. राकेश कुमार सिंह, थानाध्यक्ष कटरा बाजार चितवन कुमार, चौकी प्रभारी भंभुआ वेद प्रकाश शुक्ल, नबाबगंज थानाध्यक्ष टी.पी. सिंह सहित 12 उपनिरीक्षकों की प्रोन्नति इंस्पेक्टर के पद पर हुई है। उपनिरीक्षकों की इस प्रोन्नति से उनके परिजनों, सगे संबंधियों तथा इष्ट मित्रों में हर्ष का माहौल है।



उपनिरीक्षक से निरीक्षक बने एसपी के पीआरओ राकेश कुमार सिंह व चौकी प्रभारी भंभुआ वेद प्रकाश शुक्ला

## कावंड़ियों पर थूक फेंकने के आरोप में मामला दर्ज

**संभल (भाषा)।** संभल जिले के नखासा क्षेत्र में सोमवार शाम कावड़ियों पर पानी या थूक फेंकने के आरोप में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि नखासा थाना क्षेत्र के खग्गू सराय मे कांवड़ियों का एक जत्था गुजर रहा था, उसमे शामिल दो कांवड़ियों ने आरोप लगाया कि ऊपर से किसी ने उन पर थूक या पानी फेंका है। उन्होंने बताया कि इस मामले मे कावंडियों की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। क्षेत्र में पूर्ण रूप से शांति है।

## जायदाद में हिस्सा न देने पर माता-पिता और भतीजी की हत्या की

**अलीगढ़ (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के गांधी पार्क थाना क्षेत्र मे संपत्ति का बंटवारा नही किए जाने से नाराज एक बेरोजगार युवक ने अपने माता-पिता और भतीजी की हत्या करने के बाद पुलिस थाने मे आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार देर रात सौरभ (22) नाम का एक युवक गांधी पार्क थाने पहुंचा और यह कहते हुए आत्मसमर्पण की गुजारिश की कि उसने अपने पिता ओमप्रकाश (62), मां सोमवती (60) और भतीजी शिवा (चार) की हथौड़े और ईंट से मार-मारकर हत्या कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, सौरभ के माता-पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शिवा को अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के अनुसार, सौरभ ने पूछताछ मे बताया है कि वह परिवार की संपत्ति और धन मे अपना हिस्सा मांग रहा था, लेकिन उसके माता-पिता इससे लगातार इनकार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पॉलिटेक्निक से डिप्लोमा धारी सौरभ के पिता सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी थे और उन्होंने पिछले दिनों अपने बड़े बेटे को कारोबार के लिए वित्तीय मदद दी थी, जिससे सौरभ और भी ज्यादा नाराज हो गया था। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने सौरभ को गिरफ्तार कर लिया है और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

## युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के राधानगर मुहल्ले में मंगलवार की सुबह मामूली बात को लेकर 20 वर्षीय युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया जहां उसकी हालत चिन्ताजनक देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार राधानगर मुहल्ला निवासी शंकर सोनी की पुत्री अंजली सोनी आज सुबह मामूली विवाद को लेकर जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

## बाइक से गिरकर युवक घायल

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बबुल्लापुर के समीप सोमवार की शाम अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से 21 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए हरदों अस्पताल लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। हालत ठीक न होने पर चिकित्सक ने उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बबुल्लापुर गांव निवासी सुरेश का पुत्र धर्मेंद्र सोमवार की शाम बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। जब वह घर से कुछ दूर पहुंचा तभी बारिश होने के कारण अनियंत्रित होने के कारण बाइक गिर जाने से बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया।

## नहीं मानी हार, बीमारी को हरा मदन बने टीबी चौंपियन

**फतेहपुर।** आखिरकार मदन की दृढ इच्छा शक्ति के आगे टीबी को घुटने टेकने ही पडे। नियमित दवाओं के सेवन और पोषण के प्रति जागरूक होने के बाद मदन को सफलता मिल ही गई और आज वह टीबी चौंपियन बनकर दूसरे टीबी मरीजों को इस खतरनाक बीमारी के प्रति न सिर्फ जागरूक कर रहे हैं बल्कि मरीजों को जांच कराकर उन्हे दवायें दिलाना और समय समय पर मरीजों का हालचाल लेना उनकी दिनचर्या में शामिल हो गया है। उनके इस लगन और मेहनत से स्वास्थ्य विभाग भी प्रभावित है। हथगाम के रहने वाले मदन चंद्रा को वर्ष 2017 में टीबी हुई थी। लगातार खांसी और बुखार आने से वह काफी कमजोर हो गये थे। हथगाम सीएचसी में जब इलाज कराया तो डाक्टरों ने टीबी हास्पिटल के लिये रेफर कर दिया। टीबी हास्पिटल में जांच कराने पर मदन को टीबी होने की पुष्टि हुई। उन्होंने बताया कि छह महीने का कोर्स करने के बाद कानपुर में भी टीबी का इलाज चला। बीच में उन्होंने दवा नहीं छोडी और पूरा कोर्स किया साथ ही पौष्टिक भोजन कर टीबी से मुक्ति पाई। मदन ने बताया कि जब टीबी से ठीक हो गये तो उनके मन में दूसरे मरीजो को टीबी के प्रति जागरूक करने की इच्छा जगी। उन्होंने टीबी हास्पिटल के एसटीएस डा अजीत से मिले और उन्हे टीबी चौंपियन बना दिया गया। तब से मदन गांव गांव विजिट करके लोगों को टीबी के प्रति जागरूक कर रहे हैं और अब तक उन्होंने 32 मरीजों का टीबी का इलाज कराकर उन्हे ठीक करा चुके है। टीबी चौंपियन मदन से प्रेरित होकर इलाज करा रहे सरांय इदरीश के रहने वाले मोहम्मद इस्लाम ने बताया कि विजिट के दौरान उन्होंने टीबी के प्रति जागरूक किया और इलाज कराया अब काफी आराम है। इसी प्रकार टेकारी के रहने वाले सुनील सिंह ने बताया कि एक वर्ष पहले टीबी हो गई थी। मदन ने विजिट के दौरान मिलकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराई और दवा दिलाई। कोर्स पूरा करने के बाद अब ठीक हूं और नौकरी करके घर परिवार चला रहा हूं। जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 अशोक गुप्ता ने मदन के कार्यो की सराहना करते हुये कहा कि अन्य टीबी चौंपियन भी गांव गांव विजिट करके लोगों को टीबी के प्रति जागरूक कर रहे है। सकारात्मक बातचीत और पौष्टिक आहार से टीबी से लडाई आसान हो रही है। इसमे टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण व भावनात्मक सहयोग देने वाले अहम भूमिका निभाग रहे है। उन्होंने कहा कि लोग टीवी चौंपियन की बात माने और कोर्स पूरा करें।

## फ्रॉड की गई धनराशि मिलने पर पीड़ित के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देशन में थानों पर स्थापित साइबर हेल्प-डेस्क द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु समय-समय पर जन-जागरुकता अभियान चलाकर जनसामान्य को साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया जा रहा है। साथ ही साइबर अपराध की सूचना मिलने पर तत्काल थानों पर बनी साइबर हेल्प-डेस्क को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश एसपी द्वारा दिये गये हैं ।

इसी क्रम में साइबर अपराध से पीड़ित भगवती प्रसाद गुप्ता निवासी रमवापुर थाना कोतवाली देहात ने थाने के साइबर हेल्प-डेस्क को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर जानकारी दी गई कि उनकी पत्नी को फ्रॉड कॉल कर आंगनवाड़ी के पैसे भेजने के नाम पर रु0 235750 की ठगी कर लिया गया है। जिस पर थाना कोतवली देहात पर नियुक्त कम्पयूटर आपरेटर प्रवीण पाण्डेय द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर सेल गोंडा से सम्पर्क स्थापित कर सम्बंधित बैंक के सहयोग से तत्काल कार्यवाही करते हुए फ्रॉड की गयी धनराशि रु0 2,35,750 को होल्ड कराते हुए पीड़ित के खाते में वापस कराया गया। फ्राड करके लिये गये रकम वापस मिलने पर पीड़ित ने गोंडा पुलिस के कार्यशैली की प्रसंशा करते हुए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## मुख्य विकास अधिकारी ने मैथा ब्लाक का किया औचक निरीक्षण, लापरवाही पर लगाई फटकार

### ● राजकीय कार्यों के प्रति लापरवाही नहीं की जायेगी बर्दाश्तः सीडीओ

संवाददाता। कानपुर देहात

**मुख्य विकास** अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने विकास खण्ड कार्यालय मैथा का निरीक्षण कियाए निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खण्ड कार्यालय के वरिष्ठ सहायक कक्ष का निरीक्षण किया मुख्य विकास अधिकारी ने पत्रावलियों का सही ढंग से रखरखाव न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देशित किया कि पत्रावलियों का सही प्रकार से रख रखाव किया जायेए जितने पुराने प्रकरण अभी लंबित है उन्हें शीघ्र ही निस्तारण करायेए अलमारियों के अन्दर जो पत्रावली रखी जाये उसका बाहर अवश्य अंकन किया जाये।

वहीं मुख्य विकास अधिकारी ने मनरेगा एवं जिला पंचायत के कार्यो की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत कार्य के निरीक्षण के दौरान पुरानी पत्रावलियों के बण्डलों में बाहर कोई नाम न चस्पा होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित कर्मचारी पर सख्त नाराजगी व्यक्त कीए वहीं उन्होंने प्रत्येक कर्मचारी एवं अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने.अपने क्षेत्र में सभी तालाबों को क्रियाशील कराना हैए तथा एक तालाब को आदर्श तालाब बनवाना हैए एवं एक तालाब को अमृत सरोवर तालाब के रूप में बनाना हैए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का यह महत्वपूर्ण विजन हैए वहीं उन्होंने कहा कि दो दिन के अन्दर अपने क्षेत्रों में घूम रहे आवारा गौवंशों को गौशालाओं में संरक्षित करायेए गौवंशों हेतु भूसा बैंक में जो लक्ष्य दिया गया है उसे पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जो हैण्डपंप खराब है उनको शीघ्र दुरस्त कराया जायेए सभी विद्यालयों के हैण्डपंपों के पास शोक पिट बनवाये जाये। उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिये कि सभी पटलों की समीक्षा करे और जो कार्यो में प्रगति कम है उनमें प्रगति लाये तथा साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जायेए समय से सभी अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित रहे। इस मौके पर परियोजना निदेशक दिनेश चन्द्रए खण्ड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे। अपर मुख्य सचिवए कृषि उप्र शासन के रेडियोग्राम लखनऊ दिनांक 25 जुलाई 2022 के परिपालन में बीज मूल्यों को नियंत्रित करने तथा कृषकों को गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से जनपद के कृषि विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारियों की जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद के बीज प्रतिष्ठानो पर छापेमारी के लिए 4 संयुक्त टीमे गठित की गयी। संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 26.07.2022 को जनपद के बीज प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक छापे की कार्यवाही की गयी। जिसमें कुल जनपद में 36 बीज प्रतिष्ठानों पर छापे डाल कर 31 नमूने ग्रहित किये गये 6 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि अधिकारी कानपुर देहात एवं प्रभारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य के द्वारा तहसील डेरापुर एवं रसूलाबाद में 11 बीज प्रतिष्ठानों पर छापे डालकर 13 बीज के नमूने ग्रहित किये गये तथा किशन बीज भण्डार गड़ेरिया झाला झींझक, आकाश खाद एवं बीज भण्डार झींझक, पाठक खाद भण्डार झींझक द्वारा अपने बीज प्रतिष्ठान को बन्द कर दिये जाने एवं फर्म बोर्ड एवं स्टाक बोर्ड न लगाने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार उप कृषि निदेशक एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी कानपुर देहात के द्वारा तहसील भोगनीपुर के 10 बीज प्रतिष्ठानो पर छापा डालकर 11 बीज नमूने ग्रहित किये गये।

## क्विक न्यूज

### एक दिवसीय रोजगार मेला 29 को

**गोंडा।** सहायक निदेशक सेवायोजन आशा वर्मा ने बताया कि आगामी 29 जुलाई को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोंडा द्वारा संयुक्त रूप से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, आईटीआई, उत्तीण बेरोजगार अभ्यर्थियों को सेवायोजित कराने हेतु कई कम्पनियों को बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि बेरोजगार अभ्यर्थी रोजगार मेले मे भाग लेने हेतु अपनी योग्यतानुसार सेवायोजन पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन करा कर कम्पनी में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पश्चात् आगामी 29 जुलाई को प्रातः 10.00 बजे अपने समस्त शैक्षिक अंक पत्र प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड की छायाप्रति तथा एक फोटो सहित रोजगार मेले साक्षात्कार हेतु सम्मिलित हों। रोजगार मेले में सम्मिलित होने हेतु, सेवायोजन पोर्टल पर पंजीयन एवं कम्पनियों में ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य है।

### ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दंपति की मृत्यु

**इटावा (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के जसवंत नगर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक दंपति की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जसवंत नगर थाना क्षेत्र स्थित इटावा-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगला नवल इलाके के पास सोमवार रात दवा लेने जा रहे सुनील कुमार (22) और उनकी पत्नी पूजा (20) की मोटरसाइकिल को एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। घटना में दंपति की मौके पर ही मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक, ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल पर सवार दंपति की चाची गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें सैफई स्थित पीजीआई में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने दोनों शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे हैं।

### जांच के लिए रोकने पर एआरटीओ के सिपाही, वाहन चालक को ट्रक ने रौंदा, हुई मौत

**सुलतानपुर (भाषा)।** सुलतानपुर जिले मे मंगलवार तड़के जांच के लिए रोके जाने पर एक ट्रक चालक ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) कार्यालय के दो कर्मचारियों को रौंद दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। एआरटीओ (प्रवर्तन) राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि वह तड़के लगभग चार बजे अपने सहयोगियों के साथ सुलतानपुर-कादीपुर मार्ग पर जिले के गोसाईगंज क्षेत्र मे वाहनों की जांच के लिए निकले थे। वह माधवपुर छतौना गांव के पास वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान जब कादीपुर की तरफ जा रहे एक ट्रक को रुकने का इशारा किया गया तो चालक ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी और एआरटीओ कार्यालय में संविदा पर तैनात वाहन चालक अब्दुल मोबीन (52) और सिपाही अरुण सिंह (50) को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वर्मा ने बताया कि इसके बाद ट्रक ने सड़क के किनारे खड़ी उनकी गाड़ी को भी टक्कर मारी लेकिन वह बाल-बाल बच गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी कृष्णकांत सरोज ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ट्रक ड्राइवर वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। ट्रक चालक की तलाश जारी है।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही मस्जिद ईदगाह प्रकरणः अदालत ने मंजूर की पुनरीक्षण याचिका

**मथुरा (भाषा)।** शाही ईदगाह मस्जिद का सर्वेक्षण कराने का अनुरोध करने वाली याचिका को मंजूर करने संबंधी सुनवाई यहां की एक अदालत मे सोमवार को नही हो सकी। हालांकि, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश की अदालत ने याचिकाकर्ताओं की ओर से दाखिल पुनरीक्षण याचिका को मंजूर कर लिया तथा निचली अदालत को वाद से जुड़े दस्तावेज सौंपने को कहा। याचिकाकर्ता सह वकील राजेंद्र माहेश्वरी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (सप्तम) संजय चौधरी की अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 11 अगस्त की तारीख निर्धारित की है। दीवानी न्यायाधीश (वरिष्ठ संभाग) ज्योति सिंह की अदालत में 18 जुलाई को सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों ने बहस के लिए अपनी-अपनी दलील पहले पेश करने का अनुरोध किया था।

### घड़ी चोरी का आरोप लगाकर शिक्षकों ने 15 वर्षीय छात्र की पिटाई की, मौत

**कन्नौज (भाषा)।** कन्नौज जिले के छिबरामऊस्थित एक इंटर कॉलेज मे कथित रूप से घड़ी चोरी का आरोप लगाकर तीन शिक्षकों द्वारा पिटाई किए जाने से घायल हुए एक छात्र की कानपुर के अस्पताल मे इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने मंगलवार को बताया कि छिबरामऊकोतवाली क्षेत्र के पश्चिमी मड़ैया गांव निवासी 15 वर्षीय दिलशान उर्फ राजा आर. एस. इण्टर कॉलेज मे नौवी कक्षा मे प्रवेश के लिए 23 जुलाई को गया था। आरोप है कि दोपहर को अवकाश के वक्त अध्यापक शिवकुमार यादव ने दिलशान को बुलाया और उस पर घड़ी चोरी करने का आरोप लगाया। सिंह ने बताया कि दिलशान के परिजनों का आरोप है कि यादव तथा साथी अध्यापक प्रभाकर और विवेक यादव ने दिलशान को कमरे मे बंद करके उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी। उन्होंने बताया कि गंभीर हालत मे छात्र को अस्पताल मे भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत मे सुधार नही होने पर रविवार की शाम उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। सोमवार देर रात छात्र की अस्पताल मे इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सभी आरोपी शिक्षक इस वारदात के बाद कॉलेज मे ताला लगा कर भाग गए है, उनकी तलाश की जा रही है। सिंह ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसकी मौत का असल कारण पता लगेगा। उसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच मे अगर छात्र की पिटाई करने की बात सामने आती है तो आरोपियों के खिलाफ कानूनन कड़ी कार्वाई की जाएगी।

### अफ्रीकन स्वाइन फीवर के डर के चलते सूअर के मांस की बिक्री पर प्रतिबंध

**बरेली (भाषा)।** उत्तर प्रदेश मे बरेली जिले के फरीदपुर स्थित एक फार्म मे 20 सूअरों की अफ्रीकन स्वाइन फीवर (एएसएफ) के कारण मौत हो जाने के बाद जिले मे सूअर के मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिलाधिकारी शिवाकांत द्विवेदी ने मंगलवार को बताया कि मुख्य पशु चिकित्साधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर अफ्रीकन स्वाइन फीवर से बचाव और रोकथाम के लिए अलर्ट जारी किया गया है। जिले मे सूअर के मांस और उससे निर्मित उत्पादों की बिक्री पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। इसके अलावा जिले मे अब कही सूअरों के बाजार भी नही लगेगे। उन्होंने कहा कि एएसएफ सूअरों मे फैलने वाला संक्रामक एवं बेहद घातक रोग है। बचाव और रोकथाम के लिए रोग प्रभावित क्षेत्र मे सूअरों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान द्वारा पिछली 20 जुलाई को की गई दो मृत सूअरों के नमूनों की जांच मे उनमे एएसएफ की पुष्टि हुई थी। उसके बाद से फरीदपुर स्थित डंडिया भंडसर के पिगरी फार्म मे अब तक 20 सूअरों की मौत हो चुकी है।

### दो बेटियों के साथ ट्रेन के आगे कूदी महिला, दो की मौत

**बरेली (भाषा)।** बरेली जिले के बशारतगंज क्षेत्र मे एक महिला अपनी दो बेटियों को साथ लेकर चलती मालगाड़ी के आगे कूद गई जिससे उसकी और उसकी एक बेटी की मृत्यु हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राज कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को बताया कि बशारतगंज क्षेत्र की रहने वाली गंगा देवी (26) का सोमवार को शराब के आदी अपने पति बृजेश से मदिरापान को लेकर झगड़ा हो गया। इससे क्षुब्ध होकर गंगा देवी सोमवार की शाम अपनी दोनों बेटियों को लेकर गांव मे रेलवे क्रॉसिंग पर गई और एक मालगाड़ी के आगे कूद गई। उन्होंने बताया कि मालगाड़ी की चपेट मे आने से गंगा देवी और उसकी चार वर्षीय बेटी अंशु की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरी बेटी ललिता (एक साल) गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे बरेली के एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। अग्रवाल ने बताया कि गंगा का, शराब के आदी अपने पति बृजेश से इसी बात को लेकर अक्सर झगड़ा होता था। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नही थी और शराब मे पैसे खर्च होने के कारण गंगा के लिए घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया था।

### बिजली गिरने की घटनाओं में तीन किशोरों समेत चार लोगों की मौत

**गाजीपुर (भाषा)।** जिले मे बारिश के दौरान बिजली गिरने की घटनाओं मे तीन किशोरों सहित चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि भुड़कुड़ा कोतवाली क्षेत्र के समस्तीपुर गांव के निवासी अभिषेक सरोज (12), मुकेश सरोज (12), सागर सरोज (14) और आशीष (14) मगई नदी के पास शाम करीब पांच बजे खेल रहे थे। उन्होंने बताया कि इसी दौरान तेज बारिश शुरू हो गई जिससे बचने के लिए वे खजूर के पेड़ के नीचे बैठ गए। उन्होंने बताया कि इसी दौरान तेज आवाज के साथ बिजली गिरी, जिसकी चपेट मे आने से चारों किशोर झुलस गए। उन्होंने बताया कि किशोरों को उपचार के लिए जखनिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने अभिषेक, मुकेश और सागर को मृत घोषित कर दिया। वही आशीष की हालत गंभीर होने पर उसे मऊ के चिरैयाकोट स्थित अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि हादसे मे मारे गए तीनों लड़कों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि एक अन्य घटना मे बड़ेसर थाना क्षेत्र के नसीदाबाद गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सोमवार देर शाम खेत मे धान की रोपाई कर घर जा रहे किसान अमिन्द्र चौहान (49) की बिजली गिरने से मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस दोनों घटनाओं के सिलसिले मे आगे की औपचारिकताएं पूरी कर रही है।

# नीरज चोपड़ा राष्ट्रमंडल खेलों से हटे

BIRMINGHAM 2022 commonwealth games

## ●मांसपेशियों में खिंचाव की वजह से लिया फैसला



**भाषा।** बर्मिंघम

**भाला फेंक** के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा विश्व चैंपियनशिप के दौरान जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव आने के कारण मंगलवार को राष्ट्रमंडल खेलों से हट गए, जिससे भारत की एथलेटिक्स में पदक की संभावनाओं को करारा झटका लगा। चोपड़ा ने रविवार को यूजीन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऐतिहासिक रजत पदक जीता था। इस 24 वर्षीय ओलंपिक चैंपियन को बर्मिंघम में पुरुषों के भाला फेंक में अपने खिताब का बचाव करना था। राष्ट्रमंडल खेल गुरुवार से शुरू होंगे। चोपड़ा के हटने का मतलब है कि राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान ग्रेनाडा के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स के साथ उनका मुकाबला देखने को नहीं मिलेगा। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) महासचिव राजीव मेहता ने कहा कि चोपड़ा का सोमवार को अमेरिका में एमआरआई किया गया और उन्हें एक महीने के विश्राम की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा, भारतीय टीम के भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा की आज सुबह अमेरिका से फोन पर मुझसे बात हुई और उन्होंने फिटनेस चिंताओं के कारण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने में असमर्थता जताई। मेहता ने कहा, यूजीन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने के बाद चोपड़ा ने सोमवार को एमआरआई कराया था और उनकी चिकित्सा टीम ने उन्हें एक महीने विश्राम करने की सलाह दी है। इस एथलीट के करीबी सूत्रों के अनुसार यह मांसपेशियों में मामूली खिंचाव है लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें विश्राम करने की सलाह दी गई है। यह 24 वर्षीय खिलाड़ी विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाला दूसरा भारतीय एथलीट बना था। उनसे पहले अंजू बॉबी जॉर्ज ने 2003 विश्व चैंपियनशिप में लंबी कूद में कांस्य पदक जीता था। चोपड़ा ने विश्व चैंपियनशिप में अपने चौथे प्रयास में 88.13 मीटर भाला फेंक कर रजत पदक जीता था। तब वह असहज महसूस कर रहे थे। चोपड़ा ने अपनी स्पर्धा के बाद कहा था, मैंने सोचा कि मेरा चौथा थ्रो उससे भी आगे जा सकता था। उसके बाद मुझे अपनी जांघ में कुछ खिंचाव महसूस हुआ और मैं अगले दो प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने कहा कि वह चोपड़ा के संपर्क में हैं ताकि उन्हें चोट से उबरने में मदद कर सकें। नीरज ने कहा कि वह राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने के लिए शत-प्रतिशत फिट नहीं है और इसलिए वह उद्घाटन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक नहीं बनना चाहेंगे। विश्व चैंपियनशिप के फाइनल के दौरान नीरज असहज नजर आ रहे थे। हम उनके निरंतर संपर्क में हैं ताकि उन्हें पूर्ण फिटनेस हासिल करने में मदद कर सकें। इस बीच भारतीय दल के दल प्रमुख राजेश भंडारी ने पीटीआई से कहा, हमारी अब बैठक होगी जिसमें नए ध्वजवाहक का चयन किया जाएगा।

## आईओए ने भारतीय दल को सार्वजनिक उपस्थिति सीमित रखने की सलाह दी

**बर्मिंघम।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा ले रहे भारतीय दल को मंगलवार को सलाह दी कि वे अपनी सार्वजनिक उपस्थिति को सीमित रखें और कोविड-19 महामारी के मौजूदा खतरे को देखते हुए बाहर निकलने से बचें। आईओए ने बयान में कहा, भारतीय ओलंपिक संघ बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के भारतीय दल में शामिल खिलाड़ियों से आग्रह करता है कि वे कोविड-19 के खतरे के कारण सार्वजनिक स्थानों पर अधिक समय नहीं बिताएं क्योंकि इससे खिलाड़ियों का स्वास्थ्य और उनका प्रतिनिधित्व खतरे में पड़ सकता है। आईओए ने साथ ही भारतीय खिलाड़ियों से आग्रह किया कि जहां भी जरूरी हो वे सभी एहतियाती कदम उठाएं। आईओए का निर्देश उस समय आया है जब ब्रिटेन में कोविड-19 के हजारों मामले सामने आ रहे हैं। भारत ने इन खेलों में 321 सदस्ईय मजबूत दल उतरा है जिसमें 215 खिलाड़ी और 107 अधिकारी तथा सहयोगी स्टाफ शामिल हैं। राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 28 जुलाई से आठ अगस्त तक किया जाएगा।

## लवलीना की कोच संध्या गुरुंग को एक्रीडिटेशन मिला

**बर्मिंघम।** स्टार मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन की निजी कोच संध्या गुरुंग को मंगलवार को राष्ट्रमंडल खेलों के लिए एक्रीडिटेशन (मान्यता) मिल गया। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना ने दावा किया था कि उनके कोच के लगातार उत्पीड़न के कारण राष्ट्रमंडल खेलों के लिए उनकी तैयारियां प्रभावित हो रही हैं। संध्या भारतीय टीम की सहायक कोच भी हैं। उन्हें प्रतियोगिता से कुछ ही दिन पहले भारतीय दल में शामिल किया गया। रविवार को यहां पहुंचने पर उन्हें खेल गांव में प्रवेश की स्वीकृति नहीं मिली क्योंकि उनके पास एक्रीडिटेशन नहीं था जिससे विवाद पैदा हो गया। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अधिकारी ने पीटीआई को बताया, संध्या को आज सुबह मुक्केबाजी खेल गांव लाया गया और एक्रीडिटेशन दिया गया। वह अब टीम के साथ हैं। संध्या को खेल गांव में कमरा भी दिया गया है। लवलीना ने सोमवार को सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट डालकर कहा था कि उन्हें लग रहा है कि उनका मानसिक उत्पीड़न हो रहा है क्योंकि उन्हें अपनी कोच को टीम में शामिल कराने के लिए जूझना पड़ रहा है। उन्होंने लिखा था, आज मैं बहुत दुख के साथ कह रही हूं कि मुझे (मानसिक तौर पर) लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। ओलंपिक में पदक लाने में मेरी मदद करने वाले कोच को हमेशा बाहर कर दिया जाता है जिससे मेरे प्रशिक्षण कार्यक्रम पर असर पड़ता है। पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली लवलीना ने इन खेलों से पहले खराब मानसिक स्थिति से उबरने का श्रेय संध्या को दिया था। राष्ट्रमंडल खेलों से पहले आयरलैंड में 15 दिवसीय ट्रेनिंग शिविर के दौरान भी संध्या लवलीना के साथ थी



## राष्ट्रमंडल खेलों से पहले बर्मिंघम में रेलवे स्टेशन में बजा आग लगने का अलार्म

बर्मिंघम। बर्मिंघम के सबसे बड़े रेलवे स्टेशन में राष्ट्रमंडल खेलों से पहले मंगलवार दोपहर आग लगने का अलार्म बज गया जिससे लोगो के बीच काफी डर का माहौल बन गया लेकिन बाद में चता चला कि कोई आग नही लगी है। रेल से लंदन से बर्मिंघम का सफर कर रहे यात्रियो अजीब हालात का सामना करना पड़ा जब बर्मिंघम के न्यू स्ट्रीट स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर प्रवेश से पहले रेलगाड़ी अचानक रुक गई।

## हॉकी इंडिया के चुनाव के लिए 20 हफ्ते का समय स्वीकार्य नहीं: एफआईएच

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने मंगलवार को कहा कि वे हॉकी इंडिया के नए संविधान को लागू करने और मान्यता प्राप्त तथा लोकतांत्रिक रूप से चयनित बोर्ड के लिए 20 हफ्ते के समय को स्वीकार नही कर सकते और चाहते है कि जल्द से जल्द यह प्रक्रिया पूरी हो। एफआईएच पहले ही 13 से 29 जनवरी तक भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले पुरुष विश्व की मेजबानी का अधिकार भारत से वापस लेने की धमकी दे चुका है।

## भारत शतरंज ओलंपियाड में पदक जीतने का मजबूत दावेदार: कार्लसन

चेन्नई। मौजूदा विश्व चैम्पियन मैग्नस कार्लसन ने मंगलवार को कहा कि मेजबान भारत आगामी 44वे शतरंज ओलंपियाड मे पदक जीतने का मजबूत दावेदार है। भारत पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी 28 जुलाई से 10 अगस्त तक करेगा। ओलंपियाड में भाग लेने के लिए यहां पहुंचे कार्लसन ने कहा, भारत की दोनो टीमो मे शानदार खिलाड़ी है और मुझे लगता है कि दोनों के पास पदक जीतने का मौका है। रूस और चीन की गैरमौजूदगी मे भारत ए टीम को अमेरिका के बाद दूसरी वरीयता दी गई है जबकि बी टीम को 11वी वरीयता प्राप्त है।

## आईएसएसएफ, एनआरएआई ने राष्ट्रीय स्तर के कोचिंग कार्यक्रम को फिर शुरू किया

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) और भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने नए तरीके से तैयार किए गए राष्ट्रीय स्तर के कोचिंग पाठ्यक्रम को फिर से शुरू करने के लिए मंगलवार को हाथ मिलाया। आईएसएसएफ कोच कार्यक्रम को 2019 में पहली बार शुरू किया गया था। यह आईएसएसएफ सी लाइसेंस के स्तर का था। कोरोना वायरस महामारी के कारण इसे 2020 मे रोक दिया गया था।

## इंग्लैंड की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्लीन स्वीप किया

डर्बी। सोफी एक्लेस्टोन के ऑलराउंड खेल की मदद से इंग्लैड की महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे दक्षिण अफ्रीका को 38 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करके राष्ट्रमंडल खेलों से पहले अपनी पुख्ता तैयारियो का सबूत पेश किया। एक्लेस्टोन ने केवल 12 गेंदो पर चार चौको और दो छक्को की मदद से नाबाद 33 रन बनाए जिससे पहले बल्लेबाजी का फैसला करने वाली इंग्लैड की टीम ने छह विकेट पर 176 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। एक्लेस्टोन ने इसके बाद चार ओवर में 24 रन देकर दो विकेट लिए।

# स्क्वाश : एकल का मिथक तोड़ने उतरेगा भारत

## ●घोषाल और चिनप्पा पर रहेगी नजर



**भाषा।** बर्मिंघम

**सभी वर्गों में** पदक जीतने के लक्ष्य के साथ भारतीय स्क्वाश टीम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए बर्मिंघम पहुंच गई है जिसमें सौरभ घोषाल और जोशना चिनप्पा एकल में पदक जीतने का मिथक तोड़ने के लिए अपना आखिरी प्रयास करेंगे। दीपिका पल्लीकल, जोशना और सौरभ की तिकड़ी पिछले 15 वर्षों से भारतीय स्क्वाश टीम का जिम्मा अपने कंधों पर उठाए हुए हैं। इन तीनों ने इस बार खेलों के लिए कड़ी मेहनत की है क्योंकि यह उनके आखिरी राष्ट्रमंडल खेल भी हो सकते हैं। स्क्वाश को राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार 1998 में शामिल किया गया था और तब से लेकर अभी तक भारत केवल तीन पदक जीत पाया है। इनमें आठ साल पहले ग्लास्गो में जोशना और दीपिका द्वारा जीता गया ऐतिहासिक स्वर्ण पदक भी शामिल है। वे फिर से खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में ब्रिटिश धरती पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इस साल के शुरू में विश्व खिताब भी जीता था। अब जुड़वा बच्चों की मां दीपिका ने घोषाल के साथ मिलकर अप्रैल में विश्व युगल चैंपियनशिप में मिश्रित युगल का खिताब जीतकर शानदार वापसी की है। मिस्र को छोड़कर स्क्वाश खेलने वाली चोटी की सभी टीमें राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा है। भारत अभी तक एकल में पदक नहीं जीत पाया है लेकिन जोशना और घोषाल इस बार कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। दीपिका ने वापसी के बाद अभी एकल में खेलना शुरू नहीं किया है। घोषाल से जब पूछा गया कि क्या भारत के पास 2022 में एकल में पदक जीतने का सर्वश्रेष्ठ मौका रहेगा उन्होंने कहा, ऐसी उम्मीद है। 20 साल पहले जब हमने खेलना शुरू किया था तब से हमने काफी प्रगति की है। हमने खिलाड़ियों के रूप में भी अच्छी प्रगति की है। राष्ट्रमंडल खेलों में चुनौती कड़ी होती है। यहां पदक जीतना आसान नहीं होता है। घोषाल को पिछली बार राष्ट्रमंडल खेलों में तीसरी वरीयता दी गई थी लेकिन वह शुरू में ही बाहर हो गए थे। वह इस बारे में सोच कर अपने पर अतिरिक्त दबाव नहीं बनाना चाहते हैं। मैं ड्रा के बारे में नहीं सोच रहा हूं पिछली बार मैंने ऐसी गलती की थी। मैं एक बार में एक मैच पर ध्यान देना चाहता हूं।

## सीडब्ल्यूलजीः साइकिलिंग, जिमनास्टिक में भारतीयों के सामने खुद को साबित करने की चुनौती

**बर्मिंघम।** भारतीय जिमनास्ट राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) की तैयारियों के दौरान हुए विवादों को पीछे छोड़कर अच्छे प्रदर्शन से प्रशंसकों का ध्यान फिर से इन खेलों की तरफ खीचना चाहेंगे तो वही देश की साइक्लिंग टीम चार साल के अंतराल पर होने वाले इस आयोजन से पदकों के सूखे को खत्म करने उतरेगी। इन दोनों खेलों में जो बात सामान्य है वह यह कि दोनों के कोच को हाल के दिनों मे बदला गया है। जिमनास्टिक में महिला टीम के नामित कोच के साथ मुख्य कोच रोहित जायसवाल को पिछले सप्ताह राष्ट्रमंडल खेलों की टीम से हटा दिया गया था। जायसवाल के खिलाफ जिमनास्ट अरुणा बुड्डा रेड्डी ने बिना सहमति के उनकी वीडियोग्राफी करने का आरोप लगाया था। साइक्लि टीम की महिला चालक ने स्लोवेनिया के विदेशी दौरे के दौरान मुख्य कोच के खिलाफ अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया था जिसके बाद उन्हे बर्खास्त कर दिया गया। जायसवाल के हटने के बाद अनुभवी कोच बिश्वेश्वर नंदी को जिम्नास्टिक टीम की जिम्मेदारी दी गई। नंदी की देखरेख में दीपा करमाकर रियो ओलंपिक मे मामूली अंतर से पदक से चूककर चौथे स्थान पर रही थी। एशियाई चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली 27 साल की प्रणति नायक महिला वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी।

# राष्ट्रमंडल खेल हाकी में यादगार प्रदर्शन के लिए श्रीजेश तैयार



**भाषा।** नई दिल्ली

**ओलंपिक में पदक** के चार दशक के सूखे को खत्म करने के बाद भारतीय हॉकी टीम के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के सपने को पूरा करने की कोशिश करेंगे।

श्रीजेश ने अपने करियर की तुलना केरल में बनने वाले लोकप्रिय व्यंजन अवियल (13 सब्जियों के मिश्रण से बनने वाला) से करते हुए कहा कि उन्होंने काफी उतार-चढ़ाव देखे हैं। उम्र के 34वें पड़ाव पर पहुंच चुके श्रीजेश अपने करियर के आखिरी चरण में कुछ और उपलब्धियां हासिल करना चाहते हैं। इसमें दो साल बाद पेरिस ओलंपिक का पदक उनका सबसे बड़ा सपना है। फिलहाल उनका पूरा ध्यान अपने तीसरे और आखिरी राष्ट्रमंडल खेलों पर है। जिंदगी हमेशा एक जैसी नहीं होती। यह उतार-चढ़ाव से भरी होती है। मैंने कुछ बहुत अच्छे और कुछ बहुत बुरे मैच खेले हैं। मेरे करियर की शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन धीरे-धीरे मैं ऊपर चढ़ते हुए भारत का शीर्ष गोलकीपर बनने में सफल रहा। लंदन ओलंपिक में निराशाजनक अभियान से लेकर तोक्यो में कांस्य पदक जीतने के बीच, मैंने 2018 में टीम का नेतृत्व भी किया। एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) चोट के कारण मेरा करियर लगभग खत्म हो गया था। केरल में एक प्रसिद्ध व्यंजन है जिसे हम अवियल कहते है। यह 13 सब्जियों के मिश्रण से बनता है और मैं अपने करियर की तुलना अवियल से कर सकता हूं। एशियाई खेल 2014 में टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाला यह खिलाड़ी अब अपने लिए छोटे लक्ष्य बना रहा है। युवा खिलाड़ी के तौर पर मैं चार साल की योजना बनाता था। अब मैं अपने लिए छोटे लक्ष्य बनाता हूं। अभी मेरी प्राथमिकता राष्ट्रमंडल खेल है, मेरा अगला लक्ष्य विश्व कप होगा। जब आप छोटे समय का लक्ष्य रखते हैं तो यह आपको प्रदर्शन, फिटनेस और मानसिक एकाग्रता पर अधिक ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है। जब उनसे पेरिस ओलंपिक में खेलने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, भविष्य की ओर देखें तो मेरे लिए पेरिस संभव है। मैं एफिल टॉवर देख सकता हूं लेकिन यह आसान नहीं होन

## पूजा और एस मेघना कोविड पॉजिटिव, भारत से रवाना नहीं हो सकी

**बर्मिंघम।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज एस मेघना और आलराउंडर पूजा वस्त्रकार कोविड-19 पॉजिटिव पाई गई हैं और उन्हें शुक्रवार को यहां आस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले पहले मुकाबले से पूर्व भारत में ही रुकने को बाध्य होना पड़ा। भारतीय टीम रविवार सुबह बर्मिंघम के लिए रवाना हुई लेकिन ए दो खिलाड़ी टीम के साथ नहीं जा पाईं। बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने इससे पहले टीम की एक सदस्य के पॉजिटिव होने की पुष्टि की थी। खेलों से पहले टीम ने एनसीए में ट्रेनिंग की। महिला क्रिकेट राष्ट्रमंडल खेलों में पदार्पण कर रहा है।

# भारतीयों को खूब रास आई है ब्रिटिश धरती

## ●पांच बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लिया और केवल ग्लास्गो 2014 को छोड़कर उसने हर बार अपने पिछले प्रदर्शन से बेहतर परिणाम हासिल किए

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रमंडल** खेलों का आयोजन जब भी ब्रिटिश धरती पर किया गया तब भारतीय खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और उम्मीद की जा रही है कि निशानेबाजी खेल शामिल नहीं किए जाने के बावजूद बर्मिंघम में 28 जुलाई से शुरू होने वाले खेलों में भी वे नए रिकॉर्ड स्थापित करेंगे। भारत ने अब तक ब्रिटिश धरती पर पांच बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लिया और केवल ग्लास्गो 2014 को छोड़कर उसने हर बार अपने पिछले प्रदर्शन से बेहतर परिणाम हासिल किए। भारत ने पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में 1934 में हिस्सा लिया था जिनका आयोजन लंदन में किया गया था। भारत ने तब केवल दो खेलों एथलेटिक्स और कुश्ती में हिस्सा लिया। पहलवान राशिद अनवर ने 74 किग्रा में कांस्य पदक जीतकर भारत को इन खेलों का पहला पदक दिलाया था। वेल्स के कार्डिफ में 1958 में हुए खेलों में भारत पहली बार दो स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा था। भारत को यह स्वर्ण पदक उड़न सिख मिल्खा सिंह और पहलवान लीला राम ने दिलाए थे। पहलवान लक्ष्मी कांत पांडे ने रजत पदक जीता था। भारत इससे पहले सिडनी (1938) और वेंकूवर (1954) में कोई पदक नहीं जीत पाया था। इसके बाद ब्रिटेन में 1970 में स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया गया जिसमें भारत ने 12 पदक जीते थे। इनमें पांच स्वर्ण पदक शामिल हैं। भारत ने अपने पांचों स्वर्ण और तीनों रजत पदक कुश्ती में जीते थे। भारत की तरफ से तब पहलवान वेद प्रकाश, सुदेश, उदय चंद, मुख्तियार और हरिश्चंद्र ने सोने के तमगे हासिल किए थे। एडिनबर्ग में ही 1986 में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया गया था जिनमें भारत ने हिस्सा नहीं लिया था। इसके बाद मैनचेस्टर में 2002 में ब्रिटिश धरती पर राष्ट्रमंडल खेल खेले गए और भारत ने तब अपना उस समय तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। मैनचेस्टर 2002 में भारत 30 स्वर्ण पदक सहित कुल 69 पदक जीतने में सफल रहा था। भारत ने तब ऑस्ट्रेलिया, मेजबान इंग्लैंड और कनाडा के बाद चौथा स्थान हासिल किया था।

## बीसीसीआई 2025 महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी की बोली लगाने की तैयारी में

**नई दिल्ली।** भारत के 2025 में महिलाओं के 50 ओवर के विश्व कप की मेजबानी करने की संभावना है क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी की बोली लगाने की तैयारी में है। अगर भारत की बोली सफल रहती है तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की यह शीर्ष प्रतियोगिता एक दशक से अधिक समय बाद भारत में वापसी करेगी। भारत ने पिछली बार 2013 में महिलाओं के 50 ओवर के विश्व कप की मेजबानी की थी और तब आस्ट्रेलिया ने मुंबई में फाइनल में वेस्टइंडीज को 114 रन से हराकर खिताब जीता था। आईसीसी का वार्षिक सम्मेलन बर्मिंघम में होना है और पता चला है कि इस बैठक के दौरान अगले चक्र में आईसीसी की चार बड़ी महिला प्रतियोगिताओं के लिए बोली स्वीकार की जाएगी। भारत 2025 में महिला के इस शीर्ष एकदिवसीय टूर्नामेंट की मेजबानी हासिल करने का प्रबल दावेदार है। आईसीसी बोर्ड के सदस्य ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, चार महिला प्रतियोगिताओं के लिए बोली स्वीकार की जाएगी। इसमें 2024 और 2026 में होने वाले दो आईसीसी टी20 विश्व कप और 2025 में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप भी शामिल है। भारत में महिलाओं की पिछली बड़ी वैश्विक प्रतियोगिता 2016 में टी20 विश्व कप था क्योंकि तब आईसीसी पुरुष और महिलाओं की प्रतियोगिता का आयोजन एक साथ करता था।

## एक्स स्टूडेंट क्लब को जीत मिली



**लखनऊ।** जिला फुटबाल लीग में एक्स स्टूडेंट को जीत मिली जबकि ममता क्लब व एलडीए का मैच ड्रा रहा। ने अपने मुकाबले जीत लिए। पहले मैच में एक्स स्टूडेंट्स क्लब ने विजय क्लब को 2-0 से हराया। एक्स स्टूडेंट्स की ओर से अतीफ ने 18वे मिनट में सद्दाम ने 43 वें मिनट में गोल किया। दूसरा मैच ममता स्पोर्टिंग क्लब और ए डी ए क्लब के बीच में हुआ जिसमें यह मैच 0-0से ड्रा रहा।

## शुक्ला बंगाल की सीनियर टीम के कोच

**कोलकाता।** बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने मंगलवार को पूर्व क्रिकेटर लक्ष्मी रतन शुक्ला को आगामी सत्र के लिए सीनियर पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। कैब अध्यक्ष अभिषेक डालमिया ने कहा, मुझे बंगाल टीम के नए सीनियर कोच के रूप में लक्ष्मी रतन शुक्ला के नाम की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। सौराशीष लाहिड़ी टीम के सहायक कोच बने रहेंगे।कोच नियुक्त होने के बाद शुक्ला ने कहा, यह नई तरह की चुनौती है और मैं खिलाड़ी के तौर पर जिस तरह से बंगाल के लिए योगदान देता था वैसे ही कोच के तौर पर भी दूंगा।

# क्लीन स्वीप करने उतरेगा भारत

## ● बल्लेबाजी में अधिक बदलाव की संभावना नही

## ●वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतिम वनडे आज



**भाषा।** पोर्ट ऑफ स्पेन

**श्रृंखला पहले ही** अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरत कर क्लीन स्वीप करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। भारत ने रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे प्रारूप में लगातार 12वीं श्रृंखला जीतकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया था। यह किसी एक टीम का किसी एक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारतीय कोच राहुल द्रविड़ इस मैच में कुछ नए खिलाड़ियों को आजमा सकते हैं लेकिन वह जीत की लय बरकरार रखने के लिए टीम संतुलन बनाए रखने पर जोर देंगे। बल्लेबाजी विभाग में शुभमन गिल पर रुतुराज गायकवाड को प्राथमिकता मिलने की संभावना नहीं है। गिल ने पिछले दो मैचों में 64 और 43 रन की दो उपयोगी पारियां खेली थी। गायकवाड को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पूरी श्रृंखला में खेलने का मौका मिला था जहां वह तेज गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए थे। श्रेयस अय्यर और संजू सैमसन ने भी पिछले मैच में अर्धशतक जमाए थे जबकि सूर्यकुमार यादव को पहले दो मैचों में नाकामी के बावजूद एक और मौका दिया जा सकता है। ऐसे में ईशान किशन को बाहर ही बैठना पड़ेगा। रविंद्र जडेजा को इस श्रृंखला के लिए शिखर धवन के साथ उप कप्तान बनाया गया था और ऑलराउंडर के रूप में वह पहली पसंद थे लेकिन घुटने की चोट के कारण व पहले दो मैचों में नहीं खेल पाए थे। यह भी सुनिश्चित नहीं है कि जडेजा तीसरे मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे या नहीं क्योंकि उनकी अनुपस्थिति में अक्षर पटेल ने दूसरे मैच में 64 रन की नाबाद पारी खेलकर भारत को जीत दिलाई थी।

## टी20 विश्व कप के दबाव से निपटने में अपटन भारतीय टीम की करेंगे मदद

नई दिल्ली। भारतीय टीम को 2011 मे विश्व चैम्पियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले मेंटल कंडीशनिंग कोच (मानसिक अनुकूलन कोच) पैडी अपटन ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप से पहले एक बार फिर राष्ट्रीय टीम मे शामिल होंगे। अपटन से अल्पकालिक करार किया गया है और वह मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की सहयोगी स्टाफ की टीम मे शामिल होंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने गोपनीयता के शर्त पर कहा, हां पैडी वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार के तीसरे मैच से वनडे टीम मे शामिल होगे और ऑस्ट्रेलिया मे टी20 विश्व कप के अंत तक बने रहेंगे।

## श्रीलंका का बड़ी बढ़त के साथ पाक पर शिकंजा

**भाषा।** गॉल

**रमेश मेंडिस** (47 रन पर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में पांच विकेट पर 176 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। खराब रोशनी के कारण दूसरे दिन का खेल 19 ओवर पहले रोकना पड़ा। स्टंप्स के समय श्रीलंका की कुल बढ़त 323 रन की हो गई है और उसके पांच विकेट बचे हुए हैं। पाकिस्तान के गेंदबाजों ने दूसरी पारी में नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए लेकिन कप्तान करुणारत्ने और धनंजय ने छठे विकेट के लिए 59 रन की अटूट साझेदारी कर श्रीलंका की बढ़त को 300 रन के पार पहुंचा दिया। पाकिस्तान ने पिछले मैच में इसी मैदान पर 342 रन के लक्ष्य का चार विकेट रहते हुए पीछा किया था ऐसे में श्रीलंका की टीम अपनी बढ़त को काफी बड़ा करना चाहेगी।